सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
03.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 288

12 इंडी गठबंधन ने वोट जेहाद के लिए उकसाया

## न्यूज डायरी

### झारखंड की सलीमा टेटे बनीं भारत की कप्तान

**नयी दिल ली, रांची।** राष्ट्रीय महिला हॉकी में झारखंड ने एक बार फिर से अपना दबदबा कायम रखा है। एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला हॉकी टीम की कमान झारखंड की सलीमा टेटे को दी गयी है। नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान होंगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।

### रांची से यशस्विनी छह को करेंगी नामांकन

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पार्टी विधायक दल नेता आलमगीर आलम, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और कई मंत्री और विधायक शामिल होंगे।

### हेमंत की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी।

### उमर अब्दुल्ला ने बारामूला से भरा पर्चा

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला संसदीय सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की सभी छह सीटें जीतेंगीं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 84000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## रांची में संजय सेठ के नामांकन सभा में बोले पुष्कर सिंह धामी

# तुष्टिकरण का जहर घोल रही कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेसी गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। श्री धामी रांची के मोरहाबादी में एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन आपका हक और अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। उन्होंने कहा कि पहले भारत कमजोर हाथों में था, लेकिन अब कमान मजबूर नहीं मजबूत हाथों में है। अपने 10 साल के कार्यकाल में पीएम मोदी ने देश का गौरव दुनिया में बढ़ाया है। मोदी ने पीएम नहीं एक अभिभावक के रूप में देश और देश के नागरिकों की चिंता की। जनहित में अनेक योजनायें चलायीं जो गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है। दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है। झारखंड के एक पूर्व सीएम भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं। कांग्रेस ने 60 साल तक देश के गरीबों की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरियां भरी। उन्होंने कहा कि संजय सेठ पिछले चुनाव से ज्यादा वोट लाकर इस बार चुनाव जीतने वाले हैं।



### कांग्रेस तुष्टिकरण की जनक : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब पीएम मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं, तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी जब अपनी तीसरी पारी शुरू करेंगे, तब पूरे देश से परिवारवादी दलों का सफाया हो जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को 5 साल का मौका दिया, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण 4 साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी।

### राम को ठुकराने वालों को जनता ठुकरा देगी : संजय सेठ

रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर पीएम मोदी ने बदली है। उन्होंने रकहा कि जिन लोगों ने राम को ठुकराया है, जनता उन्हें इसबार देशभर में ठुकरा देगी। मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी है। झारखंड की जनता ने भी गारंटी दे दी है कि वह 14 के 14 सीट एनडीए को देगी। इंडी गठबंधन के लोग डर गये हैं। उनको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग पर विश्वास ही नहीं है। सिर्फ गांधी परिवार के दो.तीन लोगों पर ही विश्वास है। इस अवसर पर एनडीए के दर्जनों नेता उपस्थित थे।

### चंपाई सोरेन को विदाई देने की तैयारी : सुदेश

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए की पूरी सेना झारखंड की 14 सीटों पर तत्परता से काम कर रही है। रांची सीट से हमारी जीत तय है। साल में नरेंद्र मोदी ने देश के लिये काफी काम किया। वे अब तक यह तय नहीं कर पाये हैं कि मोदी के सामने उनका नेता कौन होगा। इंडिया गठबंधन का बाराती पूरी तरह तैयार है। लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा है। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सोरेन परिवार को झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री ही चाहिए लेकिन वह आदिवासी मुख्यमंत्री अपने ही घर का होना चाहिये। यही कारण है कि अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विदाई देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

## रांची में आज मोदी का रोड शो

- कोल्हान में आज और पलामू में कल पीएम की जनसभा
- रात्रि विश्राम राजभवन में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चुनावी समर में पीएम मोदी की शुक्रवार से ताबड़तोड़ चुनावी सभा होने वाली है। पीएम मोदी तीन मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी रांची में रोड शो करेंगे। इससे पूर्व शुक्रवार को ही मोदी चाईबासा में भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से रांची लौटकर यहां रोड शे करेंगे। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन चार मई को पलामू और लोहरदगा में उनकी चुनावी सभा निर्धारित है। गुरुवार की देर शाम पीएम मोदी के झारखंड दौरे को ले कर भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं की अहम बैठक में चर्चा की गयी। पार्टी नेता आदित्य साहू ने मीडिया को बताया 3 मई को शाम 4 बजे प्रधानमंत्री रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे राजभवन जाने के क्रम में बिरसा मुंडा राजपथ पर मोदी के स्वागत में हजारों लोग फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत करेंगे। इस दौरान भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक, गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातु रोड चौक तक पीएम का रोड शो होगा। इसे ले कर



सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पीएम के दौरे को लेकर रास्ते में बैरिकेडिंग की जा रही है। बैठक में बाबूलाल मरांडी, आदित्य साहू, संजय सेठ, सीपी सिंह, समरी लाल, आरती कुजूर, विजयवर्गीय, रमेश सिंह, प्रतुल शाह देव समेत तमाम नेता मौजूद थे। उपस्थित थे।

### नो ड्रोन जोन घोषित

पीएम के आगमन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने गुरुवार को जारी आदेश में ड्रोन रूल 2021 और डिजिटल स्काई पोर्टल केडी के तहत रांची में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है।

## धनबाद में अनुपमा सिंह के नामांकन सभा में बोले सीएम चंपई

# केंद्र की तानाशाही रोकने का यही मौका

- दस साल में मोदी ने जनता को सिर्फ छला
- मोदी अपने प्रत्याशी का बैकग्राउंड भी देखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा गया। सीएम ने लोगों से कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार को हटाने का यही मौका है। संविधान को बचाना है, केंद्र सरकार की तानाशही को रोकना है तो भाजपा को हराना ही होगा। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में मोदी सरकार ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया है। वह गोल्फ ग्राउंड में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि निश्चित रूप से झारखंड में इंडिया गठबंधन सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगा। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी का परिवार जीवन भर मजदूरों के लिए संघर्षरत रहा है। अनुपमा सिंह की जीत से उन सभी मजदूरों को उनका हक और न्याय मिलेगा। वही मोदी को धनबाद से अपने प्रत्याशी का बैकग्राउंड भी देखना चाहिए।

### दस साल का कच्चा चिट्ठा खोला



जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने मोदी सरकार के दस वर्षों का कच्चा चिट्ठा खोला। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में इस सरकार ने जनता को छलने का काम किया हैं। मोदी जी के कार्यकाल में महंगाई आसमान छूने लगी है। रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल महंगे हो गए। केंद्रीय एजेंसियों के सहारे विपक्षी दलों के नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसी के शिकार हुए है। जनसभा में आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत सभी नेताओं ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

**मोदी की गारंटी पर साधा निशाना:** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा मोदी की गारंटी की बात करती है। जो लोग मोदी की गारंटी की बात करते हैं, सांसद बनने के बाद उन्होंने क्या किया। धनबाद के सांसद ने एक ईंट भी लगाने का काम नहीं किया है। ये लोग जुमलेबाज के नाम पर वोट मांगते हैं। वहीं देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है।

### पानी भरे टाप में गिरने से मासूम की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना के गरहाई में डेढ़ साल के मासूम बच्चा की पानी भरे टाप में गिर जाने से मौत हो गयी। बच्चे की पहचान कोडरमा के ग्राम गराहाई निवासी शिबू यादव के पुत्र आयुष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह एक टाप में पानी भरा हुआ था। बच्चा खेलने के दौरान उसी में गिर गया। टाप में लगभग एक घंटा रह जाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने देखा तो कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### अमेठी से राहुल के नाम ऑनलाइन पर्चा खरीदा गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अमेठी लोकसभा सीट ार कांग्रेस से कौन लड़ेगा, इस सस्पेंस से पर्दा लगभग उठ गया है। 3 मई को नामांकन का अंतिम दिन है। राहुल गांधी के नाम से ऑनलाइन नामांकन पत्र खरीदे जाने की जानकारी सामने आयी है। शुक्रवार दोपहर वो नामांकन करने अमेठी पहुंचेंगे। पार्टी ने राहुल गांधी के नामांकन की तैयारियां शुरू हो कर दी है। अमेठी को गांधी परिवार की कर्मभूमि मानी जाती है। इस सीट पर लंबे समय तक गांधी परिवार का कब्जा रहा है। संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और फिर राहुल गांधी ने अमेठी का प्रतिनिधित्व लोकसभा में किया है। अब तक हुए 16 लोकसभा चुनाव और दो उपचुनाव में कांग्रेस ही यहां से जीती, लेकिन 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस और गांधी परिवार को गहरी चोट देने वाला रहा।

### आनर किलिंग : बहन के ससुर की हत्या, गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपनी बहन के अंतरजातीय विवाह से नाराज होकर उसके ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी।

मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात पलामू में छतरपुर में हुई। एक युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी बहन के ससुर की हत्या कर दी। वह अपनी बहन के अंतरजातीय विवाह से नाराज था।

### सड़क हादसे में होमगार्ड जवान समेत चार की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** चतरा और रांची के बॉर्डर पर स्थित पिपरवार के बेलवाटांड चौक पर बुधवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में होमगार्ड जवान पंकज कुमार सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत गयी। एक बच्चा बुरी तरह से घायल है। मृतकों में उनकी पत्नी और दो बच्चे भी हैं। सभी एक ही परिवार के हैं। होमगार्ड जवान पंकज कुमार चतरा जिले में तैनात थे। वह अपनी पत्नी गुड़िया देवी और अपने बच्चों के साथ एक ही बाइक पर सवार हो कर पिपरवार लौट रहे थे। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक पर सवार चार लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में उनका एक पुत्र गंभीर रूप से घायल है। रिम्स में उसका इलाज चल रहा है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के लोग उसकी देखभाल कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे।

# झूठ का असर नहीं होने से हैं आप हताश और चिंतित

## मोदी को खडगे का पत्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि राजग उम्मीदवारों को जनता से संवाद करने के लिए आपने जो पत्र लिखा है उससे जाहिर होता है कि वह हताश और चिंतित हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आपने (मोदी) जो झूठ परोसा है इसका असर नहीं हो रहा है इसलिए वह उम्मीदवारों से भी झूठ बुलवाना चाहते हैं।

श्री खडगे ने कहा मैंने राजग के उम्मीदवारों को लिखा आपका पत्र देखा जिसमें आपने उन्हें बताया है कि मतदाताओं से क्या संवाद करना है। पत्र के लहजे और विषयवस्तु से ऐसा लगता है कि आप बहुत हताश और चिंतित हैं। इसलिए आप ऐसी भाषा के उपयोग के लिए उन्हें कह रहे है लेकिन यह भाषा पीएमओ के लिए उपयुक्त नहीं है। पत्र से यह भी प्रतीत होता है कि आप जो चाहते हैं आपके भाषणों में परोसे जा रहे झूठ



का वैसा असर नहीं हो रहा हैं। ऐसे में आप अब चाहते हैं कि राजग उम्मीदवार आपके झूठ को बढ़ाएं, लेकिन एक झूठ को हजार बार दोहराने से वह सच नहीं बन जाता। श्री खड़गे ने अपने पत्र में लिखा है कि मतदाता इतने समझदार हैं कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में क्या लिखा है और हमने क्या गारंटी का वादा किया है, वह खुद पढ़ और समझ रहे हैं। हमारी गारंटी इतनी सरल और स्पष्ट है कि हमें उन्हें समझाने की जरूरत ही नहीं है। हमने आपको और गृह मंत्री को यह कहते सुना है कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। लेकिन पिछले 10 वर्ष में हमने आपके और आपके मंत्रियों द्वारा चीनियों का तुष्टिकरण देखा है जिसके कारण आप आज भी चीन को 'घुसपैठिये' नही कह पा रहे हैं। भाजपा आरएसएस को आरक्षण विरोधी बताते हुए उन्होंने लिखा, अपने पत्र में आप दावा करते हैं कि एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीन लिया जायेगा जबकि 'आरएसएस और भाजपा ने 1947 से हर चरण में आरक्षण का विरोध किया है। सब जानते है कि आरएसएस और भाजपा आरक्षण को समाप्त करने के लिए संविधान को बदलना चाहता है। आपको यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि आप संविधान के अनुच्छेद 16 के अनुसार एससी, एसटी और ओबीसी को उनकी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का विरोध क्यों करते हैं।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
सूचना

Heat Wave से बचाव के लिए औद्योगिक क्षेत्रों/प्रतिष्ठानों/खनन क्षेत्रों/शहरी क्षेत्रों/पुल निर्माण/सड़क निर्माण/भवन निर्माण/नहर निर्माण/ईंट भट्टा/क्रसर एवं मनरेगा अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों का कार्य स्थलों पर नियोजकों द्वारा निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है:–



1. कार्य स्थल पर शीतल पेयजल के लिए प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र/खनन क्षेत्र/नगरीय क्षेत्र के श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छांछ First Aid Kit with Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित कराने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत करना।
4. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
5. उच्च ताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
6. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिये जाने के संबंध में दिश–निर्देश निर्गत करना।
7. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
8. उद्योग/वाणिज्यिक संस्थानों में Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना।
9. स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य कैंप लगवाना।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat wave का भी अनुपालन किया जाना है।

PRNO 324325 (Labour Employment and Training) IPRD 24-25

# हेमंत सोरेन की प्रोविजनल बेल पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दाखिल याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज सुनवाई हो सकती है। हाईकोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन की याचिका न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। दरअसल 30 अप्रैल को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के इस आदेश को हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने अपनी अपील में हाईकोर्ट से एक दिनों की प्रोविजनल बेल मांगी है। याचिका में उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। बता दें कि शनिवार की सुबह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन (गुरु जी) के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन हो गया था।

**हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर अब कल होगी सुनवाई**

बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन अदालत में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से बहस की गई। ईडी के वकील ने जमानत का विरोध किया। जबकि याचिकाकर्ता के वकील ने जमानत देने का अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों को मामले में लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, सुनवाई की अगली तारीख चार मई निर्धारित की गई है। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है।

**हेमंत सोरेन सहित आठ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी** : ईडी कोर्ट ने बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में शामिल पूर्व सीएम हेमंत सोरेन समेत आठ की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। गुरुवार को वीसी के माध्यम से पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, भामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय एवं इरशाद अख्तर की न्यायिक हिरासत अवधि 16 मई तक बढ़ा दी है। अगली पेशी 16 मई को वीसी से होगी।

## 30 अप्रैल तक झारखंड में आचार संहिता उल्लंघन के 41 मामले दर्ज

# झारखंड में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में रांची, पलामू व हजारीबाग टॉप पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना के बाद से 30 अप्रैल तक झारखंड में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 41 मामले दर्ज हुए हैं। इसमें सबसे अधिक पलामू, हजारीबाग और रांची में 6-6 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं धनबाद में 5, सरायकेला खरसावां में 4, गढ़वा और गिरीडीह में 3-3, सिमडेगा में 2 और साहेबगंज व खूंटी में 1-1 मामले दर्ज हुए हैं।

**जिलों में मामले**

| जिला | केस संख्या |
|---|---|
| पलामू | 6 |
| खूंटी | 1 |
| हजारीबाग | 6 |
| रामगढ़ | 1 |
| सरायकेला खरसावां | 4 |
| गढ़वा | 3 |
| रांची | 6 |
| पूर्वी सिंहभूम | 3 |
| गिरिडीह | 3 |
| धनबाद | 5 |
| सिमडेगा | 2 |
| साहेबगंज | 1 |
| कुल | 41 |

*भारतीय चुनाव आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कुछ नियम बनाए हैं। इन नियमों को ही आचार संहिता कहा जाता है। नियम के मुताबिक कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करता है।*

**आचार संहिता के प्रमुख नियम**

- आचार संहिता लगने के बाद किसी भी तरह की सरकारी घोषणाएं, परियोजनाओं का लोकार्पण, योजनाओं की घोषणा, शिलान्यास या सरकारी भूमिपूजन के कार्यक्रम नहीं किया जा सकता।
- किसी भी पार्टी, प्रत्याशी या समर्थकों को रैली या जुलूस निकालने या चुनावी सभा करने से

### क्या है आदर्श आचार संहिता

पहले पुलिस से अनुमति लेनी होगी।
- इस दौरान चुनाव आयोग की इजाजत के बिना किसी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का तबादला नहीं किया जा सकता है।
- सरकारी विमान, सरकारी गाड़ी, सरकारी बंगले का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता है।
- कोई भी प्रत्याशी, राजनीतिक दल जाति या धर्म के आधार पर मतदाताओं से वोट नहीं मांग सकता न ही वह ऐसी किसी गतिविधि में शामिल हो सकता है, जिससे धर्म या जाति के आधार पर मतभेद या तनाव पैदा हो।
- बिना अनुमति के किसी की जमीन, घर, परिसर की दीवारों पर पार्टी के झंडे, बैनर आदि नहीं लगाए जा सकते।
- वोटरों को शराब या पैसे बांटने पर मनाही होती है।
- मतदान के दौरान मतदान बूथों के पास राजनीतिक दल और उम्मीदवारों के शिविर में भीड़ इकट्ठा न हों।
- मतदाताओं को पैसे देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, फर्जी वोट डलवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, मतदान से पहले प्रचार बंद हो जाने के बाद भी प्रचार करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए वाहन उपलब्ध कराना भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में आते हैं।

# सरकारी विद्यालयों में पाठ्य सामग्री वितरण पर रोक नहीं : के रवि कुमार

**गांडेय विस उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने भरा नामांकन पत्र**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज-5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 5, धनबाद से 8, रांची से 6 और जमशेदपुर से 7 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

# ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन में तेजी लाने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के गठन में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) को भी इस मामले में प्रतिवादी बनाया जाए।

हाईकोर्ट ने झालसा के सदस्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि वह झारखंड के विभिन्न जिलों में राज्य के जवाबी हलफनामे में दी गई लाभकारी योजनाओं की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के सचिवों से रिपोर्ट मांगते हुए हलफनामा दायर करें।

दरअसल झारखंड ट्रांस कलेक्टिव संस्था की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन और ट्रांसजेंडरों के कल्याण के लिए योजना लागू करने की मांग की गई है। जिसमें कहा गया है कि पांच वर्ष पूर्व ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) नियम 2019 के अधिनियमन के बावजूद कल्याण बोर्ड का गठन अब तक लंबित है।

**5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर का मामला**

# सरकार का जवाब सटीक नहीं तो स्वास्थ्य सचिव को होना होगा हाजिर : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिये स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि शपथ पत्र तैयार है लेकिन दायर नहीं किया जा सका है। सरकार की ओर से मौखिक रूप से झारखंड में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया। साथ ही कोर्ट को अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में सांप काटने की दवा उपलब्धता शून्य बताई गई।

कोर्ट को मौखिक रूप से बताया गया कि देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की तुलना में झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर करीब 2% कम है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में बच्चों की मृत्यु दर में देश की तुलना में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। झारखंड सरकार को बच्चों की मृत्यु दर का यह आंकड़ा शून्य पर लाने का प्रयास करना होगा। सरकार के आंकड़ों पर असंतुष्टि जताते हुए कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगली सुनवाई में राज्य सरकार का अगर सटीक शपथ पत्र नहीं आता है तो स्वास्थ्य सचिव को कोर्ट में हाजिर होना होगा।

कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मई को राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि पीएचसी एवं सीएचसी में कितने विशेषज्ञ चिकित्सक हैं इसकी भी जानकारी दें। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर हैं? यहां कितने पद स्वीकृत है और कितने पद अभी खाली पड़े हैं, इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर दवाओं की क्या व्यवस्था है, इनके भवन कितने साल पुराने और भवन अभी किस स्थिति में है।

**अग्रवाल बंधु हत्याकांड**

# लोकेश चौधरी को हाई कोर्ट से जमानत नहीं

**रांची।** लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में मुख्य साजिशकर्ता सजायफ्ता लोकेश चौधरी की क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। इसमें लोकेश ने कोर्ट से जमानत देने का आग्रह किया था। हाई कोर्ट ने जमानत के आग्रह को नामंजूर करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अदालत ने जून 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र तिवारी को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। लोकेश ने निचली अदालत द्वारा सुनाई सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

**क्या है मामला** : लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपी लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (जिला निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित्त जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर निम्न सामग्रियों की आवश्यकता है:-

1. वाटर टैंक (तीन लेयर) 1000 लीटर
2. ए0बी0सी0 पाउडर अग्निशामक यंत्र 6 किग्रा0 (अधिष्ठापन सहित)
3. कार्बन डाईऑक्साईड अग्निशामक यंत्र 4.5 किग्रा0 (अधिष्ठापन सहित)
4. पानी टैंकर प्रति ट्रिप/प्रतिदिन का किराया

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता/एजेंसी दिनांक 04.05.2024 तक जिला निर्वाचन शाखा, कोडरमा में उपरोक्त सामग्री/कार्य का कोटेशन जमा कर सकते है।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.324305 Election(24-25):D



**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

MY VOTE IS MY FUTURE | चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**:-आम सूचना:-**

रामगढ़ नगर परिषद के सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपना वित्तीय वर्ष 2024-25 का होल्डिग टैक्स 12.5 % छुट के साथ 30 जून 2024 तक रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय में या जन सुविधा केन्द्र में जमा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा 30 जून 2024 के बाद प्रत्येक माह 1% दर से ब्याज देय होगा। छूट की विवरणी निम्न है:-

Till 1st April 2024 to 30th June 2024

| Category | Door to Door Rebate | कार्यालय में जमा करने पर छूट | Online जमा करने पर छूट |
|---|---|---|---|
| Residential House Hold/Vacant land Owner अगर यह Ladies, Senior Citizen, Armed force, Physical handicapped, Transgender | 10 % | 12.50 % | 15 % |
| Other Holding Owner | 5 % | 7.50 % | 10 % |

"आपका मत आपकी ताकत, मतदान आवश्य करें।"

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़

PR 324278 District(24-25).D



**समाहरणालय सिमडेगा**
dprosimdega@yahoo.in
(डाक मतपत्र कोषांग)

**संशोधित आदेश**

लोक सभा आम चुनाव 2024 में के लिये 11-खूँटी (ST) लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत 70-सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र एवं 71-कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत मतदान की तिथि (13.05.2024) को मतदान कार्य में संलग्न रहने (Voter on Election Duty) के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित सभी मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :-

| क्र0सं0 | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का नाम | मतदान की तिथि | मतदान का समय | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला महाविद्यालय सलडेगा, सिमडेगा। | 03.05.2024 से 06.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | DPRO. Simdega-6201704006 C.O Bolba- 8340626904 Shiv Sankar Pandey-8340769255 & PB Cell Member |
| 2 | पुलिस केन्द्र सिमडेगा। | 03.05.2024 से 06.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | D.S.P.(HQ)-8797744205 DAHO.Simdega-9523176574 C.O Kurdeg -8084757425 Saurabh Kumar BTM-7978959043 & PB Cell Member |
| 3 | 70-सिमडेगा (अ0ज0जा0) विधान सभा-सह- अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमडेगा का कार्यालय। | 10.05.2024 से 11.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | SDO Simdega - 9472725980 Sujeet kushwaha BTM-7488729685 & PB Cell Member |
| 4 | 71-कोलेबिरा, (अ0ज0जा0) विधान सभा-सह- अपर समाहर्त्ता सिमडेगा का कार्यालय समाहरणालय सिमडेगा। | 10.05.2024 से 11.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | C.O Kurdeg -8084757425 Dileep Kumar-7258022864 Kalpna Topno-6299092616 & PB Cell Member |
| 5 | सिमडेगा महाविद्यालय सिमडेगा। (Dispatch Centre) | 12.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | C.O Kolebira-8809815791 All Cell Members |

अतः उक्त परिपेक्ष में Facilitation Centre में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि वे उपर्युक्त तालिका में अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-
- उपायुक्त, सिमडेगा

PR 324280 Simdega(24-25).D


# सात मई की शाम 6 बजे से दो घंटे के लिए चलेगा # मैं भी इलेक्शन एंबेस्डर सोशल मीडिया कैंपेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से बैठक की। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को शाम 6 बजे से 8 बजे तक # मैं भी इलेक्शन एंबेस्डर सोशल मीडिया कैंपेन में राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अपलोड करें और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को टैग करें।

उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ये हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप संबंधी कई गतिविधियां कराई जा रही है। इन बच्चों द्वारा क्विज कॉम्पिटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन जैसे रोचक, मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरुकता फैलाने का कार्य किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। साथ ही साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को मैं भी इलेक्शन एंबेसडर जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में उन्हें तैयार कर सकेंगे। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे।

ऑनलाइन बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव : झारखंड में पांचवें चरण को 42 व छठे चरण को 26 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**पांचवां चरण : नामांकन का आज आखिरी दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को झारखंड में कुल 29 नॉमिनेशन हुए। वहीं गांडेय विस उपचुनाव के लिए 3 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस को बताया कि अब तक झारखंड में पांचवें चरण के लिए 42 व छठे चरण के लिए 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड के 24 जिलों से आचार संहिता लागू होने के बाद से नकद राशि सहित शराब जब्त की गयी है। यह राशि 72 करोड़, 37 लाख आंकी गयी है। पिछले 24 घंटों में 1.6 करोड़(शराब की कीमत शामिल) सीज किये गये। इनमें 38 लाख कैश जब्त किये गये हैं।

**चतरा से 8, कोडरमा से 4 और हजारीबाग से 5 प्रत्याशियों का नॉमिनेशन** : पांचवें चरण के लिए गुरुवार को झारखंड की लोकसभा सीट चतरा से 8, कोडरमा से 4 और हजारीबाग से 5 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया. अब तक चतरा में 20, कोडरमा में 11 व हजारीबाग में 11 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक 7 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

**गिरिडीह से 2, धनबाद से 3, रांची से 4 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया** : छठे चरण के लिए गुरुवार को झारखंड में लोकसभा सीट गिरिडीह से 2, धनबाद से 3, रांची से 4 और जमशेदपुरसे 3 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में 5, धनबाद में 8 ,रांची में 6 व जमशेदपुर में 7 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। पांचवे चरण में नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई और छठे चरण के लिए 6 मई है।

# झारखंड जल्द कालाजार मुक्त राज्य बनेगा : अजय कुमार सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति को समझने के लिए रांची में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में तीन दिवसीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार की निदेशक डॉ. तनु जैन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, झारखंड के निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य डॉ. सीके साही, झारखंड के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीरेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

श्री सिंह ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देश पर कालाजार रोग के उन्मूलन के लिए ग्राम स्तर तक किये गए सार्थक प्रयासों का परिणाम है कि राज्य में वर्ष 2023 में सभी जिलों ने कालाजार उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। हमें इस स्थिति को बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए रणनीति बनाया जाना महत्वपूर्ण है।

**एआई की ली जाएगी मदद** : कालाजार संबंधी जानकारी और इससे बचने के उपायों को आबादी के अंतिम पायदान तक ले जाना है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के माध्यम से कालाजार की स्थिति को बेहतर तरीके से जान सकते हैं। इस बैठक में जो भी सुझाव आयेंगे, उन्हें कालाजार उन्मूलन की रणनीति में शामिल किया जायेगा। कालाजार प्रभावित क्षेत्रों के कच्चे मकानों में पाये जाने वाली दरारों को प्लास्टर के माध्यम से भरने का प्रयास किया जायेगा, ताकि बालू मक्खी के प्रजनन को रोका का सके। कार्यशाला में डॉ कृष्ण पाण्डेय, डॉ बदरी थापा, प्रो. श्याम सुंदर, क्षेत्रीय निदेशक और झारखंड, यूपी, प. बंगाल एवं बिहार के स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद थे।




### पोलियो की तरह कालाजार भी खत्म होगा

निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं झारखंड, डॉ सीके साही ने कहा कि कालाजार उन्मूलन मोड में है। उन्होंने कहा कि जैसे हमने चेचक, पोलियो को खत्म किया है। वैसे ही हम कालाजार को भी खत्म करेंगे। इसके लिए राज्य और जिला स्तर से हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। दुमका जिले में 2023 में कालाजार के नियंत्रण के क्षेत्र में सफलता एवं उपलब्धियों से संबंधित सफल कहानियों की पुस्तिका का इस अवसर पर प्रधान सचिव द्वारा विमोचन भी किया गया।

### बालू मक्खियों के प्रजनन को नियंत्रित करें

डॉ. तनु जैन ने कहा कि सभी राज्यों ने कालाजार उन्मूलन के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में जो प्रगति की है वह प्रशंसनीय है लेकिन इस स्थिति को ऐसे ही बनाए रखना आवश्यक है, ताकि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा देश को कालाजार मुक्त घोषित किया जा सके। इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि कालाजार प्रभावित क्षेत्रों में बालू मक्खियों के प्रजनन को नियंत्रित करें और सभी प्रखंडों में प्रति 10000 की आबादी पर 1 से कम कालाजार के केसेस की स्थिति को बनाए रखें। राज्य के अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन आलोक त्रिवेदी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को पूरी तरह प्राप्त करने के लिए सुनियोजित कार्य योजना बनाकर कालाजार से प्रभावित गांवों के हर घर में कीटनाशी छिड़काव (आईआरएस) सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि बालू मक्खी का खात्मा कर इस रोग के प्रसार को रोका जा सके।

सुप्रभात

शुक्रवार 03.05.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 13

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा ने किया नामांकन, जनसभा में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को सीधे बेरमो से समाहरणालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान अनुपमा सिंह के साथ उनकी सास, पति अनूप सिंह और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौजूद थी। अनुपमा सिंह के नामांकन के दौरान मेमको मोड़ में उनके कार्यकर्ताओं का हुजूम देखने को मिला। इसके साथ ही समाहरणालय के बाहर भी कार्यकर्ता तपती गर्मी में पसीना बहाते नजर आए।

### जिस पर 51 मुकदमे दर्ज, उसे भाजपा ने दिया टिकट : अनूप

बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि महागठबंधन ने उनकी पत्नी को प्रत्याशी बनाकर महिला सशक्तीकरण की दिशा में काम किया। उन्होंने मंच से धनबाद के पूर्व सांसद शंकर दयाल सिंह, एके राय, ददई दुबे, रामनारायण शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि इन लोगों ने पद की गरिमा बनाए रखी। मतदाता सांसद के रूप में ऐसे व्यक्ति को चुनते हैं जो उन्हें दो वक्त की रोटी और रोजगार दे सके। लेकिन धनबाद के लिए भाजपा ने ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया है, जिसपर 51 मुकदमे दर्ज हैं। अमित शाह उम्मीदवार को देखने थोड़े आएंगे। उन्होंने बताया कि यह लड़ाई बाहरी भीतरी की नहीं, बैकवर्ड फॉरवर्ड की नहीं, बल्कि संविधान बचाने की है। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि यह सीट जीतकर महागठबंधन का सर ऊंचा करेंगे।

### यह नामांकन ससुर जी को समर्पित : अनुपमा

सांसद प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि उन्होंने मजदूर दिवस पर नामांकन का समय चुना, क्योंकि यह नामांकन वह अपने ससुर जी को समर्पित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। मजदूरों के लिए बेहतर कदम उठा सकें, इसके लिए यह दिन चुना। कहा की लोग वोट करें, ताकि महिलाओं के सम्मान, बच्चों के लिए शिक्षा और बुजुर्गों के लिए अस्पताल बनाने का काम कर सकें। उन्होंने कहा कि महिलाएं अच्छे दिन का इंतजार कर रही हैं। धनबाद की जनता विकास चाहती है, उन्हें परिवर्तन चाहिए। पति को विश्वास दिलाते हुए कहा कि परिणाम सिर्फ जीत ही होगा।

### तपती धूप में भी डटे रहे कार्यकर्ता

वही नामांकन के बाद कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी अनुपमा के साथ रोड शो करते हुए जनसभा में पहुंचे। कड़ी धूप में भी कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने को मिला। सड़कों पर अनुपमा जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। जनसभा में भी कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। लगभग दो से ढाई घंटे तक समाहरणालय परिसर से सिटी सेंटर तक वन वे कांग्रेसमय रहा। अनूप सिंह खुद ड्राइव कर पत्नी अनुपमा सिंह के साथ समाहरणालय से गोल्फ ग्राउंड पहुंचे। गर्म हवा और प्यास से अकुलाए लोग मैदान में डटे नजर आए।



**हमारी सरकार गंगा-जमुनी की तहजीब बनाए रखेगी : आलम**

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि उनकी सरकार गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखने का काम करती है। कहा कि धनबाद मजदूर का क्षेत्र है, जो मजदूरों की आवाज उठाएगा, यहां से जीतकर जाएगा।



**कांग्रेस ने साफ सुथरी छवि का प्रत्याशी दिया : पूर्णिमा**

झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने साफ सुथरी छवि की प्रत्याशी आपके समक्ष खड़ा किया है। लोग पूछते हैं कि आप ने क्या दिया है, तो कहना है कि अनुपमा जैसा प्रत्याशी दिया है। निर्णय लोगों को लेना है कि किसको चुनते हैं।

### मंच पर ये थे मौजूद

सभा में मंत्री बादल पत्र लेख, आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, गिरिडीह लोकसभा के प्रत्याशी मथुरा महतो, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर,जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, वैभव सिन्हा और इंडिया गठबंधन के तमाम नेता मौजूद थे। मंच संचालन अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा ने किया।

### कोयलांचल की आवाज बनेगी अनुपमा : महुआ

राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी ने कहा कि जिस तरह राजेंद्र प्रसाद जी जन समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहे, उसी तरह सांसद प्रत्यासी अनुपमा सिंह भी कोयलांचल की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि अपने ससुर और पति के पद चिन्हों पर चलेगी और धनबाद का विकास होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति लोगो में आक्रोश है। कब तक धर्म और जाति के नाम पर लड़ाकर भाजपा राजनीति करती रहेगी। कहा लोग विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री का एक ही चेहरा है और इंडिया गठबंधन के पास कई चेहरे हैं। इस बार यह गठबंधन झारखंड में 14 सीटोंपर विजयी होगा।

---

स्पीड न्यूज

## मधुबन वाशरी में मजदूर दिवस मनाया गया



**कतरास।** बीसीकेयू द्वारा मधुबन कोल वाशरी में मजदूरों के बीच मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जे के झा, (केंद्रीय सचिव) ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिवस मजदूरों के त्याग, तपस्या और बलिदान की याद में मनाया जाता है। मजदूरों को अपने अधिकार के लिए सदा सचेत रहना चाहिए। इस अवसर पर यूनियन के सचिव धनंजय महतो, अध्यक्ष सीताराम कर्मकार, मनोज सेन, सुरेश महतो, नरेश महतो, मोहन रवानी, संतोष महतो, मुन्ना सिंह, लक्ष्मण गोप, के एम राव, हराधन दास, सुनील सोरेन, संतोष रजक सहित कई मजदूर मौजूद थे।

## कतरास में जलापूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान

**कतरास।** कतरास में जलापूर्ति बाधित होने से भीषण गर्मी में परेशानी उत्पन्न हो गई है। मालूम हो कि कतरास के शहरी क्षेत्र में तोपचांची झील से पाइप लाइन के जरिये पानी आता है। कतरास के लोग पानी के लिए तोपचांची झील के पानी पर ही निर्भर हैं। बताते हैं कि झील में जरा भी समस्या हो तो जलापूर्ति ठप हो जाती है। बताते हैं तोपचांची झील में जमे गाद की सफाई नियमित नहीं होने से बरसात का पानी सही ढंग से जमा नहीं हो पाता है। इस कारण कतरास में जलापूर्ति बाधित हो जाती है। कतरास के लोगों के अनुसार हर साल गर्मी के मौसम में जलापूर्ति ठप हो जाने से त्राहिमाम मच जाता है। कतरास के चारों ओर स्थित बीसीसीएल के खदानों में जमा पानी कतरास के लोगो को मुहैया कराने से थोड़ी राहत मिल सकती है, परन्तु बीसीसीएल कोई पहल नहीं करता है।

## राकेश रोशन ने संभाला डालसा सचिव का प्रभार



**धनबाद।** धनबाद के अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने एक मई को जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सचिव का पदभार अवर न्यायाधीश निताशा बारला से ग्रहण किया। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश पर न्यायाधीश निताशा बरला ने सिविल जज सीनियर डिवीजन का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय धनबाद में डालसा सचिव राकेश रोशन का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया, निताशा बारला को गुलदस्ता देकर विदाई दी गई। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सुमन पाठक, स्वाति कुमारी, मुस्कान समेत अन्य लोग मौजूद थे। सभी ने दोनों न्यायिक पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ईसीआर कर्मचारी यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के धनबाद शाखा दो व लाइन शाखा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में मजदूर दिवस मनाया। वक्ताओं ने रेलवे में श्रमिकों के योगदान व उनकी महत्ता पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर झंडोत्तोलन किया गया। उपस्थित सभी कर्मचारियों को मई दिवस का बैच लगाया गया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष, एन के खवास, आर के सिंह, सोमेन दत्ता, एसबी सिंह, एम के मुकेश, अभिषेक कुमार, परमेश्वर कुमार, नीतीश कुमार, फिरोज अंसारी, इजहार आलम, सुजाता देवी, रुचि कुमारी, शहनाज परवीन बिंदु देवी रीना कुमारी आदि मौजूद थे।

---

# अभाविप धनबाद महानगर इकाई का हुआ पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला कार्यालय में अभाविप महानगर इकाई का पुनर्गठन किया गया, जिसमें प्रांत छात्रा सह प्रमुख आयुषी गुप्ता, प्रांत विश्वविद्यालय सह संयोजक शिवम रवानी, विभाग संयोजक शिवम सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में इकाई का पुनर्गठन के साथ नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। महानगर अध्यक्ष के दायित्व में डॉ सुजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष गौरी शंकर, धनंजय झा, धनंजय पाठक, मनोज मंडल, धीरज सर बने। महानगर मंत्री सत्यम कुमार गुप्ता, महानगर सह मंत्री कुणाल, प्रेम



महतो, राज गुप्ता, नेहा भारती, कोष प्रमुख पियूष ठाकुर, कार्यलय मंत्री प्रियांशु ठाकुर, एसएफएस प्रमुख हर्ष वर्णवाल, एसएफएस सह प्रमुख प्रशांत कुमार, एसएफडी प्रमुख शिल्पी कुमारी, एसएफडी सह प्रमुख सौरव दत्ता, मीडिया प्रभारी राज अश्विन, मीडिया सह प्रभारी संतोष गिरी, सोशल मीडिया प्रभारी विशाल गुप्ता, सोशल मीडिया सह प्रभारी विनय गोरई, खेलकूद प्रमुख आयुष झा, खेलकूद सह प्रमुख पवन गुप्ता, +2 कार्य प्रमुख आदर्श पांडे, +2 कार्य सह प्रमुख पायल ठाकुर, आयुष प्रसाद, कला मंच संयोजक कनन कुमारी, कला मंच सह संयोजक वृष्टि कुमारी, महानगर कार्यकारिणी सदस्य में सौरव वैदई, आकाश यादव, चंदन यादव, चंदन सिंह, अभिमन्यु पाठक, ऋषव कुमार, आदर्श, गोलू कुमार एवं अन्य विद्यार्थियों को भी महानगर इकाई में शामिल किया गया। डॉ सुजीत प्रसाद ने सभी नवीन दायित्व कार्यकर्ताओं को बधाई दी एवं सत्र 2024-25 में और अधिक ऊर्जा से संगठन का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

## चुनाव में भाजपा जीती तो मजदूरों का अधिकार हो जाएगा समाप्त

# सभी वर्गों को गुलाम बनाने की चल रही है साजिश : एसके घोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** डीवीसी श्रमिक यूनियन के मैथन कार्यालय में बुधवार को श्रमिक यूनियन एवं अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के बैनर तले मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीवीसी श्रमिक यूनियन के शाखा अध्यक्ष केके त्रिपाठी ने झंडा फहरा कर एवं शहीद वेदी पर माल्यार्पण के साथ की। दोनों संगठन के सदस्यों ने मजदूर दिवस के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केके त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभा को संबोधित करते हुए सीआईटीयू झारखंड राज्य कमेटी के सचिव एसके घोष ने कहा कि आज केवल मजदूर वर्ग ही नहीं, बल्कि देश के किसान, महिला, छात्र, युवा आदि सभी वर्गों को गुलाम बनाने की साजिश चल रही है। सभी वर्ग पूंजीपतियों का गुलाम बनने के कगार पर है। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। इसलिए बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में जिताने का कोशिश करनी चाहिए। मौके पर डीवीसी पेंशनर्स फॉर्म के सचिव जी राम ने कहा कि भाजपा शासित केन्द्र सरकार ने श्रमिकों के तमाम अधिकारों को समाप्त करने के लिए श्रम कानून में संशोधन कर चार लेबर कोर्ट प्रस्तुत किया है। अगर 2024 लोकसभा चुनाव भाजपा जीत जाती है तो मजदूरों का अधिकार समाप्त हो जाएगा। श्रमिक यूनियन के सचिव निशीथ मुखर्जी ने मजदूर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला और वर्तमान स्थिति में मजदूरों के दायित्व व कर्तव्यों को विस्तार से बताया। कहा कि आज असंगठित क्षेत्र में मजदूरों का काम 8 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे कर दिया गया है, जो घोर अन्याय है। सभा का संचालन यूनियन के संयुक्त सचिव धर्मदेव सिंह ने किया। मौके पर दीपा विश्वास, बीआर मजूमदार, पी कविराज, कावेरी आड्या, अनिता महतो, अपर्णा रुद्रा, लतिका नाथ, सोना चक्रवर्ती, रेखा मुखर्जी, अनुराधा सिन्हा, एके बर्मन, सुशांतो मंडल, तापसी मंडल, मुन्नू मुर्मू, सुदामा शर्मा, लालजीत चटर्जी, प्रेम कुमार सिंह, रुपलाल हांसदा, अनुपम साहा, जियाउद्दीन खान, गौतम महतो, राजकुमार शर्मा, तमिज्जुद्दीन खान, महेश दत्त मिश्रा, संजय आदि मौजूद थे।

---

# डालसा ने मजदूर दिवस पर दी कई योजनाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बुधवार को डालसा ने विधिक जागरुकता शिविर लगाकर मजदूरों के लिए निर्मित विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानून की जानकारी दी।

डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 1 मई को अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर हीरापुर में जागरुकता शिविर लगाया गया। शिविर में एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर ने विभिन्न योजनाओं व कानून की जानकारी दी। श्रमिकों तथा अन्य



लोगों को संबोधित करते हुए एसएडीसीएस चीफ ने कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मजदूर, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है, जिसे ध्यान में उनके हित में बहुत सारे कानून बनाए गए हैं, जिसमें फैक्ट्री एक्ट, मिनिमम वेजेस एक्ट आदि शामिल हैं। एलएडीसीएस के सहायक नीरज गोयल ने कहा कि असंगठित मजदूर और कामगारों का लेबर कार्ड बनाया जाता है, जिससे उन्हें बहुत सारे लाभ मिलते हैं। उन्होंने कहा कि बाल श्रम कानूनी रूप से अपराध है, जिसके लिए सजा एवं जुर्माना का प्रावधान है। सहायक शैलेन्द्र झा ने कहा कि कामगारों के लिए सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने मातृत्व सुविधा योजना, अंत्योष्टि सहायता समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर अरविंद प्रसाद , योगेश कुमार, राजेश सिंह, हेमराज चौहान, डिपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी, अजित समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

---

# बेरमो विधायक अनूप सिंह ने निरसा मैथन, चिरकुंडा क्षेत्र का किया दौरा

▸▸ कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ मैदान में उतर चुके हैं और इस भीषण गर्मी में डोर टू डोर प्रचार कर खूब पसीना बहा रहे हैं। सभी अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं। गुरुवार दोपहर बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में निरसा, मैथन व चिरकुंडा का दौरा किया। सभी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वह इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता व वार्ड पार्षद से मिले और सभी को चुनाव की तैयारी में जुट जाने के लिए कहा। वह नाराज कार्यकर्ताओं से भी मिले। बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि



साल के 365 दिन जनता के लिए हमारा परिवार पसीना बहाता है। उन्होंने कहा कि जीत महागठबंधन की ही होगी। यहां के वोटर जब मतदान करने पहुंचें तो एक बार जरूर सोच लें कि कैसे प्रत्याशी का चयन करना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ता और क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह धन्यवाद देना चाहेंगे ऐसे सभी लोगों को जो पिछले तीन-चार घंटा से इस कड़ी धूप में उनके साथ हैं। मौके पर दुर्गा सोरेन, घमंडी यादव, रंजीत बाउरी, मुरली तूरी, विश्वनाथ मुखर्जी, बिट्टू मिश्रा, बाबू खान, सोनू खान, नन्हे खान, आरिफ अली सहित भारी की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

## एक नजर में

### ईसीएल मुगमा के अभिकर्ता को सीबीआई ने घूस लेते किया गिरफ्तार

**मैथन।** सीबीआई की टीम ने ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता रामप्रकाश पांडे को घूस लेते गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बुधवार की रात ईसीएल के बरमुड़ी कोलियरी के पुराना रेलवे साइडिंग के समीप हुई है। बताया जाता है कि अभिकर्ता निरसा स्थित हरियाजाम कोलियरी में कार्यरत कर्मी संजीव कुमार सिन्हा से किसी काम के एवज में एक लाख रुपये घूस मांग रहे थे। जिसकी शिकायत श्री सिन्हा ने सीबीआई से की थी। सीबीआई के अधिकारियों ने जाल बिछाया और सिन्हा को 25 हजार रुपये देकर घूस देने भेजा। उन्होंने अभिकर्ता से कहा कि वह फिलहाल 25 हजार रुपये देने में समर्थ हैं। अभिकर्ता ने उनको बरमुड़ी कोलियरी के पुराने रेलवे साईडिंग के पास बुलाया। वहां श्री सिन्हा ने जैसे ही 25 हजार रुपये अभिकर्ता को दिये, सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की इस कारवाई से ईसीएल मुगमा क्षेत्र के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि सीबीआई ने श्री पांडेय के कुमारधुबी कोलियरी के आवास एवं कार्यालय को सील कर दिया है। हालांकि इन सभी मामलों को लेकर ईसीएल का कोई अधिकारी कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है।

### एसडीपीओ एवं एआरओ ने निरसा स्ट्रॉग रूम का किया निरीक्षण



**मैथन।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला व विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी सह एआरओ जियाउल अंसारी ने संयुक्त रूप से स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निरसा पॉलिटेक्निक स्थित स्ट्रांग रूम में पर्याप्त संख्या में ईवीएम समेत अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। धनबाद पुलिस द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गई है। उन्होंने बनाये गये सीसीटीवी सर्विलांस रूम सहित सुरक्षा पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने को कहा। निरीक्षण के दौरान निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, निरसा अंचल अधिकारी इन्द्रलाल ओहदार, निरसा बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### नरेंद्र मोदी हिटलर के पैटर्न पर चल रहे हैं : चंद्रेश शुक्ला



**धनबाद।** लोकतंत्र और संविधान बचेगा तभी इस देश में पार्टियां तथा नेता रहेंगे। आज भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। संविधान का बार-बार गला घोंट रही है। भाजपा सरकार के दस वर्षो के कार्यकाल में केवल जुमले बाजी ही हुई है। केवल घोषणाएं और झूठे वादे किए गए हैं। यह बातें गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह धनबाद प्रभारी चंद्रेश शुक्ला ने कांग्रेस के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। कहा कि मोदी हिटलर के पैटर्न पर चल रहे हैं। जो नेता मोदी के खिलाफ आवाज उठा रहा है, उनको वह जेल में बंद करा दे रहे हैं। कहा कि मोदी ने रेल बेच दिया, एलआईसी बेच दिया, जहाज बेच दिया सिर्फ बेचे ही नहीं, उन्होंने खरीदा भी है। ईडी, सीबीआई तथा ऐसी कई स्वतंत्र संस्थाओं को खरीदने का काम किया है।

---

## जेबीकेएसएस के तीन नेताओं को देर रात पुलिस ने किया गिरफ्तार

# देर रात घर में घुस कर गिरफ्तारी असंवैधानिक : दीपक रजक

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** पुलिस ने विगत बुधवार की देर रात जेबीकेएसएस के केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान व नेता संजय महतो को तोपचांची से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अल्पसंख्यक मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष रिजवान क्रांतिकारी को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर गांव से संजय महतो व तोपचांची बाजार से फरजान खान को देर रात गिरफ्तार किया है। फैजान खान ने कहा कि उसके भाई फरजान खान पर कोई मामला दर्ज नहीं है। लगभग 10 गाड़ियों पर



सवार पुलिस पहुंची और घर का दरवाजा को तोडकर देर रात फरजान खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस किस थाने की थी, यह जानकारी नहीं है। किस मामले में गिरफ्तारी हुई, यह भी मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने फरजान खान का मोबाइल फोन व उसका फोन को भी जब्त कर लिया है। उन्होंने राज्य में तानाशाही रवैया अपनाए जाने की बात कही।

मुखिया सरवर खान ने कहा कि 3 बजे रात अचानक पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर कर उनके भतीजा फरजान खान को गिरफ्तार किया है। किस घटना में गिरफ्तार किया, पुलिस बताने से इन्कार कर रही है। मुखिया सरवर खान ने कहा कि आधे से अधिक पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में थे। ज्ञात हो कि गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन करने बोकारो पहुंचे जयराम महतो को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया था। समर्थकों को संबोधित करने के लिए करीब 2 घंटा की मोहलत दी थी। समर्थकों को संबोधित करने के बाद जयराम महतो से फरार हो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि जयराम महतो की गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न जगहों में छापेमारी की जा रही है।

जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष दीपक रजक ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा जयराम महतो की लोकप्रियता से विपक्षी पार्टी डर गई है। पुलिस प्रशासन पर दवाब डाल कर जेबीकेएसएस के केंद्रीय प्रधान महासचिव फरजान खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष रिजवान खान और संजय महतो को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी संवैधानिक मूल्यों की तोहीन है। पुलिस ने हमारे नेताओं के घर में आधी रात को घुस कर अमर्यादित तरीके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार जेबीकेएसएस की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है। पुलिस प्रशासन का गलत प्रयोग लोकतंत्र के लिए खतरा है।

स्पीड न्यूज

## डीसीएलआर ने पूर्वी टुंडी क्षेत्र का किया भ्रमण, बूथों का लिया जायजा



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) संतोष गुप्ता ने गुरुवार को पूर्वी टुंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि धनबाद जिले में 25 मई को चुनाव होने वाला है। इसी खयाल से आज मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लीप वितरण, बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, क्रिटिकल बूथ सहित अन्य तैयारीयों की जानकारी ली गई है। साथ ही प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड के अन्य पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गये हैं।

## हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया 5 के तेतुलमुडी पेंच में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग से परेशान ग्रामीणों ने कम्पनी की गाड़ियों को रोककर वापस लौटने के लिए विवश कर दिया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि ब्लास्टिंग से 6/10 कॉलोनी के मन्ना राय का आवास गिर गया है, जबकि ब्लास्टिंग के उड़े पत्थर से एक महिला समेत कई लोग बाल बाल बचे हैं। ब्लास्टिंग से कई घरों में दरार आ गई है। लोग भय के माहौल में जीने को विवश हैं। बताया कि हिल टॉप आउटसोर्सिंग कंपनी स्थानीय लोगों के हक व अधिकार की घोर अवहेलना कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रबंधन उनलोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करना चाह रहा है, परन्तु वहां पानी आदि की उचित व्यवस्था नहीं है। मात्र दो रूम दिया जा रहा है, जहां पानी नहीं है।

## बीमार चल रही मुखिया की माता का निधन

**गोविंदपुर।** पश्चिमी मंडल भाजपा अध्यक्ष अजय गिरि एवं जियलगढ़ा ग्राम पंचायत की पूर्व मुखिया वरुणा देवी की माता पद्मा देवी (65 वर्ष ) का निधन गुरुवार को उनके कालाडीह स्थित आवास पर हो गया। वह कई माह से बीमार चल रही थी। वह पति राजदेव गोस्वामी, इकलौते पुत्र अजय तथा तीन पुत्रियो समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन की खबर सुनकर भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो, सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी, डीएन सिंह, बलदेव महतो, विक्रांत उपाध्याय, सुभाष गिरि, नितेश गोप, बैजनाथ गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता उनके आवास पहुंचे और संवेदना प्रकट की। अंतिम क्रिया में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## मजदूर दिवस पर यूनियन नेता ने किया एकजुटता का आह्वान

**जोड़ापोखर।** लोदना क्षेत्रीय कार्यालय भागा में मजदूर दिवस पर कोलकर्मियों ने परिसर में लगी कोयला खनिक की प्रतिमा पर मालार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए जनता मजदूर संघ बच्चा गुट यूनियन के एरिया शाखा सचिव संजय कुमार ने कहा कि आज मजदूरों में फूट के कारण प्रबंधन मनमानी कर रहा है। मजदूर एकजुट हों तो किसी को भी पानी पिला सकता है। मजदूर देश की रीढ़ है। इसका सम्मान करना चाहिए। मौके पर संजय तिवारी, सरोज बनर्जी, सुभाष उपाधयाय, प्रदीप घोष, मुकेश धारी, इस्माइल मल्लिक, कौशल सिंह, शिव प्रताप, अकरम, समसेर आलम आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी ने मजदूरों को किया सम्मानित

**मैथन।** संकट मोचन धर्मशाला कुमारधुबी में गरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पंसस समाजसेवी मधु सिंह ने समारोह आयोजित कर मजदूरों को सम्मानित किया। 25 मजदूरों को नाश्ता--पानी के साथ गमछा व टिफिन दिया। यह सम्मान पाकर मजदूर काफी खुश दिखे। इसके लिए श्रीमती सिंह को धन्यवाद दिया।

### अन्नपूर्णा व दिलीप के नामाकंन के दौरान भाजपा ने की जनसभा

# सिर्फ चार सौ सीटें दे दें, बाकी काम मोदी जी कर देंगे : केशव प्रसाद मौर्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** भाजपा ने गुरुवार को कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के नामांकन के मौके पर शहर के सर्कस मैदान में जनसभा की, जिसमें कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधान के कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। जनसभा में उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी, सारठ विधायक रंधीर सिंह, भरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री लूईस मरांडी, मीरा यादव, पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडेय, सहित एनडीए गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए और जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी के चार सौ पार के नारे को सार्थक करने का अहवान किया।

यूपी के उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में रिकॉर्ड बन रहा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रिकॉर्ड बनाना है। कहा कि तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। कहा कि पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ जनता को सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चार सौ सीटे देनी है। बाकी सारे काम मोदी जी ही कर देंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केन्दीग्र मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बिजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में भी मतदान करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ राष्ट्रहित में काम करने वाली सिर्फ एक ही पार्टी है ओर वह है भाजपा। कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों केन्द्र सरकार के सहयोग से कई विकास के कार्य किए है। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत कोडरमा के धरातल पर उतारने का काम किया है। पलायन सहित कुछ काम रह गए हैं, जिसे पूरा करने के लिए वह कटिबद्ध है। उन्होंने कोडरमा लोकसभा की जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करने के साथ ही गांडेय विधानसभा से दिलीप वर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसभा को पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव, चुन्नकांत, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगायच, सुभाष सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, विनय सिंह, जमशेदपुर से आए भाजपा नेता अभय सिंह, कामेशपर पसवान, प्रो विनिता सहित कई भाजपाईयों ने जनसभा को संबोधित किया।

## कोडरमा सीट से केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन



▶▶ दिलीप वर्मा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भरा पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने बुधवार को एक साथ नामांकन पर्चा दाखिल किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक केदार हाजरा, पूर्व मंत्री मीरा यादव, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, भाजपा नेता प्रणव वर्मा, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह, भाजपा नेता अशोक उपाध्याय, दिनेश यादव, यदुनंदन पाठक, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगायच, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, एजाज अहमद, सोनू सहित कई नेता मौजूद थे।

समाहरणालय में कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया। गांडेय विधानसभा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने निर्वाची पदाधिकारी डीएसओ गुलाम समदानी के पास नामांकन पर्चा भरा। उन्होंने तीन सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।

# विधायक विनोद सिंह ने कोडरमा लोकसभा सीट से भरा पर्चा

▶▶ कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त है

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार को कोडरमा लोकसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी बगोदर विधायक विनोद सिंह समर्थकों के साथ समाहरणालय पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। उनके साथ गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, सदर विधायक विनोद सिंह, माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सतिश केडिया, माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा सहित गठबंधन दलों के कई नेता मौजूद थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद समाहरणालय से निकलकर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि कोडरमा लाकसभा क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त है।

## मैथन के सुमनदीप होटल में लगी आग, 25 लाख की संपत्ति जली

### कोई हताहत नहीं, फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की मशक्कत पर पाया काबू

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** मैथन नेशनल हाईवे पर स्थित सुमनदीप होटल के थर्ड फ्लोर के गोदाम में बुधवार की देर रात करीब एक बजे अचानक आग लग गई। होटलकर्मियों को जब जानकारी हुई, तबतक आग गोदाम से होटल के चार कमरों तक फैल गई थी। होटलकर्मियों ने तुरंत होटल मालिक व मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन को सूचना दी। मैथन ओपी प्रभारी ने सीआईएसएफ फायरब्रिगेड टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और दो घंटे की कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान होटल में ठहरे यात्रियों को सकुशल कमरे से बाहर निकाल लिया गया था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। परंतु करीब 25 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने के सही कारण का पता नहीं चला है। I शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अशंका जताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रात करीब एक बजे धुएं की बदबू से एक यात्री की नींद टूट गई। यात्री कमरे से बाहर निकला तो उसकी नजर धुआं की ओर पड़ी। जब नजदीक जाकर देखा तो एक कमरे में आग लगी थी। यात्री ने तुरंत जानकारी होटलकर्मियों को दी। होटलकर्मियों ने मालिक व पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर जब तक फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, तबतक पांच कमरे तक आग फैल चुकी थी। होटल में चारों ओर धुआं ही धुआं फैल गया था। होटल में ठहरे यात्रियों में अफरातफरी मच गई, हालांकि सभी को सकुशल बचा लिया गया।

होटल मालिक राजू सिंह ने बताया कि समझ में नहीं आ रहा है कि अचानक आग कैसे लगी। भगवान की कृपा है कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। कहा कि आग से गोदाम एवं चार कमरे के सारे सामान जलकर राख हो गए हैं। करीब 25 लाख रुपये की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। उन्होंने फायरब्रिगेड टीम एवं मैथन ओपी प्रभारी का आभार जताया कि समय पर तत्परता दिखाई और आग पर काबू पाया।

## चिरकुंडा ऊपर बाजार के एक आवास में लगी आग, मची अफरातफरी



**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार स्थित तरुण दत्ता के आवास में बुधवार शाम आग लग गई। दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। किसी के ताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार तरुण दत्ता के चिरकुंडा स्थित आवास में उनके ही परिवार के सदस्य खाली प्लास्टिक के बोरे का कारोबार करते हैं। इस कारण पूरे घर में बोरे का ढेर लगा रहता है। बुधवार शाम अचानक आग की लपटें उटने लगी । आनन फानन में अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई। दमकल की दो गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। डीवीसी मैथन और एमपीएल ने अपने अपने दमकल भेजे, जिसने आग पर काबू पाने का काम किया। इधर विभाग के भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अंदर की स्थिति काफी भयावह है। किसी तरह बड़ी घटना टल गई। उन्होंने कहा कि आग के कारणों का पता नहीं है।

## सिंदरी कॉलेज में इंटर विज्ञान के विद्यार्थियों ने नंबरों को लेकर किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज के इंटरमीडिएट के विज्ञान विषयों के परीक्षा परिणाम में कम अंक आने पर विद्यार्थियों ने गुरुवार को कॉलेज प्रबंधन के विरोध में रोष व्यक्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक के समझाने पर छात्रों का गुस्सा शांत हुआ। विद्यार्थियों का कहना था कि विज्ञान के विषयों में प्रैक्टिकल में अच्छे अंक के बाद भी थ्योरी में 4 या 5 अंक दिया गया है। यह विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है। उनका कहना था कि जैक बोर्ड के स्क्रूटनी के नियमों के अनुसार भी विद्यार्थियों को इसका फायदा नहीं मिलेगा। इसके लिए प्राचार्य को 25 विद्यार्थियों ने हस्ताक्षरित आवेदन पत्र सौंपा है।

प्राचार्य ने बताया कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई कॉलेज में बंद कर दी गई है। अंतिम सत्र के विद्यार्थियों के बीच विज्ञान विषयों में थ्योरी में कम अंक आने पर रोष व्याप्त था। उन्हें सलाह दी गयी है कि जिला शिक्षा अधीक्षक और जैक बोर्ड के सचिव को पत्र सौंप कर जानकारी दें, ताकि सकारात्मक पहल की जा सके। 25 विद्यार्थियों द्वारा हस्ताक्षरित शिकायत पत्र दिया गया है। कॉलेज में रोष व्यक्त करने वाली छात्राओं में राखी कुमारी, रक्षा कुमारी, टुम्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पल्लवी कुमारी, पिया कुमारी, रिया कुमारी सहित कई छात्र छात्रा मौजूद थे।

## बुधवार और गुरुवार को 6 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष बुधवार और गुरुवार को 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बुधवार को पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के दीपक कुमार दास, मार्क्सवादी समन्वय समिति के जगदीश रवानी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अनुपमा सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गुरुवार को निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज ने भाजपा प्रत्याशी को दिया विजयी भवः का आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** ब्राह्मण समाज ने सर्वसम्मति से घोषणा की है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भरपूर समर्थन देकर उन्हें विजय दिलाएंगे। गुरुवार को ब्राह्मण समाज की एक टोली चीटाही ग्राम पहुंची व भाजपा प्रत्याशी को पुष्पगुच्छ देकर तथा वैदिक रीति रिवाज से मंगलाचरण स्वस्तिवाचन के जरिए उनका स्वागत किया। सैकड़ों ब्राह्मणों ने एक स्वर से ढुल्लू महतो के समर्थन में विजय भवः की आवाज बुलंद की। मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी सुरेश चंद तिवारी, भगावत प्रसाद पांडेय, प्रमोद कुमार दुबे, दीनानाथ दुबे, बोकारो से मृणाल चौबे, बीसीसीएल के एरिया इंजीनियर हृदय कुमार मिश्रा, सुमन पांडेय, अनिल उपाध्याय, मनोज कुमार दुबे, मनोहर पांडेय, सुमन पांडेय, अनिल उपाध्याय शक्ति पाठक, यूसी पांडेय, मिथिलेश कुमार तिवारी व राजेश तिवारी मौजूद थे।

## मथुरा के पुत्र ने जनसंपर्क चलाया, इंडिया गठबंधन को वोट देने की अपील



**कतरास।** तेतुलमारी जीरो सीम कॉलोनी में इंडिया गठबंधन गिरिडीह प्रत्याशी सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र युवा नेता दिनेश महतो ने जनसंपर्क चलाया तथा लोगों से मथुरा महतो के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस मौके पर लोगों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। श्री महतो ने जनता से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर संतोष ठाकुर, पंकज कुमार, दिलीप निषाद, मिथुन निषाद, सूरज साहनी, रंजीत कुमार रंजन उर्फ तुषार, बिंदु साहनी, गोविंदा ठाकुर, संतानु कुमार, कोशल यादव, अजय कुमार, विरेंद्र कुमार सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### विधायक ढुल्लू महतो नहीं हुए हाजिर

**धनबाद।** किरण महतो के हाईवा व टीपर लूट और डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई बुधवार को अदालत में हुई। इस दौरान ढुल्लू महतो हाजिर नहीं हुए। धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी के अवस्थी की अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन गोविंदपुर ने किया सिलाई केंद्र का उद्घाटन



**गोविंदपुर।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की गोविंदपुर शाखा ने पावन परिसर वनकाली रोड में नि:शुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन गुरुवार को समारोहपूर्वक किया। समिति ने इस केंद्र में चार सिलाई मशीन उपलब्ध कराई है और नेहा देवी को इसके संचालन की जिम्मेदारी दी है। निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए समिति की वरिष्ठ सदस्यों ने क्रमश: 5 हजार, 6 हजार, 11 हजार व 36 हजार की आर्थिक सहायता दी। दिव्यांग विद्यालय के बच्चों के लिए एक लाख की नगद राशि दी गई। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा की गोविंदपुर शाखा की प्रबंधक नूपुर ने सदस्यों को मुद्रा ऋण साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके गोल्ड लोन आदि की जानकारी दी। समिति ने प्रबंधक को सम्मानित किया। समिति ने सीए मनीष अग्रवाल को भी सम्मानित किया। श्री अग्रवाल ने बैंकिंग और बचत संबंधी कई जानकारियां दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख रेणु दुदानी, पदमा बुबना, सरोज सरिया, रीता संघी, अध्यक्ष सीमा सरिया, सचिव विजया सरिया, कोषाध्यक्ष मीनू अग्रवाल सहित समिति की सभी सदस्य मौजूद थी।

# मानस महाधिवेशन के समापन पर हुआ सीता राम राज्याभिषेक

▶▶ अखिलेश चंद उपाध्याय ने राम राज की कल्पना के बारे में बताया

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** जेलगोड़ा मानस मंदिर में 9 दिवसीय मानस महाधिवेशन के समापन समारोह में गुरुवार को सीता राम राज्याभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। भक्तों ने होली दिवाली एक साथ मनाई। रामायण पाठ अनिल पाठक ने किया, जबकि दस वर्षीय बालक आयुष पाठक ने भजनों के माध्यम से कहा कि राम राज्य का प्रथम नागरिक केवट है। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो,रागिनी सिंह, योगेंद्र यादव मानस मंदिर पहुंचे और माथा टेक कर प्रभु से जीत का आशीर्वाद लिया। श्री महतो ने कहा कि वह राम भक्त हैं और इस मंदिर के उत्थान के लिए हर तरह का प्रयास करेंगे। मानस मंदिर कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र राय, सचिव पिंटू अग्रवाल ने सभी को अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया। संध्या में अखिलेश चंद उपाध्याय ने राम राज की कल्पना को विस्तार से बताया। कहा कि प्रभु रावण पर बिजय प्राप्त होने के बाद केवट को पुष्पक विमान से अयोध्या नगरी लेकर गए। उसे प्रथम नागरिक का दर्जा दिया। दुनिया का पहला अकल्पनीय राज है राम राज्य। राम के अलावा अब तक जितने भी राजा हुए उनमें कितने का नाम जानते हैं। परंतु 9 लाख वर्ष बाद भी हम माला उठाते हैं तो सिर्फ राम की ही। ऐसा इसीलिए कि राजा किलों में रहते हैं, परन्तु राम हर प्राणी के दिलो में रहते हैं।

अशोका नंद जी महाराज ने प्रवचन के दैरान कहा कि राम के राज्य में किसी को किसी कोई द्वेष, क्लेश, कष्ट, दुख नहीं था। सब लोग भाईचारा से रहते थे। यही राम राज है। जिस घाट पर शेर पानी पी रहा था, उसी घाट पर कमजोर पशु भी पानी पीता है। यही कल्पना है राम राज की। आयोजन मंडली में अशोक वार्म, कृष्णा रजक, उमेश सिंह, मनोहर महतो, शिव शंकर मिश्रा, मोहन साव आदि शामिल हैं।

# नामांकन में अनुपमा सिंह के साथ रहीं पूर्णिमा, अटकलों पर लगा विराम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** पिछले कुछ समय से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहीं झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह बुधवार को धनबाद लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन कार्यक्रम व उसके बाद गोल्फ ग्राउण्ड में हुई सभा में प्रखरता के साथ दिखीं।

नामांकन के वक्त अनुपमा सिंह के साथ हमसाये की तरह दिखीं। मेमको मोड़ स्थित धनबाद डीसी ऑफिस में अनुपमा सिंह के साथ उनके स्वजनों के साथ-साथ काफी संख्या में समर्थक व वरिष्ठ नेता भी थे। लेकिन, खास थी-पूर्णिमा नीरज सिंह, जो अनुपमा सिंह के साथ बातचीत करती दिखीं। यहां तक कि उपायुक्त-सह-निर्वाचन पदाधिकारी के चैम्बर में भी अनुपमा के साथ रहीं और समय-समय पर निर्देश भी देती दिखीं। नामांकन कार्यक्रम के तत्काल बाद गोल्फ ग्राउण्ड में अनुपमा सिंह के पक्ष में सभा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत कई बड़े नेता थे। उक्त कार्यक्रम में भी पूर्णिमा नीरज सिंह की जोरदार उपस्थिति मंच पर दिखी।कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पूर्णिमा नीरज सिंह की सक्रियता का असर समर्थकों में भी खासा दिखा।

कारण, बीते चंद समय से स्वास्थ्य कारणों से वे सक्रिय नहीं दिख रही थीं। इससे कई अटकलें लगायीं जा रही थीं। लेकिन, अनुपमा के लिए, पूर्णिमा नीरज सिंह की सक्रियता से तमाम अटकलों पर विराम लग गया।

# बोकारो में पारा पहुंचा 45 डिग्री लू चलने से लोग हुए घरों में कैद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो में इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 22 से 24 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से झुलसा देने वाली लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से जीना मुहाल कर दिया। लोगों का अपने घरों से निकला दूभर हो चुका है। बाजारों में ऐसी वीरानी देखी जा रही है मानो कर्फ्यू लगा हो। दोपहर 2 बजे तेज झोंके के साथ लू के थपेड़े ऐसे चल रहे थे जैसे चिमनी का धुआं। लोगों ने कहा कि बोकारो में आजतक उन्होंने अप्रैल महीने में ऐसी गर्मी नहीं देखी थी। अभी यह स्थिति है तो मई जून आते आते क्या होगा यह सोच-सोचकर लोग सहमे हुए हैं। झुलसाती गर्मी की इस तपिश में सड़कों पर दोपहिया या पैदल चलना शोलों से गुजरकर चलने जैसा प्रतीत हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने जारी वेदर बुलेटिन में बताया कि बोकारो सहित कई जिलों में सीवियर हीट वेव चलेगी। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में अगले दो तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस का अंतर हो सकता है।

स्पीड न्यूज

## बोकारो स्टील से सीजीएम व सहित 61 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कुल 06 अधिशासी तथा 55 अनाधिशासी कर्मियों के लिए एचआरडी के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम एमएम हर्ष निगम उपस्थित थे। एजीएम कार्मिक डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी देते हुए प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। सीजीएम निगम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। सीजीएम रिफ्रैक्टरीज वेद प्रकाश उपाध्याय के लिए निदेशक प्रभारी के सम्मेलन कक्ष में अलग से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रभारी सीआर महापात्रा ईडी एफ एंड ए सुरेश रंगानी ईडी पी एंड ए व अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के सीजीएम उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक प्रभारी महापात्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। सभी ने सेवानिवृत्त हो रहे उपाध्याय को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## साहिबगंज : डीसी ने तामिलनाडु की महिला को उनके घर भिजवाया



साहिबगंज। एक वृद्ध महिला वेम्बू (70) जो तंजावुर (तामिलनाडु) की रहने वाली है। जिसे 14/12/23 से स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में आवासित किया गया। वृद्ध महिला को यहां के भाषा में परेशानी हो रही थी। डीसी हेमंत सती के निर्देश पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता के दिशा निर्देशन में गुरुवार को केंद्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर साहेबगंज एवं तंजावुर के एवं उनके टिम केंद्र प्रशासक पुनम कुमारी वृद्धा आश्रम से बंदना कुमारी के द्वारा हावड़ा स्टेशन पर वृद्ध माता जी को सुरक्षित सौंपा गया।

# शिकवे के बाद पूर्व विधायक संजय प्रसाद का प्रदीप को समर्थन का ऐलान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गोड्डा।** गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक गोड्डा के बृंदावन में जिला अध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमे राजद नेता पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, प्रत्याशी प्रदीप यादव पोडैया हाट विधायक धनंजय प्रसाद यादव के साथ सैकड़ों राजद कार्यकर्ताओं ने इस सभा में अपनी उपस्थिति दी। पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव दहाड़ते हुए नजर आए। गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव पर भी। किस तरह महागठबंधन के कांग्रेस पार्टी और झामुमो नेताओं ने राजद की उपेक्षा कर महागठबंधन को ही कमजोर किया जिसका नतीजा आज हेमंत सोरेन जेल में हैं। साहिबगंज की घटनाओं को लेकर मैने आगाह किया था परंतु हमारी बात को तवज्जो नहीं दी गई उसका परिणाम आज सबके सामने है। मुट्ठी भर लोग आज यहां राज कर रहे हैं और हम देखने को मजबूर हुए। हमारे नेता लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव , सोनिया गांधी और राहुल गांधी है उनके लिए हमे एक जुट होकर फिर से संघर्ष करना होगा और सत्ता परिवर्तन एक बार फिर बिहार में और झारखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति के द्वारा सरकार बनाने अपनी भूमिका का निर्वाह करना होगा। आज से हमारी राजद के सिपाही कार्यकर्ता लोक सभा के हर विधान सभा का दौरा करेंगे और अपने अपने समर्थकों को एक जुट कर प्रदीप यादव को विजई बनाने के लिए कार्य करेंगे। राजद कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को लेकर फिर एक बार महा गठबंधन प्रत्याशी को चेतावनी देते हुए कहा जीत के बाद अगर मेरे कार्यकर्ताओं की अगर उपेक्षा हुई तो फिर अगले चुनाव में हमारी उपेक्षा का दंश भी देखेंगे। सैकड़ों राजद कार्यकर्ताओं के सामने गोड्डा पूर्व विधायक ने कहा हमारी पराजय में मामूली मतों का अंतर रहा था लेकिन आज भी एक विधायक की तरह ही रात के 12 बजे भी मेरी टेलीफोन बजती है तो मदद के लिए प्रस्तुत होता हूं। चाहे वो किसी विभाग से संबंधित मामला क्यों न हो। पिछड़े दलितों शोषितों कमजोर अल्पसंख्यकों और अन्य पिछड़े वर्गों की आवाज ही राजद की ताकत है। आज इसी संकल्प के साथ हम इस बैठक की समाप्ति के साथ विदा हो रहे हैं जो भी जहां भी है जिस जगह है लोक सभा महागठबंधन प्रत्याशी हमारे भाई प्रदीप यादव को अपनी पूरी ताकत के साथ समर्थन कर उन्हे विजई बनाए।

## श्रमिक दिवस पर दुमका में आयोजित हुआ कई कार्यक्रम

**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर दुमका जिला में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मजदूर संगठन के कई संगठनों ने रैली निकालकर धूमधाम के साथ मजदूर दिवस मनाया। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मोटिया मजदूर कामगार यूनियन ने निकाली रैली। संथाल परगना मोटिया मजदूर कामगार यूनियन जिला दुमका के बैनर तले विश्व मजदूर दिवस धूमधाम से सराय रोड स्थित आश्रय गिरी के सामने मनाया गया। इस अवसर पर प्रमंडलीय महामंत्री विजय कुमार दास के नेतृत्व में विशाल रैली निकलते हुए शहर का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर छात्र चेतना संगठन के प्रमुख हिमांशु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद अमिता रक्षित, प्रमंडलीय महामंत्री विजय कुमार दास, यूनियन के संरक्षक मुखिया रविंद्र कुमार बास्की, जिला अध्यक्ष मोहन वाउरी, जिला महामंत्री संजय यादव ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सैकड़ो मजदूर में भाग लिया।

# अंतरराज्यीय सीमा चेक पोस्ट की जांच कर एसपी ने दिये निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा मेहरमा/बलबड्डा थाना क्षेत्र के बूथ/भवन एवं बलों के आवासन हेतु चिन्हित भवनों का भौतिक सत्यापन किया तथा बलबड्डा थाना क्षेत्र के अन्तर्राज्यीय बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। जांच के दरम्यान विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ताकि चुनाव में विधि व्यवस्था को लेकर कोई गड़बड़ी न हो। गुरुवार को भी पुलिस अधीक्षक गोड्डा द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक फरार वारंटियों की धर पकड़ जिले के विभिन्न थाना द्वारा की गई कुल छह आरोपियों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव भय रहित मतदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

**एसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव भय रहित मतदान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है**

## गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से अब तक पांच ने दाखिल किया परचा

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन के लिए अब तक कुल 15 से ज्यादा लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे हैं जबकि गुरुवार तक पांच ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निवार्ची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र विजया जाधव ने कहा कि अब तक नामांकन प्रपत्र खरीदे लोगों में निर्दलीय उम्मीदवार उषा देवी सुबोध कुमार यादव जयराम कुमार महतो राइट टू री काल पार्टी के शिवजी प्रसाद एवं पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रमोद राम ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है। नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में पप्पू कुमार निषाद सुनीता टुडू कमल प्रसाद द्वारका प्रसाद मथुरा प्रसाद महतो कलावती देवी मुरलीधर यादव जय राम कुमार महतो चंद्र प्रकाश चौधरी रामेश्वर दुसाध प्रमोद राम तथा उषा सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

# दुमका : एसकेएमयू में निबंध व भाषण प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्षन करने वाले छात्र हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के शैक्षिक काउंसलिंग सेल ने श्रमिक दिवस के अवसर पर विभिन्न स्नातकोतर विभाग के छात्रों के बीच भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय का शैक्षिक काउंसलिंग सेल द्वारा ह्लसामाजिक न्याय और सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाला कामह्ल विषय रखा गया था। जिसमें विभिन्न स्नातकोतर विभागों से कुल 17 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने ह्लसामाजिक न्याय और सभी के लिए उच्च गुणवत्ता वाला कामह्ल विषय पर अपनी विचारोत्तेजक भावनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आदित्य स्वरूप, द्वितीय स्थान लॉरेंस सोरेन और तृतीय स्थान अरुण उज्ज्वल हेम्ब्रम ने प्राप्त किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मीरा कुमारी रहीं। द्वितीय स्थान पर खुशी कुमारी और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से अभिषेक कुमार दास एवं आदित्य स्वरूप रहे। शैक्षिक काउंसलिंग सेल के निर्णय के अनुरूप विजेताओं को पुरस्कार के रूप में प्रतियोगी परीक्षाओं और यूजीसी नेट में सफलता के लिए चयनित पुस्तकें पुरस्कार के रूप में देकर सम्मानित किया गया। काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने सभी गतिविधियों को समन्वित किया। डॉ अजय सिन्हा, डॉ स्नेहलता मुर्मू और अमिता कुमारी प्रतियोगिताओं की निर्णायक मंडली के सदस्य थे। इस अवसर पर संयोजक डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर युवाओं की जागरूकता को बढ़ने के उदेश्य से किया गया।

# बेरमो : जारंगडीह और कथारा वाशरी मे चला छापेमारी अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/कथारा।** गुरुवार को अहले सुबह लगभग 4:15 बजे सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक कथारा के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय गस्ती दल, जरांगडीह गस्ती दल एवं कथारा कोलियरी गस्ती दल मिलकर, जरांगडीह कोलियरी एवं कथारा वाशरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापा मारी अभियान चलाया।

इस छापेमारी में गस्ती दल के जवानों द्वारा भरसक प्रयास के बाद भी अंधेरा होने से कोयला चोर जंगल का सहारा लेकर भागने में सफल रहे। इसके उपरांत छः (6) मोटरसाइकल एवं पांच (5) साइकिल को जप्त कर मोके पर ही छतिग्रस्त कर दिया गया तथा लगभग 45 से 50 अवैध कोयला से भरा बोरा को पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया,और साथ ही बरामद कोयला को जरांगडीह कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया। जिसका वजन लगभग 3 टन होगा। इस छापेमारी दल मे इबरार हुसैन देवांसु कुमार अशोक कुमार क्षेत्रीय रात्री पाली सुपरवाइजर राजेंद्र उरांव, संजय कुमार दास, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह उमेश महली, शिव नाथ उरांव, सोहन मुंडा हेलारियस कुजुर जरांगडीह कोलियरी प्रभारी एवं अन्य जवान कार्तिक मांझी कथारा कोलियरी रात्री पाली सुपरवाइजर एवं अन्य जवान भी शामिल थे।

# जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।
## (आवश्यक सूचना)

आगामी लोकसभा आम चुनाव–2024 के अवसर पर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची के पत्र सं0–2231, दिनांक–22.04.2024 एवं मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के पत्रांक–820/OTD दिनांक– 16.04.2024 के द्वारा प्रभावित बल के 70 प्रतिशत गृह रक्षकों के अनुरूप 462 गृह रक्षकों की 05 (पांच) कम्पनी झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मुख्यालय राँची द्वारा गठित की गई है। लोकसभा आम चुनाव–2024 में प्रतिनियुक्त होने वाले गृह रक्षक जिनका नाम सूची में अंकित है या कर्त्तव्य के लिए प्रतिक्षारत हैं, वें दिनांक–04.05.2024 तक अपना आगमन चुनाव डियूटी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। चुनाव डियूटी में किसी भी प्रकार की उदासीनता बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए आपका नामांकन रद्द करने की अनुशंसा की जा सकती है, इसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

| SL. NO. | FORCE NO. | NAME | SL. NO. | FORCE NO. | NAME |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 43 | SANJIT MINJ | 122 | 1021 | SANOJ PRASAD |
| 2 | 51 | PANKAJ KUMAR TIWARI | 123 | 1036 | MAHENDRA PRASAD YADAV |
| 3 | 55 | SURENDRA THAKUR | 124 | 1046 | AWDHESH TOPPO |
| 4 | 60 | AJAY LAL | 125 | 1050 | RAKESH KUMAR YADAV |
| 5 | 63 | UPENDRA KUMAR | 126 | 1065 | UMESH PRASAD |
| 6 | 69 | RAJNATH YADAV | 127 | 1072 | LAXMAN KUMAR SINGH |
| 7 | 95 | NAGESHWAR RAM | 128 | 1078 | ASARFI MEHTA |
| 8 | 96 | LAW KUMAR PANDEY | 129 | 1085 | MANSAROVAR VISHWAKARMA |
| 9 | 104 | RAMNATH BAITHA | 130 | 1089 | RAJKENDRA RAM |
| 10 | 116 | PRAMOD KUMAR | 131 | 1095 | BINDU CHOUDHARY |
| 11 | 119 | MANMOHAN ORAON | 132 | 1099 | ULENDRA KUMAR GUPTA |
| 12 | 136 | SHIV KUMAR PASWAN | 133 | 1105 | BULLU PRASAD YADAV |
| 13 | 156 | RAKESH KUMAR UPADHYAY | 134 | 1122 | RAJU RANJAN RAY |
| 14 | 157 | RAGANI KUMARI | 135 | 1134 | DEVENDRA KUMAR BAITHA |
| 15 | 181 | SANTOSH KUMAR SUKLA | 136 | 1135 | MUNNA LAL |
| 16 | 184 | JAMIDAR PARHIYA | 137 | 1137 | VIKESH KUMAR |
| 17 | 190 | BHAGIRATHI RAM | 138 | 1138 | PAWANSUT VISWAKARMA |
| 18 | 191 | MAHENDRA KUMAR | 139 | 1142 | MANOJ KUMAR BAITHA |
| 19 | 195 | VIJAY RAM | 140 | 1156 | SRIKANT VISHWARMA |
| 20 | 202 | JITENDRA PRASAD GUPTA | 141 | 1160 | YOGENDRA YADAV |
| 21 | 203 | SANJAY YADAV | 142 | 1164 | UMANAND PATEL |
| 22 | 222 | SUDAMA RAM | 143 | 1165 | SURENDRA RAM |
| 23 | 226 | AMIRKA SINGH | 144 | 1166 | SHIVDAS YADAV |
| 24 | 228 | PRAMOD ORAON | 145 | 1167 | SANTOSH CHOUDHARY |
| 25 | 230 | RAJESH RAM | 146 | 1172 | SHIV KUMAR SINGH |
| 26 | 232 | RAMKUMAR BAITHA | 147 | 1175 | ASRAFI RAM |
| 27 | 238 | RAMLAKHAN YADAV | 148 | 1179 | NAGENDRA VISHWAKARMA |
| 28 | 245 | UMESH RAM | 149 | 1183 | RAJU THAKUR |
| 29 | 246 | BINDHYACHAL RAM | 150 | 1184 | VINAY KUMAR PASWAN |
| 30 | 263 | BINOD KUMAR GUPTA | 151 | 1187 | DINDAYAL MISHRA |
| 31 | 271 | RAJU ORAON | 152 | 1190 | INDRADEO PASWAN |
| 32 | 285 | RAKSHYA PRASAD YADAV | 153 | 1191 | VIJAY HORO |
| 33 | 295 | MAHENDRA PRASAD GUPTA | 154 | 1192 | NAWAL KISHOR SINGH |
| 34 | 370 | SHRIKANT SINGH | 155 | 1193 | RAMESH YADAV |
| 35 | 391 | KAMESHWAR RAM | 156 | 1194 | RAMESH RAM |
| 36 | 393 | SANJAY BAITHA | 157 | 1196 | KAMTA PRASAD |
| 37 | 397 | ARBIND PASWAN | 158 | 1200 | PAPPU KUMAR YADAV |
| 38 | 413 | BINDU RAM PASWAN | 159 | 1206 | UDAY KUMAR CHOUDHARY |
| 39 | 415 | NIRMAL RAM | 160 | 1208 | RAKESH KUMAR YADAV |
| 40 | 417 | MANOJ KUMAR | 161 | 1216 | PRAMOD KUMAR YADAV |
| 41 | 429 | SURENDRA SINGH | 162 | 1218 | RAMASHISH TIWARI |
| 42 | 433 | ALOK KANT YADAV | 163 | 1219 | VIKASH KUMAR CHOUBEY |
| 43 | 434 | BHOLA PRASAD GUPTA | 164 | 1224 | PARIKHA RAM CHANDRAVANSHI |
| 44 | 451 | BALGOBIND SINGH | 165 | 1225 | LAXMAN RAM |
| 45 | 453 | VIJAY XALXO | 166 | 1230 | UMESH CHANDRA YADAV |
| 46 | 481 | SUNDARDEV SINGH | 167 | 1231 | DINESH KUMAR RAM |
| 47 | 485 | DILAWAR KHAN | 168 | 1232 | RAMJEE YADAV |
| 48 | 516 | RAM PRAVESH SINGH | 169 | 1233 | NITESH KACHHAP |
| 49 | 517 | SUSHIL KUMAR MANJHI | 170 | 1247 | RAJKUMAR EKKA |
| 50 | 520 | VINAY RAM | 171 | 1248 | SURESH PRASAD YADAV |
| 51 | 527 | SUNESHWAR SINGH | 172 | 1252 | LALAN YADAV |
| 52 | 537 | BHUWNESHWAR YADAV | 173 | 1253 | BHARDWAJ SHUKLA |
| 53 | 565 | JASEEM ANSARI | 174 | 1254 | MANTOSH KUMAR SINGH |
| 54 | 606 | SANJAY VISHWAKARMA | 175 | 1257 | SANJAY KUMAR GUPTA |
| 55 | 608 | MUSLIM ANSARI | 176 | 1264 | VIKASH SINGH |
| 56 | 639 | RAJNATH ORAON | 177 | 1265 | RAMENDRA PASWAN |
| 57 | 641 | MAHENDRA ORAON | 178 | 1268 | SANJAY SINGH |
| 58 | 653 | SAKENDRA KUMAR SINGH | 179 | 1274 | BHIM KUMAR PASWAN |
| 59 | 657 | SIVSHANKAR YADAV | 180 | 1279 | ARVIND KUMAR MEHTA |
| 60 | 661 | MANGAL KUMAR SINGH | 181 | 1286 | SURENDRA KUMAR RAVI |
| 61 | 668 | SUBHASH SINGH | 182 | 1288 | SANTOSH KUMAR GUPTA |
| 62 | 670 | SURENDRA PRASAD YADAV | 183 | 1291 | AJAY SINGH |
| 63 | 686 | SATYENDRA PRASAD YADAV | 184 | 1296 | BHARDUL RAM |
| 64 | 701 | ASHUTOSH DHAR DUBEY | 185 | 1297 | SARVESH KUMAR SINGH |
| 65 | 703 | ARUN KUMAR YADAV | 186 | 1305 | SURYADEV YADAV |
| 66 | 706 | MANOJ KUMAR YADAV | 187 | 1306 | ASWANI KUMAR TIWARI |
| 67 | 716 | MD MAHTAB ALAM | 188 | 1316 | RAM BACHAN KORWA |
| 68 | 722 | MRITYUNJAY KUMAR PANDEY | 189 | 1321 | GAURISHANKAR YADAV |
| 69 | 725 | RAM VIJAY YADAV | 190 | 1322 | ANUP HORHORWA |
| 70 | 730 | RAVISHANKAR RAM | 191 | 1330 | SUNIL KUMAR YADAV |
| 71 | 735 | BINOD MISTRI | 192 | 1332 | MADAN KUMAR RAVI |
| 72 | 762 | ASHISH KUMAR PANDEY | 193 | 1343 | PRITHVISEN KUJUR |
| 73 | 769 | ARUN KUMAR | 194 | 1346 | AMIT BAKHALA |
| 74 | 771 | MANOJ SAH | 195 | 1348 | PRADEEP KUMAR MEHTA |
| 75 | 772 | SUDAMA SINGH | 196 | 1349 | SANTOSH KUMAR BHARTI |
| 76 | 773 | AJAY RAM | 197 | 1351 | PANKAJ KUMAR MEHTA |
| 77 | 776 | ANUJ KUMAR BAITHA | 198 | 1360 | PRAHLAD RAM |
| 78 | 780 | ASHOK KUMAR RAM | 199 | 8381 | GOPAL PRASAD GUPTA |
| 79 | 793 | SATISH KUMAR PANDEY | 200 | 8424 | SANTOSH KUJUR |
| 80 | 797 | PREM SHANKAR MISHRA | 201 | 8575 | HALKAN VISHWAKARMA |
| 81 | 812 | BIRENDRA SINGH | 202 | 8629 | BHARDWAJ TIWARI |
| 82 | 813 | PANKAJ KUMAR | 203 | 8631 | RUDRADHARMANI DUBEY |
| 83 | 816 | ANUJ KUMAR | 204 | 9391 | SHIV KUMAR YADAV |
| 84 | 817 | RAVIKANT TIWARI | 205 | 9400 | SITA RAM |
| 85 | 821 | SAMBHUNATH SINGH | 206 | 9663 | SUDAMA RAM |
| 86 | 822 | RAVINDRA KUMAR YADAV | 207 | 9669 | KARMU SINGH |
| 87 | 824 | SANJIV KUMAR SINGH | 208 | 9937 | KUSH KUMAR PANDEY |
| 88 | 833 | ABHAY RAM | 209 | 9953 | ANIL KUMAR |
| 89 | 835 | NANKU SAH | 210 | 9982 | VINOD CHOUDHARY |
| 90 | 836 | BINOD PAL | 211 | 10024 | VIKRAMA TIWARI |
| 91 | 838 | BADARUDIN HAJAM | 212 | 10084 | SURAY KUMAR PAL |
| 92 | 845 | MD SAD HUSSEN | 213 | 10102 | KRISHNA PRASAD MEHTA |
| 93 | 855 | GURUDEV VISWAKARMA | 214 | 10273 | VASHI AHMAD ANSARI |
| 94 | 857 | ARUN KUMAR PASWAN | 215 | 10282 | ONKAR NATH DUBEY |
| 95 | 858 | JAGARNATH MAHTO | 216 | 10301 | ANIL RAM |
| 96 | 866 | ASHOK KUMAR PASWAN | 217 | 10337 | RAMNATH MISTRI |
| 97 | 870 | VIVEKANAND PANDEY | 218 | 10342 | JAGDHI RAM |
| 98 | 873 | BRIJESH KUMAR | 219 | 10355 | HARIHAR RAM |
| 99 | 876 | RAMASHANKAR CHOUBEY | 220 | 10371 | RAMKRISHNA MAHTO |
| 100 | 879 | SITA RAM YADAV | 221 | 10500 | ALAKH TIWARI |
| 101 | 884 | AKHILESH RAM | 222 | 10514 | JAKIR ALI |
| 102 | 894 | LAXMI PRASAD | 223 | 10689 | SUKHARI SAW |
| 103 | 896 | ANAMULAHAQ | 224 | 10701 | DASHRATH RAM |
| 104 | 912 | BIKESH KUMAR SHARMA | 225 | 10711 | NANDU SINGH |
| 105 | 913 | SANJIV KUMAR SHARMA | 226 | 10718 | PRADEEP KUMAR SINGH |
| 106 | 926 | DHASHRATH YADAV | 227 | 10727 | RAMNATH RAM |
| 107 | 936 | MD SAGIR ALAM | 228 | 10729 | LALAN RAM |
| 108 | 943 | SACHIDANAND CHOUDHARY | 229 | 10740 | RADHAPRASAD THAKUR |
| 109 | 946 | SITAL MEHTA | 230 | 10742 | MUNDRIKA YADAV |
| 110 | 951 | SANJAY KUMAR UPADHYAY | 231 | 10743 | SHIVNARAYAN PRASAD YADAV |
| 111 | 955 | SUNIL KUMAR MEHTA | 232 | 10750 | PRADEEP KUMAR |
| 112 | 969 | DEV KUMAR RAM | 233 | 10756 | SAMBHU RAM |
| 113 | 982 | KAMLESH KUMAR CHOUDHARY | 234 | 10767 | GAYANI SHAW |
| 114 | 983 | SANTOSH KUMAR SINGH | 235 | 10912 | VISHNUDEV SINGH |
| 115 | 986 | SANTOSH YADAV | 236 | 10917 | AMERIKA RAM |
| 116 | 994 | RAGHUNATH RAM | 237 | 10919 | KANHAIYA DUBEY |
| 117 | 996 | GORAKH SINGH | 238 | 11023 | NANADLAL RAM |
| 118 | 1006 | RASHID KHAN | 239 | 11122 | UGESHWAR RAM |
| 119 | 1007 | BRAJESH PRASAD YADAV | 240 | 11138 | NANHKHU BAITHA |
| 120 | 1009 | DHARMENDRA KUMAR SINGH | 241 | 11140 | RAM NARAYAN YADAV |
| 121 | 1013 | LALJI PRASAD YADAV | 242 | 11185 | KAMLESH KUMAR MEHTA |

नोट–

उपरोक्त अंकित सैन्य संख्या/नाम में टंकक भूलवश कोई त्रुटि होने पर जिला समादेष्टा कार्यालय, गढ़वा में आप सभी सम्पर्क कर सकते है, साथ ही प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो डियूटी के लिए इच्छुक हों, जिनका नाम सूचि में नहीं हो वे कार्यालय में आकर अपना आगमन करा सकते हैं।

ह0/
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह–जिला समादेष्टा,झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR 324282 Home(24-25)D

# शाबास सलीमा

देश की हॉकी टीम की कप्तान झारखंड की बेटी सलीमा को बनाया गया है। यह झारखंड के लिये, विशेषकर झारखंड की बेटियों के लिये एक बड़ा तोहफा है। सलीमा ने गर्ल्स हाई स्कूल बरियातू रांची के हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र से ही प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने कहा, मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। कप्तान बनने के बाद सलीमा ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलिंपिक क्वॉलिफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था। झारखंड की बेटियों में हॉकी को लेकर एक बड़ा ही उत्साह रहा है। लगातार बेहतर होते संसाधनों के बीच अब ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों ने भी कमाल कर दिया है। एक दौर था जब भारतीय हॉकी टीम में झारखंड की बेटियों का बोलबाला था। सलीमा के कप्तान बनने से पूरे झारखंड के खेल प्रेमियों में उत्साह है।

# गांव पर फोकस

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# श्रेष्ठ शरीर

**साध्वी मनीषा**

**यह** सर्वश्रेष्ठ मनुष्य शरीर परमात्मा की कृपा से बड़े सौभाग्य से मिलता है। परमात्मा ने इंसान का शरीर भी गजब का बनाया है। अनमोल स्वांस के भीतर इतनी शक्ति है कि जीते-जी इस शरीर में इतनी संभावनाएं छोड़ी हैं कि भोगने उतर जाओ तो जानवर से भी ज्यादा भोग सकते हो। यदि इस शरीर का सही उपयोग करके अभ्यास से इसके भीतर हृदय में विराजमान परमानंद का साक्षात्कार कर लिया जाए तो इसी शरीर में ब्रह्मांड का सम्राट भी बना जा सकता है। असीम संभावना वाली यह देह जाते-जाते, खत्म होने के बाद भी जिंदगी को लेकर गजब के संदेश दे जाती है। मरने के बाद मनुष्य शरीर जला दिया जाता है, दफना दिया जाता है या बहा दिया जाता है। तीनों ही स्थितियों में इसकी राख, मिट्टी बड़ा संदेश दे जाती है। चिता की राख में जो संदेश है वह उसकी आग में नहीं है। पांच-छह फीट का शरीर कुछ मुट्ठी राख में बदल जाता है।

अब आप सभी गहराई से चिंतन किजिए, यही तो सबसे बड़ा संदेश है कि आखिर में रह क्या जाएगा? जिंदगी भर जिस बात के लिए सारा तमाशा करते हैं, यदि उसके समापन पर नजर डाल लें तो इस स्वांस के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने के लिए तीव्र जिज्ञासा पैदा होती है। वो चंद मुट्ठी राख, वो कब्र की जरा-सी मिट्टी बताती है कि मेरे रूप में तब्दील होने से पहले तुम्हारे पास जो था उसका सदुपयोग कर लेना।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। अब सबको मोबाइल चिंता की बात है।

**-प्रदीप सिंह, रांची**

### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**-आनंद झा, जमशेदपुर**

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित



**भारत** को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले । मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। 1 मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ।

भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निमार्ता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते।मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं ।

अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं । अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है। इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है । इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है । धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं ।



**-अरूण दीक्षित**

> पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते।मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं।

कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है । शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ₹ ई, श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है । बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वहीं उद्योगों और कार्य स्थलों को चिह्नत कर उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहीं दूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता-भाई और माता नहीं है तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है। एक तरफ बीमार मां को दवा के लिए रुपये जुटाने हैं। दूसरी तरफ बाल मजदूरी अपराध है।

ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिह्नित कर उनके आश्रितों की मदद भी करें तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं । कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रात-दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना था, इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक खदानों, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1951 में पारित हुआ। इसमें कहा गया कि रोजगार या वेतनमान में जाति धर्म लिंग देश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा ।महिलाओं के सरकारी रोजगार में पदोन्नति के समान औसत दिए जाएंगे।इसमें अब तक कई बार संशोधन भी हो चुके हैं। वर्ष 1976 में बंधुआ मजदूरी में उन्मूलन अधिनियम लागू हुआ। धीरे-धीरे यह अमानवीय मजदूरी प्रथा समाप्त हुई।

खेतिहर मजदूरों के अलावा उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल मजदूरों की समस्याएं बड़ी हैं। उद्योगपतियों-पूंजीपतियों के शोषण से श्रमिक वर्ग पीड़ित था। तभी किसान नेता चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस विषय पर गहन अध्ययन किया। 23 जुलाई 1955 को श्री ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। भारतीय ग्रंथों में श्रम को प्रतिष्ठा दी गई है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में कहा गया है कि किसी भी श्रमिक को कम से कम इतना पारिश्रमिक मिलना चाहिए, जिससे उसका जीवनयापन हो सके।

अतिरिक्त मूल्य के सिद्धांत विषय में प्रसिद्ध दार्शनिक विचारक कार्ल मार्क्स कहता है कि वस्तुओं की तरह श्रम शक्ति का भी मूल्य होता है । उसे बाजार में बेचा-खरीदा जाता है। मजदूर को अपने भरण-पोषण निर्वाह के लिए कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होती है। मशीन की तरह मजदूर भी जर्जर हो जाता है। उसकी जगह नए आदमी की जरूरत पड़ती है। मजदूर से पूरी क्षमता के अनुसार काम लिया जाता है। मजदूर को रहन-सहन के बहुत नीचे स्तर पर रहना पड़ता है। वह आगे कहता है कि वर्ग संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक स्वयं कामगार वर्ग समाज की बागडोर नहीं संभालेगा।

मगर भारत के वैदिक ग्रंथों में यह धारणा नहीं है। यहां प्रत्येक तरह के कला शिल्प को विशिष्ट बताया गया है।

## खास बात

### मुआवजा

**श्रीगोपाल नारसन**

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि यदि रेलवे अपनी ट्रेन के देरी से आने के कारणों का सबूत नहीं देती और यह साबित नहीं करती कि देरी उनके नियंत्रण से बाहर के कारणों की वजह से हुई है, तो रेलवे को ट्रेन के देरी से पहुंचने के लिए यात्रियों को मुआवजे का भुगतान करना होगा। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें ट्रेन के देरी से आने के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे को उपभोक्ता यात्री को 35 हजार रुपए मुआवजे का भुगतान करने के लिए आदेशित किया गया था। राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने अलवर के जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा पारित मूल मुआवजा आदेश की पुष्टि की थी, जिसे रेलवे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

**अदालत ने खारिज किया रेलवे का तर्क**

सुप्रीम कोर्ट में रेलवे की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी थी कि ट्रेन के देर से चलने को रेलवे की ओर से सेवा में कमी नहीं माना जा सकता है। भाटी ने नियम का हवाला दिया कि ट्रेन के देरी से चलने पर रेलवे कीमुआवजे का भुगतान करने की जिम्मेदारी नहीं। लेकिन जस्टिस एमआर शाह और अनिरुद्ध बोस की पीठ ने उनके तर्क को खारिज कर दिया। पीठ ने आदेश में कहा कि अगर ट्रेन देरी से पहुंची है और इसके लिए रेलवे के पास कोई वाजिब आधार नहीं है तो वह मुआवजा देने के लिए जिम्मेदार है।

**जिला आयोग ने दिये मुआवजे के आदेश**

संजय शुक्ला नामक उपभोक्ता यात्री ने जिला उपभोक्ता आयोग में अजमेर-जम्मू एक्सप्रेस ट्रेन के चार घंटे देरी से पहुंचने की शिकायत की कि ट्रेन के देरी से चलने के कारण उनकी फ्लाइट छूट गई और टैक्सी से यात्रा करनी पड़ी।

उन्हें शारीरिक-मानसिक कष्ट के साथ ही वित्तीय नुकसान हुआ। जिला उपभोक्ता आयोग ने रेलवे को इस देरी के लिए यात्री को मुआवजा देने का निर्णय सुनाया जिसे राज्य उपभोक्ता आयोग व राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने भी कायम रखा।

**झारखण्ड** में आम की बंपर पैदावार,पर नहीं मिल पा रहा बाजार।

दूसरी तरफ,नए फूड पार्क की चर्चा।

मेरी जिज्ञासा : संसद में बताया गया कि रांची के सिकीदिरी में फूड पार्क बन चुका,सब्सिडी भी गयी है,पर यहां सब उजड़ा हुआ देख रहा हूं। उसकी सुधि कोई क्यों नहीं लेता?

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**तत्व** की दृष्टि से मनुष्य और समष्टि के अन्य प्राणियों में कोई विभेद नही है,एतदर्थ हमें समवेत होकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना चाहिए।सनातन हिन्दू वैदिक संस्कृति में चिरकाल से ही वैश्विक शान्ति और सद्भावना के सूत्र समाहित हैं ! **-अवधेशानंद गिरी**





**पीएम**-स्वनिधि योजना की लाभार्थी भोपाल की नाजमीन जी ने बातचीत के दौरान दिखाया कि वो किस प्रकार डिजिटल ट्रांजैक्शन करती हैं।

**-नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# भगवान राम का संपूर्ण जीवन गुरु आज्ञा को समर्पित रहा

## धर्म

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भगवान** राम का वन गमन किसके आदेश पर हुआ? सामान्य तौर पर लोग पिता राजा दशरथ के आदेश पर वनगमन की बात करते हैं।

राजधानी रांची के टीपूदाना स्थित बसारगढ़ के ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर की शाखा कुटी रांची में सतसंग के क्रम में स्वामी सत्यानंदजी परमहंस ने कहा कि भगवान राम का पूरा जीवन सदगुरु की आदेश से ही संचालित हुआ था। राम के वन गमन के प्रसंग में जब राम, सीता और लक्ष्मण वन जाने को तैयार हुये और सुमंत उनके साथ थे तो पूरी अयोध्या की जनता ने राम को घेर लिया। अयोध्यावासियों का राम से अगाध प्रेम था। उनलोगों ने कहा कि भरत को सिंहासन दिये जाने की बात से उन्हें कोई शिकायत नहीं है लेकिन राम को वन जाने का आदेश तो पिता ने नहीं दिया है। राम वन नहीं जा सकते हैं। यह बात सच थी कि जब भरत को सिंहासन देने की बात हुई तब तक राजा दशरथ होश में थे उनकी सहमति थी लेकिन वे भगवान राम को वन जाने का आदेश नहीं दे पाये थे। वे राम के वन जाने की बात सोचकर ही अतिव्याकुल हो गये थे। इस स्थिति में राम ने कहा कि मैं पिता की इच्छा पूर्ण करने के लिये वन जाना चाहता हूं। तब निर्णय के लिये गुरु वशिष्ठ का निर्णय अंतिम माना गया और राम,लक्ष्मण सीता सहित सभी अयोध्या वासी गुरु वशिष्ठ के कुटिया में गये। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि राम को मालूम है कि पिता की इच्छा नहीं थी लेकिन उन्होंने वचन दिया था। इसलिये राम ने जो वचन निभाने का प्रण लिया है वह एक पुत्र होने के नाते सही है। इस प्रसंग से यह स्पष्ट है कि वन गमन की आज्ञा गुरु वशिष्ठ ने ही दी थी।

जीवन में चार आज्ञा सबसे महत्वपूर्ण है। माता-पिता, राजा और गुरु की आज्ञा। गुरु वशिष्ठ ने राम से वन जाते समय कहा कि प्रयाग जाये तो भारद्धाज मुनि से अवश्य मिल लें। राम भारद्धाज मुनि से मिले तब मुनिराज ने उनसे कहा कि यमुना पर जाकर चित्रकूट में बाल्मिकी का आश्रम है वहां अवश्य जाये। उस गुरु आश्रम से राम जी को आदेश मिला की सुदीक्ष्ण से अवश्य मिले। वे श्री राम को अगस्त ऋषि से मिलवाये जिन्होंने राम को आगे पंचवटी जाने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि वहां रावण का सैन्य शिविर है। वहां उसका सेनापति खरदूषण रहता है और साथ में सूर्पनेखा नाम की उसकी जासूस भी निवास करती है। वर्तमान समय में वह स्थान नासिक है जहां गोदावरी के तट पर है।

जैसा ऋषियों ने बताया था वैसा ही हुआ और राम के वन गमन की जो भी घटना है वहीं राम को मर्यादा पुरुषोतम राम बनाने के लिये प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाती है। हनुमान जी को गुरु अगस्त का आदेश हुआ कि राम की सेवा करें तो माता शबरी को मतंग ऋषि का आदेश हुआ कि आपको राम आयेंगे तो आगे का रास्ता बताना है और अपनी नवधा भक्ति भी समझ लेनी है। राम के जीवन में गुरु आज्ञा सर्वोपरि थी और उन्होंने गुरु विश्वामित्र और गुरु वशिष्ठ से सभी प्रकार के ज्ञान अर्जित किये थे।

बात 1944 की है जब गढ़वाघाट के स्वामी जी महाराज श्री के पास एक तांत्रिक आया और उसने कुछ जादू दिखाने की बात कही। लेकिन जब वह अपने यंत्रों की सिद्धी करने लगा तब वह एक घंटा बाद भी सफल न हो सका और दौड़कर स्वामी जी के चरणों में गिर गया। कहा महाराज जो मंत्र सिद्धी मेरे नियंत्रण में थी वह सब आ रही हैं लेकिन आपमें समा जा रही है। स्वामी जी पराशक्ति थे और तंत्र सिद्धि अपरा जगत की होती है। गुरु की महिमा और आदेश से संचालित जीवन का ही परिणाम था कि राम ने रावण का बध किया लेकिन भगवान ने इसका श्रेय गुरुदेव को दिया कहा-**गुरु वशिष्ठ पूज्य हमारे, उनके कृपा दनुज हम मारे।**

# आखिर आज के युवा इतने उदंड क्यों हो रहे हैं?

## चिंतन

**क्षमा शर्मा**

**मेरी** सोसायटी के पास, पड़ोस की सोसायटी में एक हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति रहते थे। अक्सर जाते-आते दिखते थे, बिना मास्क के। अचानक उनकी सोसायटी के गेट पर उनकी मृत्यु की सूचना दिखाई दी। इन दिनों अरसे से घर के अंदर हूं तो कोई दुखद खबर भी जल्दी पता नहीं चलती। उनके मित्रों ने कहा कि उनसे बार-बार कहा जाता था कि मास्क लगाएं। मगर वह हंसकर कहते थे कि इस इतने लम्बे-चौड़े शरीर का कोरोना क्या बिगाड़ लेगा। लेकिन उन्हें कोरोना ही हुआ और वह नहीं बच सके।

आजकल ऐसी खबरें भी बहुतायत में दिखाई देती हैं, जब दूर खड़े होने की कहने पर या मास्क लगाने के अनुरोध भर से, लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। जिसने कहा है, उसका मास्क उतारकर तार-तार कर देते हैं। सब जगह जब महामारी के कारण लोग परेशान हैं, अकेले हैं, तरह-तरह की चिंताओं से ग्रस्त हैं तो एक तरफ उनका गुस्सा बढ़ा है, तो दूसरी तरफ अहंकार भी। वरना मास्क लगाना या दूर खड़े होने की कहना तो उनकी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मगर न जाने क्यों सोच में यह बात बैठी है कि कोरोना यदि कुछ बिगाड़ेगा तो दूसरे का, हमारा कुछ नहीं। हमें कुछ नहीं होगा। जबकि ऊपर लिखा प्रसंग इस बात की गवाही दे रहा है कि यह सच नहीं है। दुनिया भर में इस महामारी से हाहाकार मचा है। दूसरी, तीसरी, चौथी लहर आ रही हैं। अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि देशों में तो सरकारों के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए हैं। जिनमें लोगों ने मांग की थी कि अब वे घरों में रह-रहकर थक चुके हैं और बाहर निकलना चाहते हैं। वहां भी लोगों में अवसाद और गुस्सा बढ़ रहा है। अपने देश में न केवल बुजुर्ग और प्रौढ़ बल्कि बीस झतीस साल के युवा भी गुस्से से नहीं बच पा रहे हैं। पिछले दिनों मैं अपने होम्योपैथ डाक्टर के पास गई थी। वह इस इलाके में बहुत मशहूर हैं। इतनी भीड़ रहती है कि बिना अपॉइंटमेंट के समय नहीं मिलता। शाम का समय था। उनके क्लीनिक पर पहुंची। डाक्टर साहब अभी आए नहीं थे। अंदर जाकर बैठी थी कि एक बीस-बाइस साल की लड़की आई। डाक्टर के सहायक ने पूछा कि समय लिया है। लड़की ने कहा-हां। लेकिन आठ बजे नहीं आ सकती। मेरे इलाके में छेड़खानी की घटनाएं बहुत होती हैं। घर वाले उस समय अकेली नहीं आने देते। साथ में आने वाला कोई नहीं। डाक्टर के सहायक ने कहा-कोई बात नहीं। आप दिखा लीजिएगा। वह लड़की बैठ गई। इसके कुछ देर बाद ही, एक बहुत बुजुर्ग महिला आई। सहायक ने नाम पूछा तो बताया-सायरा। उन्होंने समय लिया हुआ था। लेकिन समस्या यह थी कि वह बैठे कैसे। क्योंकि डाक्टर के यहां अंदर सिर्फ दो लोग ही बैठ सकते हैं। जिससे कि दूरी बनी रह सके। तब उस सहायक ने लड़की से अनुरोध किया कि इन माता जी को बैठने दें। आप बाहर खड़ी हो जाएं। उसकी बात सुनकर लड़की बोली-मैं क्यों बाहर खड़ी हो जाऊं। यह बाद में आई हैं तो ये बाहर खड़ी हों। लड़के ने कहा-आप तो खड़ी हो सकती हैं न।

-क्यों ये खड़ी नहीं हो सकतीं।

-आप जरा इनकी उम्र तो देखिए। -उम्र मैं क्यों देखूं। मैं पहले आई हूं, मुझे तो बस ये मालूम है।सहायक ने उसे समझाना चाहा। यह भी कहा कि जैसे ही डाक्टर साहब आएंगे, इन दोनों के बाद मैं आपको भेज दूंगा। लेकिन लड़की नहीं मानी।

कहीं लड़ाई न हो जाए, यह सोचकर वह बुजुर्ग महिला बोली-बेटा, मैं ही खड़ी हो जाती हूं बाहर। मगर सहायक ने उनसे बैठे रहने को कहा। यह देखकर कि वह उन महिला का पक्ष ले रहा है, लड़की गुस्से से भर उठी। वह चीखने-चिल्लाने लगी। मैंने भी उसे समझाने की कोशिश की लेकिन उसने मुझे भी डपटकर चुप करा दिया।

इतने में डाक्टर साहब आकर अपने केबिन में बैठ गए। लड़की ने यह देखा तो डाक्टर को सुनाकर वह और भी जोरों से चिल्लाने लगी-आप लोगों को यह तमीज नहीं है कि लड़कियों से कैसे बातें करते हैं। इसी तरह इलाज करते हैं, तो दवा ठीक से क्या देते होंगे, जब ठीक से बोल ही नहीं सकते। अब तुमसे सारे सम्बंध खत्म। कभी दवा लेने नहीं आऊंगी।

## स्पीड न्यूज

### मलेरिया दिवस पर कई प्रतियोगिता



रजरप्पा। डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। विद्यालय के नवीं से 12वीं कक्षा की छात्रों के बीच जागरूक संदेश दी गई। इस कार्यक्रम में दसवीं कक्षा के और 12वीं कक्षा की छात्रा श्रद्धा श्रेया तथा राबिया असरारी ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी. सप्ताह दिनो तक चलने वाले कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता, मलेरिया रोग थाम के उपाय, भाषण, पोस्टर मेकिंग, आदि कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य था बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। दोनों शिक्षकों ने मच्छरों से होने वाले कई घातक बीमारियों की जानकारी दी जिसमें मलेरिया भी एक है। मलेरिया से बचाव के लिए घर के आसझपास साफझसफाई रखने एवं बचाव बहुत जरूरी है ताकि हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहे। प्राचार्य डॉक्टर सुजीत कुमार शर्मा ने बच्चों की सक्रियता को सराहा। उन्होंने यह कहा कि बीमारी के प्रति जागरूक होना ही बचाव है। उन्होंने नियमित रूप से मच्छरदानी प्रयोग करें, घर के आसपास के गड्ढों में पानी जमा नहीं जमा होने दें।

### रोटरी क्लब में सेमिनार पांच को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी क्लब ऑफ रांची डिस्ट्रिक्ट 3250 के तत्वावधान में 5 मई को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक सेमिनार स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स रांची में होगा। सेमिनार का विषय है सेवन एरियाज ऑफ फोकस विथ स्पेशल एम्फेसिस ऑन पीस। बिहार एवं झारखंड के लगभग 105 क्लब के प्रतिनिधि भाग लेंगे। मुन्नू कलानी ने बताया कि लुइस आइंद द्वारा स्थायी शांति के लिए बातचीत, मोनिका फेनेल द्वारा न्यायिक प्रणाली तक पहुंच, सुरभि क्याती द्वारा संरचनात्मक हिंसा पर संबोधन किया जाएगा। सेमिनार के मुख्य अतिथि एडीजीपी संजय लथकर, विशिष्ट अतिथि निदेशक एक्सआईएसएस फादर डॉ. जोसेफ मारियानस कुजूर एवं रोटरी 3250 के जिलापाल शिव प्रसाद बागड़िया होंगे। चेयरमैन मुकेश तनेजा ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य झारखंड एवं बिहार के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 200 रोटेरियन और बुद्धिजीवियों को एक साथ लाना है, ताकि वे इस सार्थक चर्चा में शामिल होकर शांति को बढ़ावा देने के लिए रास्ते तलाश सकें।

### कुजू में धूमधाम से मना मजदूर दिवस

**कुजू।** कुजू कोयलांचल के सीसीएल परियोजनाओं में मजदूर दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं में श्रमिक नेताओं द्वारा मजदूर दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नेताओं ने मजदूरों के हित को लेकर अपने-अपने बातों को रखा। साथ ही कहा कि मजदूरों के हक अधिकार को लेकर हम सभी को एक साथ होकर काम करना है। बाद में मजदूरों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। क्षेत्र के सीसीएल परियोजनाओं में तोपा, करमा,आरा, सरूबेड़ा, पुंडी, कुजू, पिंडरा के अलावे महाप्रबंधक कार्यालय कुजू में भी मजदूर दिवस मनाया गया।

### पटेल के नामांकन में कई लोग शामिल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के नामांकन में पतरातू प्रखंड से दर्जनों कांग्रेसी बुधवार को हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व कांग्रेस पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी मतकमा चौक में एकत्रित हुए। जहां से कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, जयप्रकाश भाई पटेल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए झंडा बैनर के साथ हजारीबाग रवाना के लिए रवाना हुए। रवाना होने वालों में मुख्य रूप सुजीत पटेल, प्रेम विश्वकर्मा, लखन राम, मुखिया कोमिला देवी, अनिल कुमार सिंह, कमलेश राम, संजीव सिंह, मो. मुख्तार, योगेंद्र सिंह खरवार, लखन मुंडा, रमेश बेदिया, तारिक रजा, सुनैना देवी, मो. नईम, ईमरान, परवेज आलम, सुमेश्वर बेदिया, रमेश, चंदन रबानी, चन्द्रदेव करमाली, परवेज आलम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### रोड सेल संचालन समिति पुर्नगठित



भुरकुंडा (रामगढ़)। सयाल डी परियोजना अंतर्गत चल रहे रोड सेल संचालन समिति का पुर्नगठन को ले बुधवार शाम सौंदा बस्ती दुर्गा मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष दयानंद प्रसाद और सचिव अंबर कुमार ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी में शत प्रतिशत रोजगार ग्रामीणों को उपलब्ध कराना और सीसीएल के ग्रामीण विरोधी नीतियों को रोकना ही हमारा लक्ष्य होगा। बैठक में सयाल डी परियोजना अंतर्गत चल रहे रोड सेल संचालन के लिए सर्वसम्मति से समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दयानंद प्रसाद, सचिव अंबर कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनारायण प्रसाद, संरक्षक सुजीत प्रसाद उर्फ डब्लू, संरक्षक रमेश मुंडा उर्फ साधु, बासुदेव साहू, रामप्रसाद साहू, नरेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष किशोर प्रसाद, सलाहकार श्रीकांत प्रसाद, हरिहर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, चक्रधर प्रसाद, सुधीर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, विशेश्वर प्रसाद, भरत प्रसाद, सुमित प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रामावतार प्रसाद, कोस सदस्य संजू देवी, मंजू देवी, अंजू प्रजापति, ऋतु देवी, अंजू, सूरज प्रसाद बाउरी, पवन साहू, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, पवन बाउरी, जयकेश करमाली, मनोरंजन प्रसाद, सह सचिव बंधु करमाली, राजीव रंजन प्रसाद, राजकुमार, बादल बाउरी, संजय गिरी, मीडिया प्रभारी गुलाब प्रसाद साव, ललित, सोनू कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार, रामसेतु प्रसाद, टिंकू प्रजापति, कोर सदस्य अनूप साहू, नितेश प्रसाद, योगेश्वर कुमार, अभिषेक कुमार, गुड्डू बाउरी चुने गये।

झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने दाखिल किया नामांकन, कहा

# जनता का अपार समर्थन हमारे साथ

**केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, उपाध्यक्ष एनुल हक अंसारी सहित कई पदाधिकारी हुए शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा अपने समर्थकों कार्यकताओं और लोकसभा क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में शामिल जनता के संग हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे और निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन प्रचा दाखिल किया। इस मौके पर झारखंड पार्टी (झापा) के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल उल हक अंसारी, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा, झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा सहित झारखंड पार्टी के कई केंद्रीय नेता शामिल थे। नामांकन को लेकर राजकुमार कुशवाहा के पैतृक निवास तिलैया झुमरा में सुबह 7:00 बजे से ही समर्थकों का जमा होना शुरू हो गया। इस बीच गाजे बाजे के साथ 9:00 बजे झुमरा से नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भगवान के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त कर अपने कार्यकताओं और समर्थकों के संग गाजे बाजे के साथ नामांकन कार्यक्रम की शुरूआत किया तत्पश्चात हजारीबाग के गांधी मैदान पहुंचकर हजारों की संख्या में कार्यकताओं, समर्थकों और लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में हजारीबाग डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक, डीवीसी चौक होते हुए हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे जहां उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के समक्ष अपना नामांकन प्रचा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से मुखातिब होकर राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहा हूं और गांव-गांव तक सुदुरवर्ती क्षेत्रों तक जाकर जन जन तक पहुंच रहा हूं और उनकी समस्याओं से रूबरू भी हो रहा हूं और झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है के लिए समर्थन की अपील कर रहा हूं और जनता जनार्दन से अपार बहुमत के रूप में आशीर्वाद और जनसमर्थन की अपील कर रहे हैं।कहा कि झारखंड अलग राज बने लगभग 24 वर्ष हो चुके हैं और इन 24 सालों में राष्ट्रीय पार्टियों ने झारखंड को लूटने का काम किया है और यहां के लोगों के साथ छलने का काम किया है जिसे जनता देख और समझ रही है कहा कि चुनाव तो जनता जनार्दन लड़ती है और जनता काफी सूझबूझ के साथ इस बार के चुनाव में मतदान करेगी और क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जीताने का काम करेगी जनता जनार्दन ये निर्णय भी ले चुके हैं कि झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा को अपार मतों से जीत दिलाएंगे। इस मौके पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने मीडिया से मुखातिब होकर कहा कि आज झारखंड के पिछड़ेपन और यहां के आदिवासियों, मूल निवासी व अल्पसंख्यकों के हालात के जिम्मेदार एनडीए और यूपीए के लोग हैं जिन्होंने झारखंड को पिछड़ेपन का शिकार बनाया और अंधकार में धकेल दिया कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं से भरा पड़ा है मगर झारखंड के लोगों को उनका हक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। इस मौके पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी, झारखंड पार्टी के मीडिया सेल हेड लाल किशोर दास, झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, सपना कुमारी आभा कुमारी, बबलू खान, हसन बाबू, योगेंद्र महतो, नारायण प्रसाद, सहित सैकड़ों की संख्या में झापा नेता कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे।

# जायसवाल ने दुलमी और रामगढ़ नगर परिषद के 25 स्थानों में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग में अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उनके नामांकन सह आशीर्वाद सभा में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से जनसैलाब उमड़ा। गुरुवार को जायसवाल ने रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड और रामगढ़ नगर निगम क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक क्षेत्र का तूफानी दौरा किया और 20 मई को होने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने का अपील किया। इस दौरान 44 डिग्री सेल्सियस तापमान में मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा। हर क्षेत्र में जायसवाल को आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए लोगों का अपार भीड़ जुटा। लोगों ने सांसद प्रत्याशी जायसवाल का गाजा- बाजा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। जायसवाल ने दुलमी प्रखंड क्षेत्र के जमीरा, कोरचे, उसरा, इचातु, जामसिंघ, दुलमी बाजार, दुलमी सीआईडी चौक, सिरु, प्रियातु चौक, पोटमदाग, कुल्ही, उरवां, व्यांग और रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र स्थित बाजार टांड़, पासवान टोला, पुराना शांति टॉकीज, महतो टोला, सुभाष चौक, लोहार टोला, बिजुलिया, पतरातु बस्ती, विकास नगर, पंचवटी अपार्टमेंट और पोचरा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने नामांकन सह आशीर्वाद सभा में उमड़े जनसैलाब के लिए पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार जताया और धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता का यह प्रेम, स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन इसी तरह बना रहें। उन्होंने कहा की देश की तरक्की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए मुझे अपना सांसद और तीसरी बार देश में मोदी सरकार चुनें। मौके पर विशेषरूप से आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहु , केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, दुलमी भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार, भाजपा नेता रंजित पांडेय, सरदार अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, बसुध तिवारी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, आजसू के छात्र संघ जिला अध्यक्ष देवा महतो, जिला उपाध्यक्ष दया सागर महतो, जिला उपाध्यक्ष दिलीप महतो, प्रखंड सचिव सुरेश पटेल, भाजपा के जिला मंत्री दिलीप कुमार सिंह, रामगढ़ विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य इंद्रदेव साव, आनंद बेदिया, महामंत्री विक्की कुमार महतो, हरेंद्र करमाली, एसटी मोर्चा के द्वारिका करमाली, एससी मोर्चा रंजीत नायक, मच्छेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### निशा जायसवाल ने चौपारण के कई गांवों में पति के लिए मांगा वोट



**चौपारण।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की पत्नी निशा जायसवाल ने भी चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। भाजपा महिला मोर्चा, हजारीबाग की अध्यक्ष रेणुका कुमारी के नेतृत्व में उन्होंने गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड स्थित चौपारण भाजपा पूर्वी मंडल और बरही मंडल से प्रचार अभियान की शुरूआत की। निशा जायसवाल ने भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों और साथियों के साथ चौपारण प्रखंड स्थित ग्राम पांडेयवारा, सेलहारा और बरही प्रखण्ड स्थित बरहीडीह में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया। निशा ने अनोखे तरीके से हंसते- हंसाते, गाते झूमते हुए मतदाताओं को राष्ट्रहित में कमल के फूल पर मतदान करने की अपील की ।

# पतरातू में हथियार के साथ रांची जिले के तीन अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। हथियार के साथ जिले में अपराध को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी डॉ बिमल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रमेश मुंडा, रूपन हांसदा और बालतू मांझी शामिल हैं। यह तीनों रांची जिला क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक लोडेड देशी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल, .315 एमएम का जिंदा का दो कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त किया है। एसपीको गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ जिला में रांची से कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से हथियार से लैश होकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देन लिए आए हुए हैं। इस सूचना के आधार पर एसपी ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता द्वारा पतरातू- खलारी मुख्य मार्ग पर एक काले नीले रंग की डिस्कवर मोटरसाईकिल जेएच 01 आर 2171 पर सवार तीन व्यक्तियों को रुकने को कहा। वे लोग पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल पीछे मुड़ाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल के द्वारा उक्त मोटरसाईकिल सवार तीनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों की तलाशी लिया गई। इस एक लोडेड देशी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, .315 एमएम का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

### दीनू साव की पुत्री के विवाह के लिए झारखंड सेवा समिति ने किया सहयोग



**रामगढ़।** चितरपुर रजरप्पा निवासी दीनू साव की पुत्री प्रिया कुमारी के विवाह के लिए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने बर्तन ड्रम सेट, 4 कुर्सी , डाइनिंग टेबल और बक्सा दीनू साव को दिया। मुखिया मंजू देवी ने बताया कि दीनू साव की पुत्री का विवाह 26 मई को संपन्न होना है। कहा कि पुत्री के विवाह के लिए दीनू साव परेशान थे। जब इसकी जानकारी झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा को मिली तब उन्होंने दीनू साव की पुत्री के विवाह के लिए बर्तन ड्रम सेट, 4 कुर्सी , डाइनिंग टेबल और बक्सा ज्ञान महिला समिति के माध्यम से उपलब्ध करवाया। उनके इस पहल की लोग प्रशंसा कर रहे हैं। ज्ञान महिला समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने कहा कि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा दयालु प्रवृति के व्यक्ति हैं जो जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद करते रहते हैं। कहा कि हम उनके इस पहल के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

# जायसवाल को जिताने में जुटे हैं आजसू कार्यकर्ता : सीपी चौधरी

**भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल हुये आजसू कार्यकर्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता




कुजू। एनडीए हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन में सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता हुए शामिल। कार्यकर्ता आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व मुरपा स्थित प्रखंड कार्यालय एकत्रित हुए। रवाना होने से पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का आजसू कार्यकर्ताओ ने भव्य स्वागत किया। चौधरी ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल नामांकन कर चुनाव में जीत के लिए आगे बढ़ रहे है। उनकी जीत को लेकर आजसू कार्यकर्ता दिन रात लगे हुए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। तिवारी महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत सुनिश्चित है। उनके टक्कर में कोई नहीं है। हम सभी कार्यकर्ता उनकी जीत को लेकर रोजाना जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वह हमारे सांसद बनेंगे। रवाना होने वालों में बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, विजय साहू, गुड्डू यादव, नरेश महतो, तेजनाथ महतो, रामभजन लाल महतो, जय किशोर महतो, अरविंद कुमार, गुड्डू सिंह, बीना देवी, मदन महतो, मनोज महतो, अमित ठाकुर राधे, आशीर्वाद कुमार, हेमनी देवी, नितेश गुप्ता, राजू नायक, संजीत पटेल, जगदीश आडवाणी, पारस महतो, महेश ठाकुर, राहुल सिंह सरिता सिंह, चिंटू सिंह, सनी कुमार आदि शामिल है।

### जायसवाल के नामांकन में दर्जनों भाजपाई हुये शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जयसवाल के नामांकन कार्यक्रम में पतरातू प्रखंड से दर्जनों भाजपाई बुधवार को हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाई मतकमा चौक भुरकुंडा में एकत्रित हुए। जहां से भाजपा जिंदाबाद, मनीष जयसवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए ढोल-नगाड़ों के साथ हजारीबाग के लिए रवाना रवाना हुए।

## एक नजर में

### एनटीपीसी केरेडारी ने श्रमिक दिवस मनाया



बड़कागांव। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने को श्रमिकों के सम्मान के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया। परियोजना के प्रमुख प्रभारी शिव प्रसाद ने केरेडारी परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया । श्री प्रसाद ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सभी संविदा कर्मियों ने परियोजना के प्रमुख प्रभारी एवं सभी अधिकारियों के साथ विचार साझा किए कि किस तरह से उन्होंने अपने जीवन की कठिनाईयों का सामना किया और केरेडारी परियोजना के विकास में अपना सहयोग दिया। श्रमिकों ने एनटीपीसी कार्यालय की कार्यशैली एवं कार्य स्थल व्यवस्था की सराहना की। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा श्रमिकों के सम्मान का यह उत्सव एक महत्वपूर्ण कदम है ।

### सकारात्मक सोच मंजिल तक पहुंचाएगी : चौहान

**चरही।** परियोजना बालिका उवि चरही और कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय चरही में गुरुवार को खुशी क्लास हुआ। दूसरी पाली में घुटुवा दुर्गा मंडप के पास खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं है। बल्कि इसपर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है। चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से संबंधित मामला आए तो खुशी क्लास से संपर्क करें। नि:शुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। इस मौके पर खुशी दूत संदीप शाह, वार्डन सीमा हीरो,संतोषी कुमारी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### चरही : ईटा लदा टार्बो पलटने से चार घायल

**चरही।** उल्हारा में ईटा लदा टार्बो वाहन पलटने से चालक चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घाटो थाना क्षेत्र के बसंतपुर वासरी स्थित जेबीसी चिमनी भट्ठा से टार्बो वाहन में ईटा लोड कर चरही की ओर आ रहे थे। उसी दौरान उल्हारा स्थित चरही -घाटों मुख्य सड़क में अचानक चार बैल कूद पड़े और सड़क में टार्बो पलट गया। जिससे चालक सहित तीन मजदूर दब गये। चरही पुलिस पहुंचकर सभी घायलों को उचित ईलाज के लिये हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में चरही के राजेश टुडू पिता,आकाश किस्कु ,आकाश टुडु, संतोष टुडू शामिल हैं।

### आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**बरही।** भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने केजी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक को अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया है। यह आदेश आवासीय विद्यालय को छोड़ सभी प्रकार के सरकारी, गैर सरकारी, अल्पसंख्यक, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों के लिए लागु होगा। बीईईओ ने आदेश में यह भी अंकित किया है कि विभिन्न स्रोतों से यह भी जानकारी मिली है कि कुछ निजी विद्यालय सरकार के आदेशों का उल्लंघन कर विद्यालय चल रहे हैं, पकड़े जाने पर ऐसा नहीं करने वाले विद्यालयों के खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी।

### पूर्व मुखिया ने मतदान को लेकर दिलायी शपथ

**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम करगईयो में कृषक मित्र रघुवीर यादव ने लोकसभा चुनाव को लेकर महिला मतदाता को जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। महिला सशक्तिकरण को लेकर मतदान के लिए आगे आने को कहा। इस बाबत कृषक मित्र रघुवीर यादव ने यह भी बताया कि कोई भी मतदान से नही छुटे। यह चुनाव का पर्व देश का गर्व है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में पुरुष मतदाता के अलावा महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका है। मौके पर कई महिला व पुरुष मौजूद थे।

### बुद्धिजीवी मंच ने मनाया मजदूर दिवस

**बरही।** बुद्धिजीवी मंच के कार्यालय में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संचालन महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। अध्यक्ष इशो सिंह ने मजदूरों की दयनीय स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में केवल 20 प्रतिशत पूंजीपति है 80 प्रतिशत मजदूर हैं जो दिन भर परिश्रम करके अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं ।चाहे छोटा व्यापारी हो या राज कर्मचारियों या किसी प्रकार वेतन पर काम करने वाला हो यह सभी मजदूर है। लेकिन आज दैनिक वेतन पर काम करने वालों को ही मजदूर मानते हैं और इसीलिए आज मजदूर वर्ग संगठित नहीं है। उन्होंने मजदूरों को संगठित होने का आह्वान किया। वहीं महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने कहा कि देश की विकास पर मजदूर भाईयों एवं बहनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत और झारखण्ड राज्य सरकार की तरफ से श्रमिकों के हित के लिए कई कल्याणकारी योजना चल रही है। जिसका लाभ उन्हें उठाने की अपील की। मौके पर अध्यक्ष ईशो सिंह, महासचिव महेंद्र दुबे, संजय दुबे, कामेश्वर सिंह, नकुलदेव राणा, राम प्रसाद राम, सरजू राम, रामनारायण प्रसाद, कैलाश प्रसाद, अनमोल राम, साधु शरण दास, दीपक कुमार यादव, कमलेश यादव, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, महेंद्र महतो, मनोज घोष, संजय कुमार सिंह, प्रेम कुमार महतो, कैलाश सिंह, गोविंद महतो, रामचंद्र पांडेय, राजकुमार रविदास, कैलाशपति सिंह, महेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे।

### कोल माइंस वर्कर्स यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस



भुरकुंडा (रामगढ़)। अंतरराष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर बुधवार को कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय नकारी कॉलोनी में पूरे धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता विस्थापित नेता मोहन मांझी व संचालन मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने किया। झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने क्षेत्रीय कार्यालय में लाल झंडा फहराकर किया। तत्पश्चात शहीद और दिवंगत साथियों के निधन पर शहीद बेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में नकुल प्रसाद, सोमरा मुंडा, मधु बाउरी, राजेश वर्मा, नरेश नायक, मानवी, आयुषी, जय कुमार मिश्रा राहुल सिंह व अन्य शामिल थे।

### हक के लिए एकता बनाए रखें मजदूर : मनोज गुप्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेंट्रल सौन्दा हाथीदाड़ी क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के तत्वावधान में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जगरनाथ पासवान व संचालन आजाद भुंइया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआतयूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल व केन्द्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया। आरपी सिंह चंदेल व मनोज गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ही अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों के उपर बम विस्फोट किया गया था। जिसमें 100 से अधिक मजदूर घायल हो गए थे। केंद्रीय सचिव गुप्ता ने मजदूरों से एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि मजदूर दिवस शहीद मजदूरों की याद दिलाती है। इसके पूर्व शहीद मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही दुनिया के मजदूर एक हों का नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर आरपी सिंह चंदेल, मनोज गुप्ता, आजाद भुंइया, विक्की टंडन, अमित सोरेन, गोविंद करमाली, के.डी. सिंह, त्रिभुवन साव, सुरेश महतो, बिरेन मांझी, भोला कुमार राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### बीड़ी पत्ता लदा वाहन को जलाने का प्रयास

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के पाराडीह गांव में बीड़ी पत्ता लदे वाहन को कुछ लोगों ने जलाने का प्रयास किया। वाहन मालिक मो० जमाल अहमद ने जब इसका विरोध किया तो उन पर पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे उनका सिर फट गया। उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के अनुसार, बीड़ी पत्ता लदा ट्रक (जेएच 01 एएल 3186) पाराडीह से होते हुए चतरा-बगरा बाईपास रोड पर जा रहा था। इस दौरान जगदीश निषाद और उनके बेटे सुनील निषाद ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर ट्रक को रोक लिया। चालक ने इसकी सूचना वाहन मालिक को दी। वाहन मालिक मौके पर पहुंचे और ट्रक को रोकने की कोशिश की। आरोपी रंगदारी मांग रहे थे और जब वाहन मालिक ने देने से इनकार कर दिया तो उन्होंने ट्रक को आग लगाने की कोशिश की। साथ ही, उन्होंने वाहन मालिक के सिर पर पत्थर मारकर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना की सूचना सदर पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। ट्रक मालिक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अजय शुक्ला बने कर्णपुरा पावर प्लांट के नये एचओपी

**चतरा।** एनटीपीसी के केंद्रीय कार्यालय ने अजय कुमार शुक्ला को कर्णपुरा संयंत्र का नया प्रमुख नियुक्त किया है, जबकि वर्तमान परियोजना प्रमुख एस के पांडा को स्थानांतरित कर विक्रान पोस्टिंग दी गई है। अजय शुक्ला पहले कर्णपुरा संयंत्र में सीजीएम ओएंडएम के पद पर कार्यरत थे।

### पुलिस ऑब्जर्वर का मरकच्चो व कोडरमा प्रखंड का दौरा

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ऑब्जर्वर नीली कुमार सुब्रमण्यम का मरकच्चो व कोडरमा प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत डुमरगढ चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और कहा कि चेकपोस्ट पर पर्याप्त मात्रा में फोर्स की तैनाती रहे। वहीं उन्होंने सभी प्रकार के वाहनों की गहनता से जांच करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत पथलडीहा व नगरखारा के विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया।

### अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्गत नवादा बस्ती के बैजनाथ यादव पिता रामचन्द्र यादव के यहां छापेमारी कर उसके पास से अवैध हथियार व गोली बरामद किया। इस संदर्भ में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि गठित टीम द्वारा बैजनाथ यादव के घर पर छापेमारी कर एक देशी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस के साथ बैजनाथ यादव को गिरफ्तार किया गया। इस सन्दर्भ में तिलैया थाना काण्ड सं.97/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्वाई की जा रही है।

### असंतुलित मोटरसाइकिल पिलर में मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़सिह खैरा हनुमान मंदिर के समीप बुधवार को असंतुलित हो जाने से मोटरसाइकिल ईंट से बने पिलर में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल युवकों की पहचान 22 वर्षीय टूटू कुमार पिता रामस्वरूप राजवंशी थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनियांडीह निवासी तथा 17 वर्षीय सोनू राजवंशी पिता राजेन्द्र राजवंशी पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला अंतर्गत रोह निवासी के रूप में हुई है। घायल दोनों युवक आपस में जीजा साला लगते हैं। दोनों युवक बासोडीह से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे।

# कोडरमा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन दाखिल





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा लेकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अयक्ष बाबूलाल मरांडी, कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ. नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, लुईस मरांडी, अमित यादव, रंधीर सिंह विधायक सहित, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रणव वर्मा कोडरमा के भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, कोडरमा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रामचंद्र सिंह, रवि मोदी सहित भारी संख्या में लोग नामांकन कक्ष के बहार खड़े थे।

नामांकन के बाद गिरिडीह के झंडा मैदान में हजारों की संख्या में जन-समूह के समक्ष एक जन सभा का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की उमड़े जन सैलाब को देखकर यह साफ पता चलता है की कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है। साथ ही उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा की झारखण्ड की सभी सीटों पर भाजपा और आजसू की जीत सुनिश्चित है। साथ ही पुरे देश में नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है और लगातार तीसरी बार भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा की उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है और एक बार वो फिर जनता की अदालत में खड़ी हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है की पुनः जनता एक बार फिर उन्हें क्षेत्र का विकास करने के लिए भारी मतों से उन्हें विजयी बनायेंगी। साथ ही भारत के प्राानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन पर मोहर लगाकर इस बार 4 सौ के पार की बात को सिद्ध करेंगी। नामांकन के समय उमड़े जन सैलाब को देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और जीत के प्रति उनके मनोबल में वृद्धि हुई है। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा की पिछली बार से ज्यादा इस बार भाजपा को ज्यादा मत मिलेंगे और अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है। मौके पर भैया अभिमन्यु प्रसाद, रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, विकाश प्रीतम, नितेश चन्द्रवंशी, राजकुमार यादव, चन्द्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नू, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिंह, डॉ. नरेश पंडित, बालमुकुन्द सिंह, जगदीश सलूजा, प्रकाश राम, वीरेंदर सिंह, गौरख नाथ सिंह, रवि मोदी, शशिभूषण प्रसाद सहित कई लोगों ने कहा की कोडरमा संसदीय क्षेत्र से अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है।

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 1 एवम 2 के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि मजदूरों को सम्मान देने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए दुनिया भर में प्रतिवर्ष 1मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका काफी लंबा इतिहास रहा है जिसमें मजदूरों को पूंजीपतियों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए समय समय पर दुनिया के अलग अलग देशों में किए गए आंदोलनों की कहानी है। किसी देश के विकास में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रो0 ललित मोहन चौधरी ने कहा कि मजदूर दिवस की शुरूआत 1886 ईस्वी से न्यूयार्क से की गई जबकि भारत में चेन्नई से 1923 से इसका प्रारंभ हुआ। वामपंथी पार्टियों ने मजदूरों के हितों में कार्य करने के लिए औद्योगिक प्रबंधकों तथा सरकारों को मजबूर किया। कार्ल मार्क्स ने मजदूरों को संगठित होने के लिए दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा दिया। मजदूर ही किसी राष्ट्र के नवनिर्माण और विकास के रीढ़ होते हैं। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं एवम छात्र छात्राओं ने भी संबोधित करते हुए मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवम धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस इकाई एक के कार्यक्रम प्रभारी प्रो0 संदीप कुमार ने की।

## हर्षोल्लास के साथ मना मजदूर दिवस

**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ-यूनिट ऑफ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस के अवसर पर संस्थान में कार्यरत सहायक कर्मचारियों को सम्मानित करने व आभार प्रकट करने के उद्देश्य से बड़े धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसिमे, निदेशिका शुभा कपसिमे, प्राचार्या नीरजा, स्कूल की आया दीदी, ड्राईवर भईया व अन्य सहायक कर्मचारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं केक कटिंग के साथ हुई। परिवहन प्रभारी अनिल कुमार यादव ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा यह दिवस दुनियाभर के सभी मजदुरों के सम्मान और उपलबियों का प्रतीक है। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए दीदी व भईया के लिए खेल प्रतियोगिता की गयी, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं निदेशक द्वय अविनाश सेठ व मनीष कपसिमे ने सहायक कर्मचारियों के मेहनत व समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इनके योगदान के बिना किसी भी संस्थान की उन्नति संभव नहीं है। पूर्ण ईमानदारी से संस्थान को अपना सहयोग करें। वहीं स्कूल की प्राचार्या नीरजा ने सहायक कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा यह वास्तव में एक विशेष कार्यबल है, जो समाज के कल्याण और बेहतर जीवन के लिए लगातार प्रयास करते हैं।

### टंडवा एनटीपीसी में नौकरी दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला

## समाज सेवी रामदेव पासवान ने प्रेस वार्ता कर किया मामले का खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टंडवा एनटीपीसी प्रबंधन के अधीनस्थ कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनियों और एचआर विभाग के संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। प्लांट के रैयत सह समाज सेवी रामदेव पासवान ने इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कंपनियां और एचआर विभाग के अधिकारी मिलकर लोगों से नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ले रहे हैं और उन्हें नौकरी नहीं दे रहे हैं। एनटीपीसी के एचआर विभाग के सनी सेठ पर प्लांट के अधीनस्थ कंपनियों में नौकरी लगाने के नाम पर 30 से 50 हजार रुपये लेकर बेरोजगार युवकों को ठगने का आरोप लगा है। श्री पासवान ने दावा किया है कि उनके पास इस बात के प्रमाण हैं और समय आने पर वह उन्हें सबके



सामने पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी प्लांट में स्किल, नॉन स्किल और हाई स्किल में नौकरी देने के लिए पैसे लिए जाते हैं। विस्थापित गांव के भु-दाताओं को नॉन स्किल में रखा जाता है, जबकि बहरियों को पैसे लेकर हाई स्किल में रखा गया है। श्री पासवान ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि एनटीपीसी प्लांट लगने से बिजली, पानी और सुविधा मिलेगी, लेकिन इसके विपरीत हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सनी सेठ और एचआर विभाग द्वारा की गई बहाली की जांच होनी चाहिए, क्योंकि कई लोगों ने पैसे देकर नौकरी पाई है। श्री पासवान ने सनी सेठ को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने रोजगार के नाम पर मोटी रकम लेना बंद नहीं किया, तो वह मजबूरन ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्लांट के कुछ चहेते और दलाल किस्म के लोग सनी सेठ के नाम पर पैसे ले रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए।

## मतदान केंद्रों व क्लस्टरों का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज प्रखंडवार मतदान केंद्रों, क्लस्टर प्वाइंट व इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं, रूट चार्ट, मतदान कर्मियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली जा रही है। इस दौरान बुधवार को उन्होंने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत सबसे सुदूरवर्ती व पहाड़ों के बीच बसे गांव में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इन सभी मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था, मतदाताओं के लिए वाहनों की व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था समेत मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि की जानकारी ली।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पत्थलगड़ा में चुनावी सभा को किया संबोधित

## कांग्रेस ने 60 साल में जो नहीं किया, वह मोदी ने 10 वर्षों में हीं कर दिखाया: केशव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के पत्थलगड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल में जो नहीं किया, वह मोदी ने 10 वर्षों में कर दिखाया है और भ्रष्टाचार मुक्त भारत ही नहीं, झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है और राहुल गाँधी




अपने जीवन में भी धारा 370 को वापस नहीं ला सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को सौंप दिया था और उस पाकिस्तान वाले कब्जे के कश्मीर क्षेत्र में तिरंगा फहराने के लिए चार सौ पार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर मोदी नहीं होते तो सर्जिकल स्ट्राइक नहीं होता और राम के चरणों में इतना कमल चढ़ाया जाए जिससे झारखंड सहित भारत कांग्रेस मुक्त हो जाए। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, ज़िला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, उज्जवल दास, सुजीत भारती, बालेश्वर कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

## सोशल मीडिया के जरिए जागरूक किए जाएंगे मतदाता

### 7 मई को चलाया जाएगा 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' सोशल मीडिया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में व्यापक मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई 2024 को शाम 6 से 8 बजे के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल पर 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' सोशल मीडिया अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश गोलप की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें अधिकारियों के




साथ कार्य योजना बनाते हुए स्वीप के तहत विभिन्न स्टेक होल्डर्स के माध्यम से गतिविधियों को संचालित कराया जाएगा। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे 7 मई 2024 को शाम 6 से 8 बजे के बीच 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर वीडियो, फोटो आदि अपलोड करें। इसके अलावा, 7 मई 2024 को शाम 5 बजे सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ जागरूकता ग्रुप की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मतदाता शपथ का प्रतिज्ञापन और मतदाता जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी वेदवंती, स्वीप नोडल पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

## सोलह पेटी अवैध शराब के साथ सेंट्रो कार जब्त, चालक फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल नंबर की एक स्काई ब्लू रंग की हुंडई सेंट्रो कार से 16 पेटी, 384 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि माफिया इस शराब को बिहार भेजने वाले हैं। एसडीपीओ रोहित राजवार और थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में भद्रकाली जाने वाली मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया गया, जहाँ उक्त रंग की सेंट्रो कार आती दिखी। गाड़ी को रोकने पर वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। बरामद शराब में मैकडॉवेल, स्टर्लिंग रिजर्व और रॉयल स्टैग शामिल हैं। पुलिस ने एंड्रॉइड मोबाइल और स्काई ब्लू रंग की हुंडई सेंट्रो कार को भी जब्त कर लिया है। पुलिस शराब के मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी, गोलक चंद महतो, रविकांत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## पांचवें दिन चतरा लोकसभा सीट पर 08 उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट पर पांचवें दिन गुरुवार को 08 उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है, जिसमें मोहम्मद अबुजर खान निर्दलीय, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडों बहुजन मुक्ति पार्टी, श्री राम सिंह निर्दलीय, जय प्रकाश सिंह भोक्ता निर्दलीय, योगेश कुमार सिंह झारखंड पार्टी और नागमणि निर्दलीय के प्रस्तावक द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चतरा लोकसभा सीट से अब तक 20 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं और अब तक कुल 28 नामांकन पत्र बिक चुके हैं।

## जिप उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, युवाओं ने किया रक्तदान



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के जन्मदिन और मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय रेडक्रास सोसायटी चतरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग एक दर्जन युवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवकों ने जिप उपाध्यक्ष को जन्मदिन की बधाई दी और उनके मार्गदर्शन पर चलते हुए रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सतीश सिंह, कमांडो रजक, प्रिंस केशरी, रूपेश केशरी समेत अन्य लोग शामिल थे। युवकों ने कहा कि किसी की जान बचाने के लिए अपने खून की एक बूंद भी देने से पीछे नहीं हटे।

## टंडवा में भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह की तैयारियां शुरू



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा।** टंडवा के शहीद चौक में सर्वब्राह्मण समाज की बैठक में 10 मई 2024 को टंडवा के टाउन हॉल में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो टंडवा के नगर भ्रमण करेगी। बैठक में उपेंद्र पाण्डेय ने अध्यक्षता की और प्रकाश पाठक ने संचालन किया। बैठक में कामेश्वर पाण्डेय, गोविंद तिवारी, विकास पाण्डे, विजय गिरी, बैजनाथ पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, अजित पाण्डेय, मिथलेश पाण्डेय, सरोज पाण्डेय, धनंजय चौबे, अभिनय मिश्रा, प्रवेश पाण्डेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## साईं आयरन फैक्ट्री में जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विाकि सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर साईं आयरन फैक्ट्री झुमरीतिलैया में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि किसी भी देश के विकास में श्रमिकों का अहम योगदान होता है, श्रम करने वाला ही देश का सच्चा सिपाही है। आज लाखों करोड़ों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय, प्रतिबद्धता और निष्ठा का दिवस है। मौके पर कुमार विवेक, डीके शर्मा, बलिराम सिंह, नरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, मुन्ना कुमार, नरेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, संतोष कुमार सिंह, मनोज कुमार समेत सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सिंहभूम को तानाशाही नहीं,जनप्रिय सांसद की जरूरत : जोबा माझी

**राजनगर/जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी गुरुवार को अपने मायका राजनगर प्रखंड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कुजू, तेलाई, लोदा, बंदोडीह, केलुगोट, गोलिया, श्यामसुंदरपुर, किता, बाबा तिलका माझी चौक, विश्रामपुर, बीटा, केसरगढ़िया, मुरुमडीह, कटंगा आदि गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। जोबा माझी ने कहा सिंहभूम की धरती ने कभी तानाशाही को स्वीकार नहीं किया, यही कारण रहा की अंग्रेज भी यहां शासन नहीं कर सके। उन्होंने कहा सिंहभूम की जनता को तानाशाही नहीं जनप्रिय सांसद की जरूरत है।

## दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व स्थगित, नयी तिथि की घोषणा जल्द

**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में आयोजित होनेवाली द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह अपरिहार्य परिस्थितिवश विधि व्यवस्था के कारण बौद्ध मंदिर मैदान से संबंधित प्रशासनिक अनुमति रद्द होने के कारण तत्काल स्थगित किया जा रहा है। समारोह 4 और 5 मई (शनिवार और रविवार) को बौद्ध मंदिर मैदान साकची में आयोजित होना था।

## बागुननगर टीओपी मैदान के बगल में जुस्को बनायेगी सब स्टेशन

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय के प्रयास से कई क्षेत्रों में टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) की बिजली प्रदान करने का कार्य चल रहा है। बारीडीह बस्ती और शांतिनगर तथा शक्तिनगर में भी जुस्को बिजली प्रदान किया जाना है। इसके लिए एक सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। सब स्टेशन निर्माण के लिए स्थल का चयन किया जाना है। स्थल का चयन करने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बारीडीह क्षेत्र का भ्रमण किया। बारीडीह के बागुन नगर, टीओपी मैदान और हरि मैदान के किनारे स्थित खाली भूखंड को जुस्को के अधिकारियों ने सब स्टेशन निर्माण के लिए उपयुक्त पाया। अधिकारियों ने बताया कि शीघ सब स्टेशन निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

## एक्सएलआरआई बनी इन्वेस्टिंग ओलंपियाड में की तीसरी विजेता

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की टीम ने एनजे फैक्टर इन्वेस्टिंग में दूसरे रनर अप का खिताब अपने नाम किया है। एनजे म्यूचुअल फंड एंड असेट की ओर से आयोजित एनजे फैक्टर इन्वेस्टिंग ओलंपियाड का आयोजन किया गया था जिसमें देश के आइआइएम के साथ ही कुल 30 बिजनेस स्कूलों की 69 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की ओर से जेवियर ऑनलाइन लर्निंग (एक्सओएल: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनांस प्रोग्राम ) के छात्र अंकित सिंघल, दिव्यांशु राज, रोहन बनर्जी, निकेत कुलकर्णी और ऋषभ आनंद शामिल हुए।

# कोल्हान की जमशेदपुर और सिंहभूम सीट पर इंडी गठबंधन की जीत तय : चंपई सोरेन

- घाटशिला और बहरागोड़ा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में को सीएम ने किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



घाटशिला में बूथ स्तरीय सम्मेलन में सीएम के साथ एकता दिखाते प्रत्याशी समीर महंती, रामदास सोरेन व अन्य।

**जमशेदपुर/घाटशिला।** झारखंड राज्य स्थापना के बाद पहली बार घाटशिला और बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पहुंचे। यहां काफी विशालकाय माला पहनकर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस स्वागत से मुख्यमंत्री अभिभूत हो उठे। सीएम ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया और अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जमकर कोसा।

घाटशिला और बहरागोड़ा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि यह जुमले वाली सरकार है। इस बार हमें जुमले वाली सरकार को हटाकर अपनी सरकार बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि आप सभी कार्यकर्ता अभी से जूट जाए और झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर महंती को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि सिंहभूम सीट पर भी इंडि सह झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी की जीत तय है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा महागठबंधन की सरकार झारखंड के हर गांव में प्रत्येक समुदाय के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण करने का काम शुरू की है। साथ ही साथ हर पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है ताकि गांव के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

वहां चिकित्सक से लेकर दवा तक उपलब्ध रहेगी। कहा कि भाजपा ने झूठे वादे कर 2014 में केंद्र में सरकार बनाई। 10 वर्षों से देश की जनता को ठगने का काम तथा जुमलेबाजी की सरकार चल रही है। उन्होंने बूथ स्तरीय कार्यकताओं से कहा कि प्रत्येक बुथ में 25-25 महिला तथा पुरुष कार्यकर्ता रहे ताकि पूरे बुथ का वोट तीर धनुष छाप को मिले ताकि झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर महागठबंधन की जीत सुनिश्चित हो।

## आज नामांकन करेंगे इंडी प्रत्याशी समीर महंती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर शुक्रवार को झामुमो सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर महंती गाजे-बाजे के साथ नामांकन करेंगे। उनकी नामांकन सभा को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन जमशेदपुर पहुंच गए हैं जबकि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना मुर्मू सोरेन कल जमशेदपुर पहुंच रही हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्यी आज जमशेदपुर पहुंच कर नामांकन सभा की तैयारियों का जायजा लिया। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि समीर महंती की चुनावी सभा दिन के 11 बजे से बोधि मंदिर मैदान, साकची में आयोजित है। समीर महंती को उनके धार्मिक गुरु ने दिन के 12 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच नामांकन दाखिल करने की सलाह दी है। समीर महंती इसी शुभ मुहूत में नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन सभा की तैयारी का जायजा गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने वहां पहुंचकर लिया। सभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी

### सीएम और कल्पना रहेंगे मौजूद



कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरवा, मंत्री बना गुप्ता, जोभा मांझी और आदि इंडिया गठबंधन के विधायक गण और वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। जायजा लेने के दौरान मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि कल इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती जी का नामांकन सभा ऐतिहासिक होगी।

## देश का संविधान कोई कपड़ा नहीं कि बदल दिया जाये : अर्जुन मुंडा



खूंटी में प्रबुद्धजनों से संवाद करते मुंडा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- कहा, भाजपा की लोकप्रियता से घबड़ा गए इंडि वाले,संविधान संशोधन अफवाह
- तमाड़ में प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक में बोले खूंटी प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री मुंडा

**तमाड़/जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने गुरुवार को तमाड़ विधानसभा के डोरेया मोड़ में प्रबुद्धजनों की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने वादों को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। जब अलग झारखंड की मांग हो रही थी तब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि आप हमें सांसद दीजिये हम अलग राज्य बनाकर देंगे और उन्होंने अपना वादा निभाया । यह है भारतीय जनता पार्टी की झारखंड के लोगों के प्रति प्रतिबद्धता । क्योंकि हमारी पार्टी जो कहती है वो करती है। श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि लोग अफवाह उड़ा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी लेकिन यह कोई कपड़ा नहीं है जिसे बदल दिया जाए । विपक्षी दलों के पास देश के विकास को लेकर कोई एजेंडा नहीं हैं इस कारण वे जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। देश में स्वच्छ शासन होना चाहिए, जहां भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति हो। इसी

# चाईबासा में पीएम मोदी की चुनावी सभा आज

- हेलिपैड पर मानकी मुंडा करेंगे पीएम का स्वागत
- 15 लाभार्थियों से व्यक्तिगत रुप से मिलेंगे पीएम
- चुनावी सभा की तमाम तैयारियां पूरी,1 लाख लोग करेंगे शिरकत : डा दिनेशानंद गोस्वामी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी डा दिनेशानंद गोस्वामी। साथ में जेबी तुबिद,हेमंत केसरी व अन्य।

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की दोपहर 3:00 बजे चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में सिंहभूम सीट की प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। चुनावी सभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तमाम तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया । इस चुनावी सभा में सिंहभूम सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा, खूंटी प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और जमशेदपुर के प्रत्याशी विद्युत बरन महतो विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंच पर प्रधानमंत्री के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो और पार्टी के पूर्व विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी डॉक्टर दिनेश आनंद गोस्वामी ने चाईबसा में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। डा गोस्वामी ने बताया कि प्रधानमंत्री जैसे ही हेलीपैड पर उतरेंगे तो उनका सर्वप्रथम स्वागत कोल्हान के 15 मानकी की मुंडा पारंपरिक रूप से करेंगे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गण उनका स्वागत करेंगे। डॉ गोस्वामी ने बताया कि एक लाख से अधिक लोग चाईबासा जिले से पीएम मोदी की सभा में शिरकत करेंगे।

## एक नजर में

### मजदूर दिवस शिविर में 66 यूनिट रक्त संग्रह




**चांडिल।** चांडिल एनएच 32 स्थित होटल राहुल पैलेस सभागार में मजदूर दिवस पर बुधवार को स्वच्छ चांडिल-स्वस्थ चांडिल ने रक्तदान शिविर लगाया। समाजसेवी सह स्वच्छ चांडिल-स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में 66 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सुखराम हेंब्रम ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की एक बूंद लोगों के जिंदगी को नया जीवनदान दे सकता है। यह सांप्रदायिक सौहार्द का मिशाल भी है। उन्होंने कहा ब्लड देने वाला और लैने वाला को पता नहीं होता वह किस समुदाय जाति या धर्म से है। रक्तदान महादान है। मौके पर महेंद्र महतो, चांडिल मुखिया मनोहर सिंह, विश्वनाथ मंडल, बुद्धेश्वर गोप, राजेन टुडू, मनोज सिंह, शंकर हांसदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### एमएनपीएस में मई दिवस पर कर्मचारियों का सम्मान



**जमशेदपुर।** बुधवार को मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस पर एक रंगारंग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पूनम सिंह के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर विद्यालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता सिंह ने सभी कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस पुनीत कार्य में उप प्राचार्य श्रीमती राखी मित्रा, समन्वयक श्रीमती अस्मिता मजूमदार, श्रीमती पिंकु कुमारी ने भी सहयोग किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर कर्मचारियों के सम्मान में नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय और ऑफिस स्टाफ उपस्थित थे।

## वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने बुजुर्ग सब्जी विक्रेताओं के बीच किया छाता बांटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर में प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप में दूर गांव से आकर रोड किनारे घंटो बैठकर सब्जी बेचने वाले बुजुर्गों के बीच आज सामाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर उन्हें कड़ी धूप और लू से राहत देने के उद्देश्य से छाता व ठंडा पानी का बोतल का वितरण किया गया। सैकड़ों बुजुर्ग ने छाता पाकर कड़ी धूप से राहत की सांस ली और टीम के युवाओं का धन्यवाद किया। संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने कहा कि ये वो लोग है जो हमतक दूर गांव से आकर घंटो धूप में बैठ अपना खून जलाकार ताजे सब्जी हमतक पहुंचाते हैं। इसलिए हमारा भी ये दायित्व है कि इनके राहत के लिए छोटा छोटा प्रयास करते रहे और इनके चेहरे पर मुस्कुराहट बिखरते रहे। कार्यक्रम में शामिल हरि सिंह राजपूत, शंभू चौधरी, अजय, चंदन, उमा महेश, अभिषेक, उपेन्द्र, पुनीत, विवेक, राहुल, विकास, आशीष, बबलू, प्रवीण व अन्य लोग शामिल थे।

## मिस्र के अहतराम यूनिवर्सिटी से श्रीनाथ विवि ने किया एमओयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**जमशेदपुर।** मिस्र स्थित अहराम कैनेडियन विश्वविद्यालय और जमशेदपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। अहराम कैनेडियन विश्वविद्यालय की ओर से मास कम्युनिकेशन संकाय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, जबकि श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन जे राजेश ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन के लागू होने से विश्वविद्यालय के हर विभाग के छात्रों को लाभ होगा, खासकर मास कम्युनिकेशन के छात्रों को प्रौद्योगिकी और संचार में बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा। अहराम कैनेडियन विश्वविद्यालय और श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्रों को कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाएगा साथ ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके दोनों विश्वविद्यालयों ने अपनी प्रतिबद्धता दिखायी है।

यह समझौता ज्ञापन दोनों विश्वविद्यालय के छात्रों को लाभान्वित करने के लिए बनाया गया है। इस समझौता ज्ञापन के द्वारा श्रीनाथ विश्वविद्यालय और अहराम कैनेडियन विश्वविद्यालय के छात्र एक-दूसरे के सम्पर्क मे आयेंगे।

## एसडीएसएम स्कूल ने गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** एसडीएसएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस सभागार में मजदूर दिवस के अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास ने उप-प्राचार्या, संयोजक, संयोजिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय के गैर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मचारियों के लिए स्वागत गीत के साथ किया गय।

### एफिडेविट

मैं जुस्टीन तिर्की, 44 वर्ष, पिता रामजी तिर्की, ग्राम बिश्रामपुर, पोस्ट विश्रामपुर, थाना -रंका, जिला गढ़वा।

यह वर्षा तिर्की मेरी पुत्री है भूल बस मेरी पुत्री के आधार संख्या 5541 0476 0740 एवं विद्यालय संत जेवियर एकेडमी स्कूल के पुस्तिका पंजी में जन्म तिथि 09.08.2012 दर्ज है। पुस्तिका सीरियल
दिनांक 01.05.2024 द्वारा वर्षा तिर्की का वास्तविक जन्म तिथि 09.08.2011 है।

## खुटिया सेवा संस्थान राहगीरों के बीच बांटा ठंडा पानी-शरबत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** अमिय चरण खुटिया सेवा संस्थान के कार्यकताओं ने बुधवार को साकची गोलचक्क्कर पर मजदूर दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी में आम राहगीरों के बीच ठंढा पानी व शरबत वितरण कर मानवता का परिचय दिया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष बबलू खुटिया एवं महासचिव संतोष कुमार दास ने कहा कि संस्था भीषण गर्मी में मजदूर दिवस के दिन साकची गोल चक्कर पर ठंढा पानी एवं शरबत बितरित किया गया। इस दौरान लगभग एक हजार लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया । वहीं संस्था के सलाहकार सुनील मांझी ने कहा कि संस्था बंचित व जरूरतमं लोगों के उथान के लिए प्रयत्नशील है।

## श्रीनाथ स्कूल में मना मई दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय के अध्यक्ष सुखदेव महतो विद्यालय के अकादमिक निदेशक दिलीप कुमार महतो प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त सहकर्मी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कक्षा नवम से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के सहकर्मियों को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर मजदूरों के सम्मान में कविता पाठ, भाषण, नृत्य और संगीत की प्रस्तुति की। बारवीं की छात्रा इच्छा कुमारी ने मजदूर दिवस के इतिहास में प्रकाश डालते हुए कहा कि आज धरती का जो स्वरूप है उसका श्रेय मजदूरों पर जाता है।

## शरबत और शीतल जल का नि:शुल्क वितरण कर रहा श्याम सेवा रथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा इस भीषण गर्मी में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए श्याम सेवा रथ (नि:शुल्क चलत शीतल अमृतधारा) का शुभारंभ किया गया। साकची बाजार शिव मंदिर प्रांगण से इस सेवा रथ शुभारम्भ हुआ, जो एक माह तक रोजाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घुम-घुमकर आम लोगों के बीच शरबत एवं शीतल जल का वितरण करेगा। सेवा रथ शुभारम्भ का कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी समाज के विभिन्न संस्थाओं एवं समाज के गणमान्य लोगों के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्मी को देखते हुए अलग-अलग दिन आम पानी, सत्तू पानी, छाज, नींबू पानी सहित अन्य शरबतों का वितरण किया जाएगा। मतदान जागरूकता अभियानः- शाखा की अमृत धारा सयोंजिका नेहा अग्रवाल ने बताया कि इसी के साथ ही जमशेदपुर में 25 मई शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक मतदान हो इस हेतु इस श्याम सेवा रथ के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा।

**ये रहे उपस्थित :** सेवा रथ शुभारंभ के अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश रिंगसिया, कमल चौधरी, उमेश शाह, नरेश अग्रवाल, सावारमल अग्रवाल, भोला चौधरी, मिनी बबलू अग्रवाल, मोहित शाह, गिरधारी खेमका, मोहित मुनका, पिंकी अग्रवाल, संजना अग्रवाल, मनीष संघी, अनीता अग्रवाल, सिद्धि कांवटीया, शालिनी खेड़िया आदि उपस्थित थे।



Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)

Name and address of candidate: Sukhdeo Bhagat, Behind Nadia High School, Lohardaga-835302, Jharkhand.

Name of political party: INDIAN NATIONAL CONGRESS

Name of Election: LOK SABHA ELECTIONS 2024

*Name of Constituency: 12-Lohardaga Lok Sabha Parliamentary constituency (ST)

I, Sukhdeo Bhagat, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

A. Pending Criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | I/C, J.M M.P/M.L.A, Court, Ranchi. | M.P/M.L.A – 02/2021 Lohardaga P.S – 116/2018 | On Bail dated 13/12/2023 | U/S – 147/149/341/342/ 332/353/186/189/ 504 IPC |

B. Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# प्रथम महापौर ने भाई बीडी राम के लिए लोगों से मांगा समर्थन

■ अपने मायके भाई के लिए वोट मांगने आयी : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंजाबी ढोल बाजा के साथ चैनपुर बाजार और मोहल्ले का भ्रमण किया। मौके पर श्रीमती शंकर ने सभी माताओं, बहनों, व्यवसायियों एवं युवाओं को चार मई को सुबह 8 बजे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की सभा में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने लोगों से 13 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से बड़े भाई बीडी राम को अपार मतों से जिताने की अपील की। इस आमंत्रण यात्रा में प्रथम महापौर के साथ शहर एवं चैनपुर के सैकड़ों व्यवसायियों एवं महिलाओं का हुजूम था। सभी लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत कहीं माला पहनाकर तो कहीं महिलाओं ने गले मिलकर किया।




**खास बातें :** प्रथम महापौर ने कहा कि चैनपुर, शाहपुर का प्यार मुझे मायके की याद दिलाता है। हर चैनपुर शाहपुर की मां मुझे मां की तरह प्यार करती है। भाई-भाई की तरह और बहनें दीदी की तरह उसी अधिकार से मैं अपने बड़े भाई बीडी राम के लिए अपने मायके आज वोट मांगने आयी हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार हमें संसद नहीं अपने बड़े भाई को पिछली बार से ज्यादा वोट दिलाकर मंत्री बनाना है ताकि हमारे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो और हमारे युवा भाई, बहनों को रोजगार के कई अवसर मिल सके। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पारित की गई कई योजना में एक जल्द चैनपुर में भी शहर के गांधी उद्यान की तरह सूर्य मंदिर तालाब का सुंदरीकरण, माताओं बहनों को छठ करने के लिए शानदार घाट, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों के लिए पार्क एवं सुबह शाम टहलने के लिए ट्रैक बनने जा रहा है।

# रघुवर राज में 12 बजे रात भी चलती थी बसें, आज दिनदहाड़े हो रहा क्राइम

■ थाना से सटे व्यवसायी भी अब सुरक्षित नहीं : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने एक बैठक कर जिले में बढ़ते आपराधिक घटना, व्यवसायियों की हत्या एवं बढ़ रहे गोली चालन कर व्यवसाईयों को भयभीत करते हुए पैसा के लिए भयादोहन की घटना की निंदा की है। श्री शंकर ने कल की घटना छतरपुर के व्यवसायी संतोष गुप्ता पर गोली चालन की विशेष निंदा करते हुए कहा कि इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसाईयों की हत्या और गोली चालन की घटना आम होते जा रही है। फिर भी प्रशासन मौन है। न उदभेदन कर पा रही है और न ही क्राइम कंट्रोल। अगर यही स्थिति रही और क्रिमिनल पकड़े नहीं गये, क्राइम नहीं रुका तो 15 के बाद खुद चैंबर टीम लेकर हरिहरगंज-छतरपुर जाऊंगा और सभी व्यवसायियों से मिल वहां के व्यवसायियों से प्रतिष्ठान बंद कर चाबी उपयुक्त को सौंपेंगे।



**खास बातें :** जब लॉ एंड ऑर्डर सुधर जायेगा तब हम व्यवसायी अपनी प्रतिष्ठान खोलेंगे। श्री शंकर ने पलामू के आरक्षी अधीक्षक रीष्मा रमेसन से मांग की है कि क्रिमिनल्स को 15 मई तक पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। व्यवसाईयों पर अपराध चेंबर बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर हम व्यवसायी टैक्स देते हैं तो सरकार-प्रशासन को हमारी सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। कहा कि रघुवर राज में यही प्रशासनिक पदाधिकारी थे, जहां व्यवसायी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। यहां तक कि मेदिनीनगर से रात 12 बजे रात भी रांची के लिए बस चलने लगी थी, लेकिन सरकार बदलते के साथ दिनदहाड़े घटनाएं घट रही है। थाना से सटे व्यवसायी भी सुरक्षित नहीं हैं।

## स्पीड न्यूज

### राजद महिला प्रकोष्ठ का पलामू ने छतरपुर में चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची/पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ), की अध्यक्ष रानी कुमारी के नेतृत्व में पलामू संसदीय क्षेत्र के छतरपुर में जनसंपर्क अभियान चला। रानी ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने से ही राज्य का कायाकल्प संभव है। इंडी की प्रत्याशी ममता भुइयां की जीत के लिए राजद का लगातार जनसंपर्क अभियान जारी है। बुधवार को राजद महिला प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने छतरपुर में जनसंपर्क अभियान कर महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में वोट मांगा। रानी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है। कांग्रेस के शासनकाल में बनी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा ने रद्द कर दिया है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

### पीएम की जनसभा में पाटन भाजपा मंडल के कार्यकर्ता होंगे शामिल



**पाटन पलामू।** 4 मई को पीएम मोदी की मेदिनीनगर में होने वाली विशाल जनसभा में पाटन मंडल से हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिसके निमित गुरुवार को सभी कलस्टर प्रभारी संयोजक सह संयोजक के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। बैठक में छतरपुर विस प्रभारी नरेंद्र पांडे, भाजपा नेता भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह थे।

### भाकपा माओवादियों ने लगाया पोस्टर



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के कई गांवों में माकपा माओवादियों ने वोट बहिष्कार का पोस्टर चिपकाया है, जिससे मतदाताओं में दहशत है। हालांकि सूचना मिलते ही एसडीपीओ मुकेश महतो के नेतृत्व में उक्त चिह्नित क्षेत्रों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। साथ ही मतदाताओं से निर्भीक होकर वोटिंग की अपील की है। चौथे चरण में 13 मई को पलामू में चुनाव होना है। माकपा माओवादी ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के कई सरकारी भवन बरेवा पैक्स गोदाम, हैदरनगर आंगनबाड़ी केंद्र, महुदंड और पांडु सीमा क्षेत्र में पोस्टर चिपका कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है।

### लवली ने किया मौर्या का जोरदार स्वागत



**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद श्रीमती लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा अंतर्गत नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की जनसभा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का अभिनंदन किया। इस दौरान श्रीमती गुप्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### ह्रदयगति रूकने से समाजसेवी का निधन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के जयमारन पथरा निवासी सह समाज सेवी अंबिका सिंह (75) का निधन ह्रदय गति रुकने से हो गया। इनके निधन से जयमारण पथरा तथा आसपास के लोगों में मातम है। सूचना पर पाटन पश्चिमी के पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पाण्डेय, मंडरिया माइंस के राजु सिंह, पाटन मध्य के पूर्व जिप सदस्य नंद कुमार राम, सीरमा मुखिया प्रतिनिधि राकेश दुबे, दिनेश पांडेय ने शोक जताया। उनके परिवार में एक बहु और एक नाबालिग पोता बचा है।

### चुनाव प्रशिक्षण की सभी तैयारी पूरी



**मेदिनीनगर।** निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण तीन मई से छह मई तक हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में दिया जाना निर्धारित है। साथ ही तीन मई को गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसकी सफलता के लिए लेकर समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक 'सी' सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरभ कुमार सिन्हा व दिनेश चंद्र राम के द्वारा मास्टर प्रशिक्षकों को अपडेट किया गया।

### अचेत अवस्था में मिला युवक



**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ में अस्थायी चेकनाका के पास खेत मे गुरुवार की सुबह राहगीरों ने अचेतावस्था में पड़े एक युवक को देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी और पास में ही एक बाइक भी लगा हुआ था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस मंगवाकर हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया है। युवक की पहचान कर लिया गया है,युवक गढ़वा जिला के कांडी थानांतर्गत बरवाडीह सोनपुरा गांव निवासी राजू शर्मा का पुत्र छोटू शर्मा 22 वर्षीय है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए थे, परिजन साथ मे अस्पताल गए हैं। युवक की स्थिति काफी नाजुक है,जहां पर युवक पड़ा हुआ था,काफी उल्टी किया हुआ था। युवक के पास एक मोबाइल भी था, उसी पर फोन आया तो ग्रामीण फोन से युवक के स्थिति की जानकारी परिजन को दिए,तब परिजन पहुंचे। युवक के पिता ने बताया कि वह सुबह 3 बजे ही घर से निकला था। मामला संदेहास्पद बताया जाता है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जहर खाने से उल्टी होने की संभावना जता रहे थे।

# 2019 में थी आंधी और 2024 में तूफान : केशव प्रसाद मौर्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर, पलामू।** लेस्लीगंज मवि मैदान में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चुनावी सभा को संबोधित करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे। उन्होंने चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में मतदान की अपील की। जहां पांकी विधायक डॉ शशिभूषण ने उन्हें स्मृति चिह्न, अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। श्री मौर्य ने कहा कि 2014 में मोदी लहर था, 2019 में आंधी था और 2024 में तूफान है।




नीलांबर पीतांबरपुर में यूपी के डिप्टी सीएम का स्वागत करते और ढोल बजाते पांकी विधायक।

**पांकी विस के हर बूथ पर खिलेगा कमल : डॉ शशिभूषण**- पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि शहीद नीलांबर पितांबर की धरती पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत है। उन्होंने सारठ विधायक रणधीर सिंह को भी अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कहा कि पांकी विधानसभा के हर बूथ पर कमल खिलेगा और यहां के लोग डेढ़ लाख पार वोट देकर पांकी विस से चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को लीड देने का काम करेंगे।

**जनता के चलते मुझे टिकट मिला है : कालीचरण सिंह**- चतरा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि मुझे अपने काम के कारण नहीं बल्कि आपके कारण टिकट मिला है। मोदी जी की तरह मैं भी आपकी सेवा में खड़ा रहूंगा। शिकायत का मौका नहीं दूंगा। आप सभी चतरा लोकसभा में कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी की हाथों को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के दलदल में फसा है हमें भ्रष्टाचारमुक्त भारत एवं भ्रष्टाचारमुक्त झारखंड बनाना है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, किसलय तिवारी, लवली गुप्ता, प्रेम सिंह, राजधानी यादव, अजय तिवारी, अरुण सिंह, लाल यादव, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, सुनील पासवान, मंजू लता, संजय वर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# राष्ट्र निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण है मजदूरों का योगदान : अविनाश देव

**मजबूर नहीं मजदूर है हम**

■ संत मरियम स्कूल के कजरी प्रांगण में मजदूर दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के कजरी प्रांगण में मजदूर दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बस के चालक और सह चालक, भवन निर्माण सहित स्कूल के विभिन्न कार्यों में संलग्न सभी श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सबसे पुराने और स्कूल के दमदार सिपाही को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

मौके पर अविनाश देव ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र की उन्नति में श्रमिकों का योगदान अतुल्यनीय और महत्वपूर्ण है। दैनिक दिनचर्या से लेकर सभी वस्तुओं के निर्माण में संलग्न सभी श्रमिक राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा रहे हैं। निश्चित रूप से उनका त्याग समर्पण और मेहनत ही देश को समृद्धि की ओर अग्रसारित कर रहा है। केवल किसी विशेष दिन हम इनका सम्मान न करें बल्कि दैनिक दिनचर्या में भी उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा कर और अच्छे व्यवहार से हम इनका सम्मान कर सकते हैं। ये मजदूर है मजबूर नहीं अतः इनके समर्पण मेहनत संघर्ष को सदैव महत्व दें। मौके पर सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।



मजदूरों के साथ संत मरियम के निदेशक अविनाश देव व अन्य।

# पीएम मोदी की चुनावी जनसभा ऐतिहासिक होगी : अमित तिवारी

■ चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर होगी प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पलामू चुनावी दौरे पर आ रहे हैं। इसकी तैयारी पूरी जोश के साथ किया जा रहा है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। कहा कि नरेन्द्र मोदी चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा परिवार पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित कर रही है। हुसैनाबाद विस प्रभारी अविनाश बर्मा ने कहा कि देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार उन्हें पीएम बनते देखना चाहती है। हुसैनाबाद विस से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम भारी मतों से आगे रहेंगे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य बिनोद सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ लगे हुए हैं।



# प्रभारी प्राचार्य के निधन पर शोक

■ बरवाबांध स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी एच एम और शिक्षक नेता थे देवनारायण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के सिगसिगी पंचायत के बरवाबांध स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी एच एम और शिक्षक नेता देवनारायण पांडेय उर्फ मोहन पांडेय का मंगलवार रात आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन पर समस्त विश्रामपुर आंचलिक क्षेत्र के शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। परिजनों के मुताबिक अचानक रेहला स्थित आवास पर तबीयत बिगड़ने के बाद स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से उनकी चिंताजनक हालत को देख तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। बाद में उनका पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को सैकड़ों शिक्षक परिवार और इष्ट मित्र बंधु बांधव की उपस्थिति में रेहला कोयल नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनकी मौत की आकस्मिक खबर मिलते ही सैकड़ों शिक्षक परिवार, राजनीतिक दल और पंचायत के प्रतिनिधि दिवंगत शिक्षक की गहरे शोक में डूबे व बेसहारा पत्नी मधु देवी और उनकी दोनों लाडली बिटिया को ढाढ़स बंधाने पहुंचे। झारखंड सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश नेता और प्रदुम्न सिंह और दीपक तिवारी ने उन्हें हौसला दिया।

### बाल विकास विभाग ने निकाली जागरूकता रैली



**पाटन पलामू।** बाल विकास विभाग ने वोटर जागरूकता रैली नवहीहा पंचायत के हुरुहासा में निकाली। संचालन बाल विकास महिला पर्यवेक्षिका शांति कमलेश ने किया। रैली में सेविका, सहायिका एवं ग्रामीण महिलाओं ने ग्राम भ्रमण कर लोगो सें वोट के लिए जागरूक किया। रैली में पर्यवेक्षिका शांति कमलेश ने लोगों से वोट जरूर करने तथा दूसरे लोगों को भी वोट के लिए प्रेरित करने की अपील की।

### चिह्नित मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से होम वोटिंग

**पाटन पलामू।** निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुरूप गुरूवार को पाटन प्रखंड में कुल 9 योग्यताधारी चिह्नित मत दाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग करवाया गया। पाटन में कुल 34 मतदाताओं का होम वोटिंग पोस्टल बैलेट से कराया जाना है। मेराल, कांकेकला, गहरपथरा और कारिहार में होम वोटिंग के प्रति मतदाताओ में हर्ष देखा गया।

### खलिहान में लगी आग, तीन सौ बोझा पुआल खाक



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के डंडिला गांव के बथान पर स्थान पर किसान के खलिहान व एक घर में आग लग गयी, जिसमे खलिहान में रखे तीन किसानों के करीब 300 बोझा का पुआल जल गया। वहीं एक किसान के मिट्टी के कपरैल घर मे रखे गेंहू के भूसा सहित अन्य सामान जल कर खाक हो गया, जिससे हजारों का संपत्ति का नुकसान हो गया। बताया जाता है कि दोपहर में ललन बैठा, लक्ष्मण बैठा व लाला बैठा के खलिहान में अचानक आग लग गयी थी जिसके बाद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग को बुझायी तब तक सारा जल कर खत्म हो गया था।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां ने छतरपुर, नौडिहा बाजार में किया सघन जनसंपर्क



**मेदिनीनगर।** पलामू से इंडिया गठबंधन की राजद प्रत्याशी ममता भुइयां चुनावी समर को भेदने के लिए सघन जनसंपर्क अभियान चला रही है। इनके साथ सैकड़ों समर्थक झंडा, बैनर व चुनाव चिह्न लेकर जन-जन को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। गुरुवार को ममता छतरपुर एवं नौडीहा बाजार प्रखंड के कई गांवों में घर-घर जाकर संपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान का आग्रह किया। इस दौरान मतदाता ममता का फूल माला पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दे रहे हैं। ममता ने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि 10 वर्षों में गांव घर का जो विकास होना चाहिए वह नहीं के बराबर हुआ है।

## छतरपुर गोलीकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन दो गिरफ्तार

■ दो देसी कट्टा और तीन गोली बरामद

■ आपसी रंजिश में बदले की भावना से चलायी गोली : एसडीपीओ नौशाद आलम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के खाटिन गांव रोड के राजकीय बालिका मध्य विद्यालय गेट के समीप 28 अप्रैल की रात अज्ञात अपराधियों ने गोली चलायी थी। इसमें खाटिन के संतोष प्रसाद गंभीर रूप से जख्मी थे। जिसका ईलाज रांची में चल रहा है। इस मामले में जख्मी संतोष के पुत्र विकास कुमार ने छतरपुर थाना में नामजद अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी रीष्मा रमेसन ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल गठित किया था। टीम ने मामले में आशुतोष सिंह उर्फ बुटा व रौशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।



## वोट बहिष्कार को लेकर माओवादियों ने चिपकाया पोस्टर



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां प्रत्याशी एवं राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम कर रही है। दूसरी ओर प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा मओवादी पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टर चिपका कर लोगों को मतदान बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

## डमी इवीएम दिखाकर लोगों को मतदान की प्रक्रिया को समझाया

■ पंचायत भवन नावाडीह में मतदाता जागरूकता को ले संध्या चौपाल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल लगाया गया। कार्यकम में जिले से डीपीएम जेएसएलपीएस शांति मार्डी, नावाडीह पंचायत के मुखिया, बीपीएम रामगढ़ सुमित कुमार, प्रभारी बीपीआरओ गिरिवर उरांव और विभिन्न विभाग के कर्मी गण सहित बीएलओ, बड़ी संख्या में समूह के दीदी और नावाडीह गांव के ग्रामीण मतदाता शामिल थे। मौके पर डीपीएम शांति मार्डी ने चौपाल में आए सभी को संबोधित करते हुए 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़कर भाग लेकर मतदान करने का अपील किया ताकि कोई भी मतदान से वंचित न रह जाये।



# बाबा के दरबार में हर मन्नतें पूरी होती हैं : टाइगर कुमार

■ हजरत मकसुम सैयद अब्दुल लतीफ शाहदाता रहमतुल्लाह के मजार पर 15वां उर्स आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** थाना क्षेत्र के बेड़मा बभंडी ग्राम में दो दिवसीय उर्स किया गया। हजरत मकसुम सैयद अब्दुल लतीफ शाहदाता रहमतुल्लाह के मजार पर 15वें उर्स पर कव्वाली भी की गयी। मुख्य अतिथि कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार ने फीता काट कव्वाली का उद्घाटन किया। इसके पूर्व टाइगर ने मजार शरीफ पर चादरपोशी की। कव्वाली में अरशद कामली व उजमा नाज के बीच मुकाबला हुआ। दोनों ने एक से बढ़कर एक शहीदी से लेकर बेहतर कव्वाली प्रस्तुत की। इसके पूर्व कव्वाली कमेटी ने अतिथियों व गणमान्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। मंच संचालन फतेह अहमद ने किया। टाइगर ने कहा कि बाबा के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता है। यहां पर लोगों द्वारा मांगी गयी हर मन्नतें पूरी होती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी जाति, धर्म व समुदाय के लोगों के बीच भाईचारा बढ़ाना है। जिप सदस्य फैजायल अंसारी ने कहा कि कव्वाली से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। वहीं क्षेत्र के लोगों में आपसी प्रेम सदभाव व भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कव्वाल कमिटी के लोगों कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी।




फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते और चादरपोशी करते लोग।

# लोकतंत्र में हो भागीदारी यही सबकी जिम्मेदारी : फेडरेशन

■ आम चुनाव को लेकर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन की महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में यह सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि मतदान केंद्र पर पूरे परिवार के साथ पहले मतदान करें फिर जलपान करें। क्योंकि लोकतंत्र के महापर्व से बढ़कर कुछ भी नहीं है। साथ ही साथ संगठन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। ताकि लोगों में मतदान के प्रति उत्साह का संचार हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि अपने अपने प्रतिष्ठान के सहयोगी व्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हुए मतदान के दूसरे दिन प्रोत्साहन राशि यथा संभव मुहैया कराया जाए। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार शुक्ला ने की व संचालन अमिताभ मिश्रा ने किया। बैठक में मृतुन्जय शर्मा, सतीश तिवारी, अशोक अग्रवाल, रामाकांत पांडेय, मनोज सिन्हा, नवल किशोर शाही, संजय अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार, हनी सिन्हा, अभय सिन्हा, विक्की अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, छोटू समेत कई व्यवसायी शामिल थे।



लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते फेडरेशन के लोग।

स्पीड न्यूज

## जायन्ट्स सहेली ने किया स्टॉल का वितरण

**गढ़वा।** मजदूर दिवस के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के मेन रोड में दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच स्टॉल का वितरण किया गया। मौके पर सहेली पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों का गलत फायदा नहीं उठाना चाहिए। न ही उनका शोषण करना चाहिए। मजदूर को मजदूरी के बाद उचित मजदूरी दे एवं हो सके तो मजदूरों को जलपान भी कराये। यही मानवता है।

## दिहाड़ी मजदूरों के बीच कपड़े का वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के मुख्य पथ स्थित सत्यम बैग हाउस के समीप दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा, टोपी तथा टी शर्ट का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स सदस्यों ने गर्मी को देखते हुए दिहाड़ी मजदूरों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी, निम्बू पानी तथा ग्लूकोज पीते रहे, साथ ही पानी साथ में रखें।

## मजदूरों के बीच गमछा व सत्तू-पानी का वितरण

**गढ़वा।** मजदूर दिवस के अवसर पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था गढ़वा के तत्वावधान में भीषण गर्मी से बचाव के लिए मजदूरों के बीच गमछा, सत्तू, पानी बोतल का वितरण किया गया। शहर के गढ़देवी मंदिर के समीप मजदूरी करने वाले 200 से अधिक महिला एवं पुरुषों के बीच गमछा का वितरण किया गया।

## चोरी में शामिल था नाबालिग, चार गिरफ्तार

**गढ़वा।** जिले के मेराल पुलिस ने समरसेबल चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रमना थाना क्षेत्र के हारादाग गांव निवासी विकास चौधरी, सुनील चौधरी और मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी बिट्टू कुमार रजक का नाम शामिल है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चोरी के नौ समरसेबल मोटर भी बरामद किया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी।

## छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम, सम्मानित

**गढ़वा।** शहर के कोचिंग संस्थान वीणा एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने 12वीं साईंस की परीक्षा में परचम लहराया है। आशुतोष कुमार ने 881 प्रतिशत अंक लाकर संस्थान टॉप किया। जबकि 842 प्रतिशत अंक के साथ अमन कुमार ठाकुर दूसरे तथा 802 प्रतिशत अंक लाकर चांदनी तीसरा स्थान प्राप्त की। वहीं विनोद यादव, पायल गुप्ता, कोमल दुबे, सौरभ कुमार, सोनाक्षी कुमारी, नुरैशा खातून, सलमान अंसारी, अतहर जमाल, सौरभ कुमार, निशांत भास्कर, रौनक कुमार आदि ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान व अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्थान के डायरेक्टर पूनम प्रभाकर ने सम्मानित किया।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान एवं घर का सामान स्वाहा

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के खरसोता में गुरुवार दोपहर में सकेंद्र प्रसाद के घर में आग लगने से दुकान एवं घर का लाखों का सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की खबर सुनते सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे। वहीं आग बुझाने का काम राकेश पासवान, अरविंद प्रसाद, ीरज विश्वकर्मा, राजेंद्र चौधरी, अखिलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र प्रसाद, शिवकुमार चौरी, नीरज पासवान, राहुल विश्वकर्मा राम इकबाल पासवान, पप्पू प्रसाद, नीतीश प्रसाद एवं अरविन्द चौधरी समेत पचासों की संख्या में लोग शामिल होकर आग पर काबू पाया। वहीं लगभग आग बुझ चुकी थी उसके घंटों बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और बचे शेष आग को बुझाया। जानकारी के अनुसार एक ही घर में चार भाई उमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, प्रेम शंकर प्रसाद एवं सकेंद्र प्रसाद एक ही मकान में रहते हैं। घर में आग लगने से सत्येंद्र प्रसाद के घर में रखे किराना दुकान का सामान और घर अंदर रखे घरेलू सामान और कपड़ा जल गया।

# लोकतंत्र बिना लोकलाज के नहीं चल सकता : राजनाथ

एजेंसी

**छपरा।** केंद्रीय रक्षामंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मामलों में आरोपित होने के बावजूद ये दोनों दल लोगों के बीच जाकर वोट मांग रहे हैं, इनमें थोड़ी तो लोक-लाज होनी चाहिए। श्री सिंह ने गुरुवार को सारण संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस-राजद पर भ्रष्टाचार का आरोप है। ये लोग बिना भ्रष्टाचार के चल ही नहीं सकते हैं। उसके बाद भी लोगों के बीच जाकर वोट मांगते हैं। थोड़ी तो लोक-लाज होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बिना लोकलाज के नहीं चल सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से चला 100 पैसा पूरा का पूरा ही आपके क्षेत्र में चला आता है जबकि पूर्व की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में 100 में से 85 पैसे ऊपर ही ऊपर खत्म हो जाते थे और मात्र 15 पैसे ही आपके पास आते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधार कार्ड, जनधन और मोबाइल की त्रिमूर्ति के कारण ही यह काम सम्भव हो सका है। श्री सिंह ने



कहा, आप एक सांसद नहीं बल्कि एक बड़ी हस्ती को चुनने जा रहे हैं। राजीव प्रताप रूडी सांसद हैं और दिल्ली में कम समय देते हैं। पूछे जाने पर बताते हैं कि जिस जनता ने मुझे चुनकर भेजा है उनके बीच रहने की कोशिश करता हूं। उन्होंने कहा, राजीव प्रताप रूडी एक कुशल पायलट हैं और मुझे भरोसा है कि वे बाकी सभी को हवा में उड़ा देंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि सारण की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। अब मुझे यह भी भरोसा है कि बिहार में लालटेन युग की वापसी नहीं होगी। इस मौके पर श्री रूडी ने सारण से राजद उम्मीदवार और पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य पर जमकर निशाना साधा और कहा, 'रोहिणी ने वोट के लिए खून का हवाला दिया, इसका क्या मतलब है। परिवार का काम होता है साथ देना। वह मुझे हवा-हवाई कहती हैं, सही बात है मैं अकेला सांसद हूं जो हवाई जहाज उड़ाता है। इसमें गलत क्या है। हमको अंग्रेजी बोलना आता है उससे आपको तकलीफ है। हिंदी, भोजपुरी बोलते हैं उससे तकलीफ है। हम सब कुछ करते है उससे तकलीफ है। भाजपा प्रत्याशी ने रोहिणी के खुद को सारण की बेटी बताने को लेकर हमला बोला और कहा, जो पांच दिन पहले छपरा आया वो क्या बताएंगे कि मैंने पांच साल में क्या किया। मैं कोई काम पांच साल के लिए नहीं करता हूं। मैं 100 साल आगे देख कर काम करता हूं। रोहिणी पटना में रहती हैं और खुद को छपरा की बेटी बताती है। मैं बोलना नहीं चाहता लेकिन वह बार-बार चोट कर रही हैं। हमारी लड़ाई उससे नहीं है, हमारी लड़ाई लालू यादव और और उनकी पार्टी राजद से है।

## उच्च न्यायालय के निर्देश पर हटाया गया अतिक्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के सबौर प्रखंड स्थित राजपुर गांव में गुरुवार को अतिक्रमण हटाया गया। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अंचलाधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 09 अप्रैल को 07 हरिजन परिवार को नोटिस जारी की गई थी। इसी बाबत आज सात घरों को सड़क मार्ग से हटाया गया। इस दौरान पीड़ित परिवार और पुलिस प्रशासन के बीच नोंक झोंक भी हुई। पीड़ित परिवार कहते हैं कि मुझे 09 अप्रैल को नोटिस मिलना था। जबकि हमें 10 अप्रैल को नोटिस मिला। हमलोग संभल नहीं पाए। वहीं कुछ परिवार का कहना हुआ कि मेरा इंदिरा आवास वाला घर भी तोड़ दिया गया। जबकि अंचलाधिकारी सौरभ सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सात घरों को सड़क मार्ग से अतिक्रमण मुक्त किया गया। जहां तक इंदिरा आवास का सवाल है ये प्रखंड का मामला है। जांच की जाएगी। इस मौके विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी के तौर पर प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी नीतू आनंद, सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल, अंचलाधिकारी सौरभ सिंह तथा पुलिस बल मौजूद रहे।

## चार माह में 2,222 अभियुक्त गिरफ्तार

### भारी मात्रा में अवैध अस्त्र मादक पदार्थ व देशी विदेशी शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सहरसा।** लोकसभा आम निर्वाचन को भय मुक्त निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सहरसा पुलिस दृढ संकल्पित होकर कार्यरत है।वही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक सहरसा पुलिस की कार्रवाई में विशेष उपलब्धि हासिल की गई है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु के द्वारा गुरुवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा विगत चार महीना में कुल 2222 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दहेज हत्याकांड में 27, डकैती कांड में एक, लूट कांड में 40, एससी एसटी कांड में 20, पुलिस पर हमला कांड में 9,बलात्कार पोक्सो एवं महिला उत्पीड़न कांड में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शराब पीने वाले एवं व्यवसाय करने के आरोप में 793 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की दबिश के कारण 117 अभियुक्तों ने न्यायालय में



आत्मसमर्पण किया। वही 116 के तहत 8482 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि 110 के तहत 15, सीसीए के तहत 134,सीसीए 12(2) के तहत एक गिरफ्तारी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के दौरान 95 अवैध आग्नेयास्त्र, 440 कारतूस बरामद कर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है।उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान 975500 रुपए की राशि समन की गई है। साथ ही 6274,700 लीटर देसी शराब, 7871,710 लीटर विदेशी शराब, 2023 लीटर कोडिंग युक्त कफ सिरप, 27.4 ग्राम ब्राउन शुगर, 40,160 केजी गांजा एवं 676ड्ड73 ग्राम स्मैक भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की दौरान 2420 वारंट भी निष्पादन किए गए हैं। वहीं 60 कुर्की जब्ती का निष्पादन किया गया।साथ ही लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर 321 लाइसेंस धारी अस्त्र जमा करवाया गया है। वही मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग अधिनियम के अंतर्गत 414 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। साथ ही 95 कोरेक्स बरामदगी एवं 319 अवैध शराब बरामदगी हेतु कांड दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोरेक्स में 149 अवैध शराब में 653 तथा एनडीआरडी एक्ट अंतर्गत 22 कांड दर्ज किए गए हैं।

## उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम तक फैला है भ्रष्टाचारियों का कुनबा : जेपी नड्डा



एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के कैरमा मैदान में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनवी सभा को संबोधित करते हुए गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधी वह लोग जिसको अपने परिवार और खुद से लेना देना है। आम आदमी से कोई लेना देना नहीं है। इन लोगों का घोटाला भ्रष्टाचार से लेना देना है। लालू यादव से बड़ा डकैत कोई नही, उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम तक फैला है भ्रष्टाचारियों का कुनबा। जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने का जमावड़ा है। यह लोग परिवार चलाने वाले लोग है।देश के उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा है। कश्मीर से दक्षिण तक और सभी जगह पर इन लोगो की जमात है। कश्मीर के उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती के साथ चौटाला परिवार मुलायम अखिलेश परिवार लालू यादव परिवार ममता बनर्जी अभिषेक केटीआर केआरसी स्टालिन शरद पवार उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी सोनिया गांधी यह सब परिवार वाद के लोग है। जेपी नड्डा ने कहा कि लालू यादव अलकतरा चारा जमीन घोटाला, कविता शराब तो अरविंद केजरीवाल दवाओं और शराब, ममता बनर्जी शिक्षक घोटाला करने वाले लोगों के साथ और निया गांधी,राहुल गांधी, लालू तेजस्वी परिवार बेल पर है। ममता बनर्जी संजय सिंह डीएमके टीएमसी आप के नेता मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन आजम खां भी जेल में है। जे पी नड्डा ने कहा कि देश में इन दिनों आरक्षण खत्म करने की बात बताई जा रही या कुछ और नहीं बल्कि एक बड़ा षड्यंत्र है ।विरोधी की नजर कुछ और नही है बल्कि अपनी संपति पर है। भीम राव अम्बेडकर के आरक्षण पर सवाल उठाकर पिछड़ा-अति पिछड़ा का आरक्षण को छीन कर अब मजहब के आधार पर देना चाहते। जब तक भाजपा है किसी का आरक्षण खत्म नहीं होगा। यह लोग डाका डालने की साजिश कर रहे हैं। इससे पहले जेपी नड्डा ने अपने संबोधन की शुरूआत में महादेव की नगरी बाबा गरीब नाथ को नमन और भारत माता की जय के नारे से किया।

## एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने अपना नामांकन पत्र किया दाखिल



एजेंसी

**हाजीपुर।** लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह हाजीपुर लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। चिराग पासवान ने समाहरणालय परिसर स्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने से पूर्व चिराग पासवान ने सर्किट हाउस के निकट स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान उनके साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, सांसद रामकृपाल यादव, चिराग की मां रीना पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, लालगंज विधायक संजय सिंह एवं चिराग के बहनोई अरुण भारती मौजूद रहे। नामांकन के बाद सुभाष चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर में चिराग पासवान के पक्ष में सभा को संबोधित नित्यानंद राय, डिप्टी सीएम एवं अन्य नेता करेंगे।

# पलामू पर चढ़ा चुनावी रंग, शुरू हुआ भोपुओं का शोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव देष में सात चरणों में शुरू हो गया है। इसके तहत पलामू लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होना है। आज से यहां भी चुनाव प्रचार प्रारंभ हो गया है। कार्यकर्ताओं पर आज से चुनावी रंग दिखने लगा है। सड़कों एवं गलियों में भोपु का शोर भी लोगों को चुनाव की याद ताजा करने लगा है। झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी तो पहले ही पूर्ण कर ली गई थी, लेकिन यहां चुनाव का श्री गणेष चौथे चरण यानि 13 मई से होने वाला है। पलामू लोकसभा सीट का चुनाव भी 13 मई को होने वाला है। जिसमें कुल नौ प्रत्याशियों की जांचोपरांत उम्मीदवार घोषित किया है। जिसमें प्रमुख रूप से पलामू लोकसभा क्षेत्र से लगातार दो बार सांसद रहे बीडी राम भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वहीं राजद प्रत्याशी





बीडी राम व ममता भुईयां

ममता भुईयां, बसपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा चुनावी रण में कूद चुके हैं।

गढ़वा में प्रचार के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में प्रचार गाड़ी को देखा गया। वहीं अन्य दल भी अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार शुरू कर चुके हैं। पलामू लोकसभा सीट से भाजपा, राजद एवं बसपा के बीच में लड़ाई का त्रिकोण बन सकता है। हालांकि बहुत अरसे से राजद इस सीट पर जीत से वंचित होता रहा है। वहीं बहुजन समाज पार्टी एक बार भी यहां से चुनाव नहीं जीत पायी है। इस चुनाव में भी बसपा पूर्व से चुनाव की कोई बड़ी तैयारी कर रखी है ऐसा नहीं दिख रहा है। हालांकि चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से बसपा में छलांग लगाने वाले कामेश्वर बैठा के पास सांसद बनने का अनुभव है। नक्सली बैकग्राउंड से आने वाले कामेश्वर बैठा 2006 के उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि 2009 में श्री बैठा ने झामुमो के टिकट पर जीतकर संसद भवन के लिए उड़ान भरी थी। उसके बाद वह कांग्रेस में चले गये थे अब फिर से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनावी रण क्षेत्र में अवतरित हो चुके हैं। वहीं राजद प्रत्याशी ममता भुईयां की बात करें तो इसकी राजनीति भारतीय जनता पार्टी से शुरू हुई थी। भाजपा में टिकट नहीं मिलने के बाद राजद का दामन थाम लिया एवं राजद ने अपना प्रत्याशी भी बना दिया। हालांकि राजद का इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव रहता है। कई एक बार राजद के प्रत्याशी यहां से लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। लेकिन ममता भुईयां राजद में नई चेहरा के रूप में चुनावी रण में हैं। इसका कितना फायदा राजद को मिलता है इसका आकलन अभी संभव नहीं है। भाजपा प्रत्याशी के रूप में विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम पर बीजेपी ने फिर से विश्वास जताया है। दो-तीन माह पूर्व से ही बीडी राम से इस सीट से हैट्रिक लगाने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। भाजपा ने कई बैठकों एवं सम्मेलनों में भी एक बार फिर मोदी सरकार का सपना साकार करने के लिए बीडी राम को संसद भवन भेजने की हुंकार भर चुकी है। चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेदिनीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे बीडी राम के पक्ष में जीत की बड़ी लहर खड़ी करने का प्रयास किया जा सकता है। आम लोगों की बात एवं चर्चाओं पर ध्यान केंद्रित करें तो बीडी राम के सामने कोई टक्कर का प्रत्याशी दिख नहीं रहा है। अब सारा दारोमदार पार्टी की कार्यशैली एवं कार्यकर्ताओं के समपर्ण पर दिख रहा है। कुल मिलाकर पलामू में भाजपा यानि राजग एवं राजद प्रत्याशी यानि इंडिया गठबंधन के बीच आमने सामने की जंग की संभावना बन रही है।

खबर एक नजर में

## वेतन नहीं मिलने पर सरकारी स्कूलों के सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**भागलपुर।** जिले के सरकारी स्कूल में काम कर रहे सफाई कर्मियों ने वेतन नहीं मिलने को लेकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। सफाईकर्मियों को महीनों से वेतन नहीं भुगतान किया गया है। जिससे आक्रोशित होकर सभी सफाईकर्मी आज जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और वहां हंगामा किया। सफाई कर्मियों का कहना है कि विभाग के द्वारा निजी कंपनी को सरकार के द्वारा पैसा दे दिया गया है। लेकिन कंपनी हमलोगों को भुगतान नहीं कर रही है। कंपनी के अकाउंटेंट का कहना है कि बैंक की गड़बड़ी के कारण वेतन भुगतान करने में समस्या आ रही है। 10 मई को सभी का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा।

## 50 हजार का ईनामी अपराधी ब्रजेश यादव गिरफ्तार

**भागलपुर।** पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले की सजौर थाना पुलिस ने 50 हजार के ईनामी कुख्यात अपराधी ब्रजेश कुमार यादव को एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि ब्रजेश कुमार यादव पर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट, लूट जैसे आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। हाल के दिनों में ब्रजेश कुमार यादव ने सजौर थाना क्षेत्र में शाहकुंड निवासी पोस्टमैन मिथिलेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस पांच अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस को इस घटना का मास्टरमाइंड ब्रजेश कुमार यादव की तलाश थी।

## आपसी विवाद में खेत में काम कर रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के हरिपुर में आपसी विवाद में खेत में काम कर रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया। जिसमे हरिपुर वार्ड संख्या 10 के रहने वाले सचिन कुमार पिता -स्व.लीलानंद लाल दास बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। जान मारने की नियत से सर पर चाकू एस इकाई गए प्रहार से सचिन कुमार बुरी तरह जख्मी हो गए।मामले को लेकर सचिन कुमार के द्वारा फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आवेदन देकर तीन नामजद और दस से पंद्रह अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि वह अपने मकई के खेत में बटाईदार के साथ काम कर रहा था।इसी क्रम में उसके भाई प्रशांत कुमार दास और उसका पुत्र प्रीतम राज तथा घुनचुन पासवान दस पंद्रह अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंचकर हमला कर दिया।सभी को लाठी डंडे और लोहे के रॉड एस एलिस होने की बात कही गई। आवेदन में सचिन कुमार ने प्रीतम राज पर जान मारने की नियत से चाकू से सिर पर प्रहार करने का आरोप लगाया है। साथ ही एक भरी सोने की चेन,जेब से दस हजार रुपए लूटने का आरोप लगाया। मामले में फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने आवेदन मिलने की बात करते हुए जांच कर कार्रवाई की बात कही।

## हाईवा के धक्के से सेवानिवृत्त दरोगा का मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**भागलपुर।** जिले के अकबरनगर थाना क्षेत्र के रसीदपुर गांव के समीप एनएच 80 मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार को सिंगला कंपनी के हाईवा ने सेवानिवृत्त दरोगा मोहम्मद मुर्शीद आलम को धक्का मार दिया। जिसके बाद मुर्शीद आलम का मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और मुख्य सड़क मार्ग को जाम कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलने पर सुल्तानगंज, अकबरनगर और शाहकुंड थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बचझाकर शांत कराया। करीब 4 घंटे बाद सड़क जाम को हटाया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवा के चालक पवन सिंह का जमकर पिटाई कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक पवन सिंह को गंभीर अवस्था में मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक के परिजन को मुआवजा राशि जब तक नहीं दिया जाएगा तब तक सड़क जाम नहीं हटाया जाएगा। इसके बाद मौके पर अंचला अधिकारी रवि कुमार, सुलतानगंज, शाहकुण्ड, अकबरनगर थाना पुलिस एवं सिंगमला कंपनी के कई कर्मी मौके पर पहुंच कर मुआवजा राशि देने का आश्वासन देने के बाद सडक जाम को हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है।

## संकुल केंद्र झुमरीतिलैया में शिव तारा के प्राचार्य को किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया संकुल केंद्र में शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के नवनियुक्त प्राचार्य अजय कुमार पाठक का विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पहले अजय कुमार पाठक जरीडीह में कार्यरत थे। इस दौरान गुरूवार को विद्यालय के वरीय आचार्य रामानुज पांडे के द्वारा अंग वस्त्र प्रदान किया गया। वहीं विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा दैनंदिनी व एक लेखनी भेंट स्वरूप दी गई। वहीं प्राचार्य पाठक ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज मैं इस स्वागत समारोह से अभिभूत हूं। संकुल केंद्र के द्वारा मेरा जो सम्मान किया गया है वह अविस्मरणीय है। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने कहा की हम प्राचार्य पाठक का हृदय के अंतरिम गहराइयों से सम्मान करते हैं। मौके पर रजनीश कुमार पांडे, प्रिंस रवि शंकर, अरुण झा, आचार्य प्रदीप कुमार पांडेय, डॉ. धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र मिश्र, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, उमाशंकर कुमार, प्रणव प्रभास, मुन्ना सिंह, रिमझिम सिंह, सोनिया कुमारी, मोनिका कुमारी, शर्मिष्ठा शाहा, चंद्र कावेरी निहाल, अर्चना सिन्हा समेत सभी आचार्य दीदी एवं अन्य मौजूद थे।

## विपक्ष की हवा निकलने वाली है, बीजेपी करेगी 400 पार : मरांडी

**सतगावां (कोडरमा)।** झारखंड बीजेपी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुवार को बासोडीह हटिया मैदान में जनसभा की और लोगों को अन्नपूर्णा देवी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जैसे-जैसे वोटिंग की घड़ी नजदीक आने लगी है, वैसे-वैसे राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश अयक्ष बाबूलाल मरांडी ने सतगावां में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एक तरफ जहां केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनवाई, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास की जो गाथा लिखी है, उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की और उन्नति के लिए मोदी सरकार को वोट देना जरूरी हैं। विपक्ष ने हमेशा देश को लूटने का काम किया है। वहीं बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि विपक्ष की हवा निकलने वाली है और भाजपा अपने 400 के आंकड़े को जरूर पूरा करेगी। वहीं लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, संयोजक रामचंद्र सिंह, विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, रमेश हर्षार, प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, बालगोविंद यादव आदि ने सभा को संबोधित किया। वहीं सभा की अध्यक्षता व संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, विनोद यादव, अनिल यादव, राजेश यादव, बालमुकुंद सिंह, रंजीत सिंह, प्रहलाद सिंह, नरेश यादव, प्रदीप यादव समेत कई कार्यकर्ता व भारी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद थे।

# इंडी गठबंधन ने वोट जेहाद के लिए उकसाया

## गरीबी, मुस्लिम तुष्टिकरण, आरक्षण और संविधान को लेकर मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला

एजेंसी

**वल्लभविद्यानगर।** प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आणंद के वल्लभविद्यानगर स्थित शास्त्री नगर में चुनावी सभा संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। गरीबी, मुस्लिम तुष्टिकरण, आरक्षण और संविधान के मामले में कांग्रेस को घेरा। मोदी ने इंडी गठबंधन ने लोगों को वोट जेहाद के लिए उकसाया है। इंडी गठबंधन ने मुसलमानों को एकजुट होकर वोट देने को कहा है। लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद वोट जिहाद के लिए कहा गया है। यह जिहाद किसके खिलाफ होता है, आप सभी अच्छी तरह जानते हैं। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन ने लोकतंत्र के उत्सव में वोट जिहाद की बात कर लोकतंत्र और संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस के एक भी नेता ने इसका

**▶▶ 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी आयोग के लिए सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया था**

विरोध नहीं किया है, उन्होंने इसकी मूक सहमति दी है। यह वोट जिहाद भी कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाती है। मोदी ने कहा कि वर्ष 1990 से पहले कांग्रेस ने ओबीसी के लिए आए सभी प्रस्तावों को ठुकरा दिया। ओबीसी समाज अपने लिए ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग की लेकिन यह काम वर्ष 2014 के बाद ही हो पाया। इसके कारण ओबीसी समाज कांग्रेस से दूर चला गया और वे सभी भाजपा के लिए अब ताकत बन चुके हैं। इसी तरह कांग्रेस ने आदिवासी समाज की भी अवहेलना की है।

मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस की सरकार रही, एक बड़ा हौवा था पाकिस्तान के रूप में। आज पाकिस्तान के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है।



जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था आज आटे के इम्पोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है। जिसके हाथ में बम-गोला था, उसके हाथ में भीख का कटोरा है। कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। मोदी की मजबूत सरकार डोजियर में समय खराब नहीं करते, आतंकियों को घर में घुस कर मारते हैं। उन्होंने कहा कि देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज और 10 साल भाजपा का सेवाकाल देखा। वो शासनकाल था यह सेवाकाल है। कांग्रेस के समय गरीब 60 प्रतिशत ग्रामीण आबादी के पास टॉयलेट नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने इस देश में शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस 3 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल यानी 20 प्रतिशत से कम घरों में पहुंचाई पाई। 10 साल में यह संख्या 14 करोड़ घर हो चुकी है। यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है। 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, कब्जा कर लिया और कहा कि गरीबों का होना चाहिए यानी राष्ट्रीयकरण कर लिया। गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने के बाद भी 60 साल में कांग्रेस करोड़ों गरीब लोगों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से अधिक जनधन जीरो बैंलेंस से खाते खोले। कांग्रेस के प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री थे, लेकिन गुजराती, चाय वाले ने देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। मोदी ने गुजराती में बोलते हुए सभा में आए लोगों को साधा। गुजरात में मुख्यमंत्री काल की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि जब वे गुजरात में काम करते थे तो एक मंत्र था कि भारत के विकास के लिए गुजरात में विकास होना चाहिए। अब जब उन्हें देश का काम सौंपा है तब उनका एक ही सपना है कि 2047 में जब भारत की आजादी का 100 वर्ष पूरा हो तो हमारा हिन्दुस्तान विकसित भारत होना चाहिए और गुजरात भी विकसित होना चाहिए।

### प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को दी तीन चुनौती

मोदी ने कहा कि वे कांग्रेस को तीन चुनौती देते हैं। पहली चुनौती है कि कांग्रेस देश को यह लिखित गारंटी दे कि वे संविधान बदल कर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। देश को बांटने का काम नहीं करेगी। दूसरी चुनौती है कि कांग्रेस देश को लिखित दे कि वह एससी, एसटी और ओबीसी को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी नहीं करेगी। उनका अधिकार नहीं छिनेगी, डाका नहीं डालेगी। तीसरी चुनौती है कि जिन जिन राज्यों में कांग्रेस और उनके साथियों की राजनीति है वे वोटबैंक की राजनीति नहीं करेंगे। वे ओबीसी का कोटा काटकर मुस्लिमों को आरक्षण नहीं देंगें। उन्होंने चुनौती भरे लहजे में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि माथे पर संविधान लेकर नाचने से बात नहीं बनती है, संविधान के लिए जीना, मरना यदि सीखना है तो उन्हें मोदी के पास आना होगा।

### माथे पर संविधान रखकर नाच रहे कांग्रेस के शाहजादे

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ किए। सरदार साहब जल्दी चले गए इसलिए देश को बड़ा नुकसान हुआ। इसलिए मेरे मन में कसक है कि सरदार साहब के सपने पूरा करना है। कांग्रेस के शहजादे माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं आजकल लेकिन कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो क्या इस देश में 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर यह संविधान लागू होता था? मोदी के आने के पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे और दो प्रधानमंत्री थे। कांग्रेस ने देश में संविधान लागू होने नहीं दिया था। कश्मीर में हिन्दुस्तान का संविधान लागू नहीं होता था। अनुच्छेद 370 दीवार बनकर बैठी थी। हमने 370 जमींदोज कर सरदार साहब को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि दी है।

# चार जून से कांग्रेस ढूढ़ो यात्रा पर निकलेंगे राहुल बाबा : शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री बोले, 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं मोदी

एजेंसी

**बरेली ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इंडिया समूह की करारी हार तय है और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चार जून से कांग्रेस ढूढ़ो यात्रा पर निकलेंगे। बरेली में जनसभा संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरूआत तो भारत जोड़ो यात्रा से की थी लेकिन चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा शुरू होगी। उन्होंने कहा कि बाबा अलखनाथ नाथ और बाबा त्रिवटीनाथ की भूमिका को प्रणाम, महाभारत की यह भूमि है। हमारे सामने इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। राहुल बाबा ने चुनाव से पहले भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की 4 जून के बाद कांग्रेस ढूंढ़ो यात्रा से समापन होगा। इस बार नरेंद्र मोदी 400 से बहुत आगे निकल रहे हैं। श्री शाह ने अधिकाधिक

**राहुल, प्रियंका व अखिलेश वोट बैंक के डर से अयोध्या नहीं आये**

मतदान की अपील करते हुये कहा कि एक-एक वोट भाजपा चुनाव चिन्ह कमल पर जानी चाहिए। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। यह चुनाव आतंकवाद में नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। जब जब यहां आया हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं। 70 साल से कांग्रेस राम मंदिर के मसले को भटका रही थी, लटका रही थी। आपने दूसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हुई। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव, राहुल बाबा और प्रियंका गांधी को निमंत्रण दिया लेकिन यह प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आये क्योंकि



वहां जाएंगे तो इनको वोट नहीं मिलेगा। । श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस कश्मीर में धारा 370 को हटाने के खिलाफ थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 370 हटाई। पूरे कश्मीर में आज हमारा तिरंगा शान से लहरा रहा है। मोदी ने देश को आतंकवाद से मुक्त कर दिया। सोनिया और मनमोहन की सरकार में आतंकी घुस जाते थे और धमाके करते थे। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ गरीबों को अनाज देने का काम किया।

## सनातन का अपमान कर रही कांग्रेस का जनता करेगी विसर्जन : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के भगवान राम पर दिए गए बयान पर गुरुवार को पलटवार किया। उन्होंने इसे सनातन परंपरा पर ठेस और अपमानित करने वाला बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम और शिव को एक-दूसरे का विरोधी बताने वाली कांग्रेस हमेशा बांटो और राज करो की नीयत से काम करती आई है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने शिव की आराधना की। भगवान शिव ने भी राम की उपासना की। राम और शिव अलग-अलग नहीं हैं। कांग्रेस लगातार सनातन को अपमानित करती है। भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना कांग्रेस की प्रवृत्ति है। खड़गे को कांग्रेसी संस्कार में जो प्राप्त हुआ है वही बात वे अपने भाषणों में कह रहे हैं। यह सब कांग्रेस के पतन की नई शुरूआत है। कांग्रेस का लोग विसर्जन करने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि खड़गे ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ में भगवान शिव और राम को लेकर अपनी टिप्पणी की थी। खड़गे ने कांग्रेस उम्मीदवार शिवकुमार डहरिया की तुलना भगवान शिव से की।

# भाजपा ने बृजभूषण सिंह को बेटे को दिया टिकट

**रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्रों से गुरुवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इन सीटों पर पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। दोनों सीटों पर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 03 मई है। पांचवें चरण में रायबरेली, कैसरगंज, अमेठी समेत देशभर की 49 सीटों पर मतदान होगा। उल्लेखनीय है कि दिनेश प्रताप सिंह पहली बार कांग्रेस के टिकट 2010 में और दूसरी बार 2016 में एमएलसी बने। वर्ष 2018 में दिनेश प्रताप ने कांग्रेस छोड़



भाजपा का दामन थाम लिया और 2019 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के मुकाबले लोकसभा का चुनाव लड़ा। वहीं, बृजभूषण सिंह महिला पहलवानों के आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिस कारण उनका टिकट कटा है।

# हेमा मालिनी ने शादी की 44वीं सालगिरह पर शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर कपल हेमा मालिनी और धर्मेंद्र 2 मई को शादी की 44वीं सालगिरह सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस मौके पर ड्रीम गर्ल ने एक प्यारा इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया। हेमा ने इंस्टा पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उनकी धर्मेंद्र के साथ कुछ पुरानी और कुछ अनदेखी तस्वीरें थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि आज हमारी 44वीं शादी की सालगिरह। इस सफर में दो खूबसूरत बेटियां और प्यारे नाती-नातिन है और हम प्यार भरी दुनिया में खोए हुए हैं! हेमा ने कहा कि हमारे फैंस का प्यार और उनका समर्थन लगातार बरकरार है! मैं जीवन से और क्या मांग सकती हूं? जिंदगी में इस तरह के उपहार के लिए भगवान को दिल से शुक्रिया। धर्मेंद्र और हेमा ने लगभग 28 फिल्मों में एक-साथ काम किया है। वे पहली बार 1970



में तुम हसीन मैं जवान के सेट पर मिले और प्यार हो गया। तुम हसीन मैं जवान' के बाद वे 'नया जमाना', 'राजा जानी', 'सीता और गीता', 'शोले', 'चरस', 'जुगनू', 'आजाद' और 'दिल्लगी' जैसी फिल्मों में साथ नजर आए। उनकी एक साथ आखिरी फिल्म 'शिमला मिर्ची' थी, जो 2020 में रिलीज हुई, इसमें हेमा ने टाइटल रोल निभाया और धर्मेंद्र ने कैमियो किया। दोनों ने 1980 में आज ही के दिन शादी की थी। इस कपल की दो बेटियां हैं, ईशा देओल और अहाना देओल।

## रामलला मंदिर निर्माण एक बड़ी सभ्यतागत उपलब्धि : नृपेंद्र मिश्रा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में रामलला मंदिर के निर्माण को एक बड़ी सभ्यतागत-उपलब्धि बताते हुए कहा है कि इससे न केवल भारत के सभी समुदायों, बल्कि विश्व के लोगों की भी भलाई ही होगी।

श्री मिश्रा उपभोक्ता हित और बाजार प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन कट्स इंटरनेशनल की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां आयोजित व्याखानमाला का 12वां व्याख्यान दे रहे थे। कट्स की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मिश्रा ने कहा कि श्री रामलला मंदिर के महत्व को सभ्यतागत संदर्भ में समझने की जरूरत है।

# पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी देंगे मुफ्त : अखिलेश

**बदायूं ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बदायूं में आदित्य यादव के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान और हमारी-आपकी जान के पीछे पड़े हैं। ये संविधान बदलना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कोविशील्ड वैक्सीन के 'साइड इफेक्ट्स' को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने वैक्सीन लगवाई, वो लोग भी भाजपा के खिलाफ मतदान करेंगे। यह भाजपा वाले आपदा में अवसर देख रहे थे। भाजपा के लोग कहते हैं कि 80 करोड़ लोगों को राशन बांटा। दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हम गरीबी रेखा से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पौष्टिक आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। उन्होंने कहा कि यह सदन



में आरोप लगा रहे थे कि 46 में 56 एसडीएम यादव हो गए, हमने कहा मुख्यमंत्री जी वह सूची कहां है? उस दिन से आज तक बताओ क्या सूची जारी की? शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव हम सबके बीच में नहीं हैं, अगर होते तो चुनौतियां हवा में उड़ जाती। आप सब लोगों को अखिलेश में नेताजी को देखना होगा और डटकर चुनौतियों से मुकाबला करना होगा।

# परमाणु युद्ध हुआ तो अमेरिका में 75% नागरिकों की हो सकती है मौत

## शीत युद्ध काल के एक भयावह मानचित्र में भविष्यवाणी

एजेंसी

**कैलिफोर्निया।** शीत युद्ध काल के एक भयावह मानचित्र में भविष्यवाणी की गई है कि परमाणु युद्ध की स्थिति में अमेरिका का एक बड़ा हिस्सा रेडियोधर्मी तत्वों के प्रभाव में आ जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सबसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले 75% नागरिकों की मौत हो सकती है। शीत युद्ध की समाप्ति के बावजूद, रूस के यूक्रेन पर आक्रमण और इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव जैसी हालिया घटनाओं ने संभावित परमाणु युद्ध की आशंकाओं को फिर से जगा दिया है। परमाणु शक्तियों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन शामिल हैं, साथ ही पाकिस्तान, भारत और उत्तर कोरिया के पास भी परमाणु क्षमताएं हैं। ऐसा भी माना जाता है कि इजरायल के पास

**▶▶ रूस के यूक्रेन पर आक्रमण और इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव से संभावित परमाणु युद्ध की आशंकाओं को फिर से जगा दिया**

**▶▶ परमाणु शक्तियों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन शामिल हैं, पाक, भारत और उ.कोरिया के पास भी क्षमताएं**

परमाणु हथियार हैं, हालांकि इसकी कभी सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है। इस बीच, ईरान अपने यूरेनियम-संवर्धन कार्यक्रम का विस्तार करना जारी रखे हुए है। ऐसी आशंका है कि ईरान के पास परमाणु बम बनाने जितना यूरेनियम मौजूद है, लेकिन वह प्रतिबंधों के डर से अपनी ताकत का सार्वजनिक प्रदर्शन करने से कतरा रहा है। एक भयावह चेन रिएक्शन



ने अमेरिका पर परमाणु हमले के विनाशकारी प्रभाव का खुलासा किया है, जिसमें शिक्षाविदों ने विस्तार से बताया है कि पूरे देश में विकिरण कैसे फैलेगा। नक्शा मौजूदा हवाओं द्वारा संचालित संभावित गिरावट प्रक्षेपवक्र को दशार्ता है। शोधकर्ताओं ने कहाः हमने सामान्य धारणा बना ली है कि 1,116 अमेरिकी मिसाइल साइलो और मिसाइल प्रक्षेपण-नियंत्रण केंद्रों में से प्रत्येक पर दो 0.5-मेगाटन वॉरहेड से हमला किया जाएगा।

**रूस से सबसे ज्यादा खतरा :** बता दें कि उस समय, सोवियत संघ के शस्त्रागार में लगभग 3,000 ऐसे हथियार थे। मानचित्र पर काले रंग में चिह्नित क्षेत्र इंगित करते हैं कि विकिरण का स्तर 3,500 रेड्स से ऊपर बढ़ सकता है। अध्ययन में गंभीर भविष्यवाणी की गई है कि इस क्षेत्र के भीतर... तीन-चौथाई से अधिक आबादी मर जाएगी। वैज्ञानिकों ने विनाश के गणित को आगे समझायाः ₹परमाणु विस्फोट बड़ी मात्रा में अल्पकालिक रेडियोधर्मिता पैदा करते हैं - ज्यादातर विखंडन उत्पादों से जुड़े होते हैं।

**रेडियोधर्मी पदार्थों की चपेट में आने से मरेंगे लोग :** उन्होंने कहा कि एयरबर्स्ट के मामले में, आग का गोला इस रेडियोधर्मिता को ऊपरी वायुमंडल में ले जाएगा, जहां से यह धीरे-धीरे महीनों से वर्षों की अवधि में वैश्विक गिरावट नामक एक व्यापक वितरण के रूप में फिल्टर हो जाएगा। पर हमले के मामले में मिसाइल साइलो जैसे तथाकथित कठिनलक्ष्य, जो उच्च दबाव का सामना कर सकते हैं।

### 1986 में वैज्ञानिकों ने जारी किया था नक्शा

1986 में, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक विलियम डौघेर्टी, बारबरा लेवी और फ्रैंक वॉन हिप्पेल ने महाद्वीपीय संयुक्त राज्य अमेरिका पर परमाणु हमले के संभावित प्रभावों की जांच करने वाला एक पेपर प्रकाशित किया। उन्होंने सिद्धांत दिया कि अमेरिकी परमाणु भंडारण स्थलों पर दुश्मन के हमले के परिणामस्वरूप मिनुटमैन मिसाइलों वाले साइलो पर सीधा हमला हो सकता है, जिससे वे साइट पर विस्फोट कर सकते थे।

## स्पीड न्यूज

### मनीष सिसोदिया की बेल पर सुनवाई आज



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। श्री सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। आप नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन से संबंधित है और दूसरे मामले की जांच सीबीआई कर रही है। दिल्ली की एक अदालत ने इससे पहले दो मौकों पर उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### 10 साल में महंगाई नहीं बढ़ी : भाजपा

नयी दिल्ली । भाजपा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस वर्ष के शासन में मौसमी कारणों को छोड़ कर अन्य किसी कारण से महंगाई नहीं बढ़ी। केन्द्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा के प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं जफर इस्लाम ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल की आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए यह बात कही। आर्थिक मामलों के जानकार श्री अग्रवाल ने कहा कि महंगाई की दर की बात करें तो भाजपा के शासनकाल में मुद्रास्फीति की दर औसतन चार प्रतिशत के आसपास स्थिर रही है जबकि वर्ष 2004 से 2014 के बीच औसत मुद्रास्फीति दस प्रतिशत के आसपास रही।

### आप का जेल का जवाब वोट से अभियान प्रारंभ

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ जेल का जवाब वोट से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया समूह के प्रत्याशी कुलदीप कुमार और जंगपुरा से आप विधायक प्रवीण कुमार ने लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट से इस अभियान की शुरुआत की।

### उमर अब्दुल्ला ने बारामूला से भरा पर्चा

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को बारामूला संसदीय सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की सभी छह सीटें जीतेगी।

### ईरान ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री पर लगाया प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान ने फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई का समर्थन करने के कारण ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स और अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ-साथ वहां की तीन कंपनियों पर प्रतिबन्ध लगाया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### शिया विद्रोही ने इजरायल पर हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक के एक शिया विद्रोही ने बुधवार को इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया के अनुसार, हमला गाजा के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया। उन्होंने दुश्मन के गढ़ों को नष्ट करने का संकल्प लिया है।

### पाकिस्तान में विस्फोट एक की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार को हुए दोहरे विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पहला विस्फोट तब हुआ जब कोयले से लदा एक ट्रक प्रांत के डुक्की जिले में एक बारूदी सुरंग से टकरा गया। दूसरा विस्फोट रिमोट-कंट्रोल से किया गया। घायलों में पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग के कई अधिकारी और खदान कर्मचारी शामिल हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




